

बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी, 7वां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ-12



कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा पांच महीने की बढ़त पर लगी रोक-12



प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग-13



दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा सनराइजर्स हैदराबाद-14


आज का मौसम
41.0° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.42
सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी 01:20 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 146, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### बैंक धोखाधड़ी: आरकॉम के दो वरिष्ठ अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गिरफ्तार अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है। केंद्रीय एजेंसी अदालत से आरोपियों की रिमांड का अनुरोध करेगी। यह जांच आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य आरोपियों से संबंधित है, जो भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है।

### उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका दौरा के दौरान समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**कोलंबो।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने श्रीलंका की अपनी दो दिवसीय यात्रा का सोमवार को समापन किया। इस दौरान उन्होंने द्वीपीय राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता की और दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। राधाकृष्णन श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले उपराष्ट्रपति हैं। वह रविवार को कोलंबो पहुंचे और राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ बातचीत की। राधाकृष्णन ने भारत की पड़ोस पहले नीति और विकासात्मक द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया।

### एमसीएक्स को कोयला एक्सचेंज गठित करने के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** अब सोना-चांदी की तरह निवेशक आने वाले समय में कोयले में भी ट्रेडिंग कर सकेंगे। सेबी ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है। एमसीएक्स ने सोमवार को कहा कि उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से निवेश की मंजूरी मिली। शेयर बाजार को दी गयी सूचना के अनुसार, जिंस बाजार एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बनाने की योजना बना रहा है। उसका नाम संभवत: एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लि. या एमसीएक्स कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. होगा। एमसीएक्स ने कहा कि वह कोयला एक्सचेंज नियमों के मसौदे के तहत न्यूनतम नेटवर्थ आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई अनुषंगी कंपनी में 100 करोड़ तक की पूंजी लगाएगा और शुरू में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगा।

### जापान में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) ऊंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) ऊंची लहर दर्ज की गई।

# किसानों को बड़ी राहत, अब बिना फार्मर रजिस्ट्री भी बेच सकेंगे गेहूं

## मुख्यमंत्री योगी का बड़ा फैसला, जिलाधिकारियों को तत्काल व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- किसी भी किसान को केवल रजिस्ट्री के अभाव में क्रय केंद्रों से अब नहीं लौटाया जाएगा वापस



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं खरीद की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को निर्देश दिया कि अब किसान बिना 'फार्मर रजिस्ट्री' के भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज (गेहूं) बेच सकेंगे। कृषि विभाग और प्रशासन के सख्त निर्देशों के बीच आए मुख्यमंत्री के इस फैसले ने उन किसानों की चिंता दूर कर दी है, जो तकनीकी कारणों से अपनी रजिस्ट्री नहीं करा पाए थे।

पिछले कुछ समय से कृषि मंत्री, मुख्य सचिव और कृषि विभाग की ओर से यह अनिवार्य किया गया था कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के गेहूं की खरीद नहीं की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के कई किसानों को असुविधा हो रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि किसी भी किसान को केवल रजिस्ट्री के अभाव में क्रय केंद्रों से वापस नहीं लौटाया जाएगा। किसान अब पहले की तरह ही अपनी उपज बेच सकेंगे।

### भीषण गर्मी में सुविधाओं के विशेष निर्देश

मुख्यमंत्री ने केवल खरीद प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि किसानों की सुविधा पर भी जोर दिया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी क्रय केंद्रों पर पीने के पानी, पंखों और छाया (छाजन) की उचित व्यवस्था हो। किसानों को केंद्रों पर बैठने और सम्मानजनक वातावरण में अपनी फसल बेचने का अवसर मिले।

### अब तक खरीद

खाद्य एवं रसद विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में खरीद की स्थिति इस प्रकार है।

**कुल खरीद** : 2.38 लाख मीट्रिक टन।

**लाभान्वित किसान** : 42 हजार से अधिक।

**कुल पंजीकरण** : अब तक 4.77 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए अपना पंजीकरण करा लिया है।

**क्रय केंद्र** : पूरे प्रदेश में 5400 से अधिक केंद्रों पर खरीद की जा रही है।

### अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मजबूत उत्पादन की संभावना और पर्याप्त भंडार को देखते हुए सोमवार को गेहूं के अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की अनुमति दे दी, जिससे कुल स्वी वापस कृत निर्यात मात्रा बढ़कर 50 लाख टन हो गई है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि गेहूं उत्पादन के अनुकूल अनुमान और उच्च भंडार उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त निर्यात की अनुमति देना उचित समझा गया।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता पर मंडराया संकट

इस्लामाबाद/वाशिंगटन, एजेंसी



- इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल
- अमेरिका ने ईरानी जहाज को कब्जे में लेने का जारी किया वीडियो
- ट्रंप बोले- ईरान ने सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटेंगे

अमेरिका और ईरान के एक दूसरे को लेकर कड़े तेवर अपनाए जाने के बीच मंगलवार को होने वाली बहुचर्चित शांति वार्ता के दूसरे दौर पर एकदिन पहले सोमवार को अनिश्चितता छाई रही। सोमवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि उनके देश ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ वार्ता के अगले दौर में भाग लेगा या नहीं। इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल

इससे पहले, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालीबाफ ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है, लेकिन नए सिरे से तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आवश्यक उपाय करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज की नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज को निशाना बनाया। सोमवार को तेहरान में बकाई ने कहा, फिलहाल, जब तक मैं आपकी सेवा में हूं, हमारे पास बातचीत के अगले दौर के लिए कोई योजना नहीं है, और इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अमेरिका कूटनीति को आगे बढ़ाने के बारे में गंभीर नहीं था और उन्होंने दो सप्ताह के युद्धविराम के उल्लंघनों का हवाला दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार तड़के ईरानी मालवाहक जहाज पर अमेरिकी हमला, ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी ये सभी युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन थे। इसी बीच ट्रंप ने कहा कि ईरान ने अगर सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटने शुरू हो जाएंगे।

### ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

# उधमपुर में 100 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 21 की मौत, 51 घायल

जम्मू, एजेंसी



- सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान चलाया
- बस में सवार थे 70 से भी अधिक यात्री, कई गंभीर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा।

पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 70 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई।

शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उधमपुर में हुआ यह दुखद सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

### रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था हादसा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि हादसा रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था। हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। उसने कहा, मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत से यात्रियों को निकाला।

## जेईई-मेन : 26 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को कहा कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 26 अभ्यर्थियों ने परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किए हैं। वर्ष 2025 में 24 अभ्यर्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

- पहले संस्करण में 13 लाख और दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में हुए थे शामिल

जनवरी में आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जबकि अप्रैल में आयोजित दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए। दोनों सत्रों में आठ लाख से अधिक सामान्य अभ्यर्थी शामिल हुए। जिन अभ्यर्थियों ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किए हैं, उनमें से पांच-पांच आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से हैं, उसके बाद चार राजस्थान से, तीन दिल्ली से और दो-दो महाराष्ट्र और हरियाणा से हैं। चंडीगढ़, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा व गुजरात से एक-एक अभ्यर्थी ने यह उपलब्धि हासिल की है। सभी 26 अभ्यर्थी पुरुष हैं। एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों का प्रतिशत नहीं, बल्कि मानकीकृत स्कोर है।

## भव्य सजावट



उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट विधि विधान से खोले जा चुके हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल सुबह 8:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसको लेकर तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। खासकर केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।


## महिला आरक्षण पर यूपी विस का विशेष सत्र 30 अप्रैल को


**लखनऊ।** योगी सरकार ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर सियासी घमासान के बीच 30 अप्रैल को विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया है। रविवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद से पारित न होन के खिलाफ चर्चा कराना है। बिल पर 528 सांसदों ने वोट किया। इसका दो तिहाई 352 होता है, लेकिन बिल के समर्थन में 298 वोट ही मिले।

# आजम-अब्दुल्ला की सजा बरकरार

**दो पैनकार्ड का मामला**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर





- एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी याचिका
- सेशन कोर्ट ने खारिज की अपील दोनों को सात-सात साल की सजा

**अमृत विचार:** दो पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट की सात साल की सजा के खिलाफ आजम और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी।

कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां की भूमिका भी सामने आई, इसके बाद उन्हें भी आरोपी बनाया। शिकायतकर्ता के अनुसार अब्दुल्ला ने फर्जी दस्तावेजों से दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले पैन कार्ड बनवाए थे। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को दोनों को दोषी ठहराते हुए 7-7 साल की सजा व 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। सजा के बाद से दोनों जेल में बंद हैं। आजम और अब्दुल्ला ने 25 नवंबर 2025 को निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने दलीलों को अपर्याप्त माना और अपील खारिज कर दी।

# एमडीएम समन्वयक और कम्प्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अरुण कुमार



निश्चय सिंह

- बीएसए दफ्तर में एंटी करप्शन टीम ने छापा मारकर 10 हजार रिश्वत लेते दोनों को दबोचा
- सहायक अध्यापिका की शिकायत पर बिछाया जाल, सदर बाजार थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**अमृत विचार :** बीएसए कार्यालय में सोमवार शाम एंटी करप्शन टीम ने छापा मारकर मिड डे मील योजना के जिला समन्वयक निश्चय सिंह और कम्प्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। पैना बुजुर्ग क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय की सहायक अध्यापिका रेनू शुक्ला की शिकायत पर बरेली से आई टीम ने जाल बिछाकर कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक इश्तियाक वारसी ने बताया कि सहायक अध्यापिका रेनू शुक्ला ने शिकायत की थी कि 20 अगस्त को उनके विद्यालय में बीईओ विनय कुमार मिश्र निरीक्षण के लिए पहुंचे थे और पूरे स्टाफ को अनुपस्थित कर दिया गया था। इसके बाद उनसे पैसे की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर 12 सितंबर को उनके दो इंक्रीमेंट रोक दिए गए और जनवरी में चयन वेतनमान भी रोक दिया गया। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर उन्होंने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। प्रभारी निरीक्षक टीम के अन्य सदस्यों के साथ योजना के तहत जाल बिछाया। इसी दौरान शाम के समय जिला समन्वयक निश्चय सिंह ने सहायक अध्यापिका से रिश्वत के रुपये लिए, जहां कम्प्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार भी मौजूद था। टीम ने दोनों को पकड़ लिया।

**जनता दर्शन** | मुख्यमंत्री ने आवास, इलाज और शिक्षा से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई के दिए आदेश

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, सभी को मिलेगा न्याय : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार इसी पथ पर चलते हुए प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।



लखनऊ में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दर्शन में पहुंचे लोगों ने आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों को उठाया, जिन पर सीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। बरेली की दीप्ति ने आर्थिक तंगी और बच्चों के पालन-पोषण की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उन्हें पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाकर समस्या का समाधान कराया जाए। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से भावुक दीप्ति ने आभार व्यक्त किया। आवास की मांग लेकर पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति को पक्का मकान दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर आवेदकों को शीघ्र लाभ दिलाया जाए। इलाज के लिए सहायता मांगने वालों के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल एस्टिमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

### अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों पर सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का भी संज्ञान लिया। ऐसे प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

न्यूज ब्रीफ

### 9 मई को होगा लोक अदालत का आयोजन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अरुण क्रांति यशोदास ने बताया कि नौ मई को सुबह दस बजे से शाम 5 बजे तक दिवानी न्यायालय पीलीभीत और ब्राहय न्यायालय पूरनपुर व बीसलपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### नारी शक्ति दीवार पर किए हस्ताक्षर

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति दीवार हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में नारी शक्ति दीवार पर हस्ताक्षर किए। प्रोफेसर नरेंद्र कुमार बत्रा, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. दिनेश कुमार, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अर्जुन कुमार, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवती को ले जाने की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री को अज्ञात युवक फुसलाकर ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# कार्रवाई की मांग ने पकड़ा जोर डीएम कार्यालय के बाहर धरना

## मरौरी गांव के ग्रामीण पहुंचे, एफआईआर दर्ज कराने की रखी मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** वन विभाग के कर्मचारियों पर बच्चों के साथ अभद्रता, मारपीट और मोबाइल-नकदी छीनने का आरोप लगाते हुए मरौरी गांव के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने वनकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। इस बीच एसडीएम सदर एवं सीओ सिटी ने धरनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। अफसरों से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मरौरी के तमाम ग्रामीण सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम कार्यालय के बाहर वन विभाग के कर्मचारियों पर बच्चों के साथ अभद्रता, मारपीट और मोबाइल-नकदी छीनने का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि बीती 03 मार्च की रात करीब 8.45 बजे गांव के कुछ बच्चे होलिका दहन के लिए जंगल सीमा से करीब एक किमी दूर तालाब किनारे सूखी लकड़ियां बीन




डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे मरौरी गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- वन दरोगा और फारेस्ट गार्ड पर मारपीट-लूट का आरोप
- एसडीएम के आश्वाशन पर माने

रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान वन दरोगा सुमित कुमार और फॉरेस्ट गार्ड सचिन अपने 4-5 साथियों के साथ वहां पहुंचे और बच्चों को पकड़ लिया। बच्चों के शोर मचाने पर जब ग्रामीण और महिलाएं मौके पर पहुंचीं, तो वन विभाग की टीम ने उनके साथ भी मारपीट की।

ग्रामीणों ने मारपीट के दौरान महिलाओं के कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान कई लोगों को गंभीर चोटें भी आईं। आरोप है कि फॉरेस्ट गार्ड सचिन ने ओमप्रकाश का मोबाइल और तीन हजार रुपये भी छीन

> ग्रामीणों की शिकायत संज्ञान में आई है। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की गई है। सीओ सदर से बात करते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **श्रद्धा सिंह**, एसडीएम सदर

लिए। ग्रामीणों ने बताया कि वे रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गए थे, जहां उनका मेडिकल तो कराया गया, लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि दोषी वन कर्मियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कराया जाए। इस बीच एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह एवं सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों अफसरों ने ग्रामीणों ने वार्ता की और उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त करने की अपील की। अफसरों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन में बाबूराम सागर, टीकाराम, कुशवीर, बेनीराम, कालीचरन, नन्हेलाल, बाबूराम, पुष्पेंद्र, छत्रपाल, वीरपाल, तेजपाल, अनिल, जितेंद्र कुमार, नितिन, तेजपाल सिंह, रवि कुमार, देवेंद्र सिंह समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधायक के पहुंचने का मचा शोर निकली अफवाह

मरौरी गांव के ग्रामीण पूर्व में ही 20 अप्रैल से अनिश्चित कालीन धरना देने की चेतावनी दे चुके थे। इसे लेकर डीएम और फिर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद को बीते दिनों ज्ञापन दिए गए थे। ऐसे में कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। दोपहर तक शोर मचा रहा कि ग्रामीणों के साथ विधायक भी पहुंच कसते हैं। इसे लेकर खुफिया विभाग के कर्मचारी भी टोह लेते रहे। हालांकि बाद में ये अफवाह निकली और जिम्मेदारों ने राहत महसूस की।

# एसडीएम के खिलाफ धरने पर बैठे अधिवक्ता

संवाददाता, बीसलपुर

- अधिवक्ता की कुर्सी पूर्ति कार्यालय के पास से हटाने को लेकर विरोध, तबादले की मांग

**अमृत विचार :** पूर्ति कार्यालय के पास से एक अधिवक्ता की कुर्सी हटाए जाने के मामले में एसडीएम का विरोध हो गया। अधिवक्ताओं ने इसे लेकर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की। एडीएम ने पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराई। फिर सीसीटीवी की मदद से आरोपी का पता लगाकर कार्रवाई करने के आश्वासन पर अधिवक्ता मान गए और धरना समाप्त कर दिया। बता दें कि एक अधिवक्ता द्वारा पूर्ति कार्यालय के पास अपनी कुर्सी व टेबल डाल ली गई थी।

जिसको किसी व्यक्ति द्वारा पूर्ति कार्यालय के सामने से उठाकर अन्य किसी स्थान पर फेंक दिया गया। इस पर अधिवक्ता भड़क गए। उन्होंने इस मामले को लेकर प्रगति बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक कर आपत्ति जताई और विरोध प्रगट किया। सोमवार को प्रगतिशील बार एसोसिएशन की सभा अध्यक्ष अवनीश शुक्ला एडवोकेट की अगुवाई में हुई। जिसमें आरोप लगाया गया कि अफजल यार खां एडवोकेट की सीट को तहसील प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ कर फेंक दिया गया। एसडीएम द्वारा इसे हटवाने की बात कही गई। इसी को लेकर अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की। इधर, तहसील पहुंचे एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी ने अधिवक्ताओं व एसडीएम नागेंद्र पांडे के मध्य वार्ता कराकर मामले का समाधान कराया। एसडीएम ने एडीएम के समक्ष स्पष्ट किया कि सीसीटीवी तहसील परिसर में लगे हुए हैं। उनकी फुटेज निकलवाकर उसके अनुसार जिस व्यक्ति ने भी अधिवक्ता की कुर्सी को हटाकर वहां से फेंका है। उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस आश्वासन पर अधिवक्ता भी शांत हो गए।

### कोर्ट के आदेश पर लूट की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम नकटिया निवासी अनिल कुमार की ओर से कोर्ट के आदेश पर थाना गजरौला में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि खेत की मेढ़ के विवाद को लेकर गांव के ही आनंद कुमार, रामसिंह, कुंभकरण व एक अज्ञात व्यक्ति लाठी, डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाने आई पत्नी नीतू वर्मा के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने पत्नी के कुंडल भी लूट लिए। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## न्यूज डायरी



### कॉलेज में सम्मानित किए गए सीबीएसई के टॉपर्स

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज का सीबीएसई 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसे लेकर सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर ने टॉपर्स को सम्मानित किया। डायरेक्ट्रेस सरोज जगोता, निदेशक डॉ. हेमंत जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद, उप-प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार यादव आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि में उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और उच्च लक्ष्यों को साधने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके शब्दों ने उपस्थित विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।



### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रविवार देर शाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अभिनेत्री पूजा ठाकरे रहीं। डॉ. रत्नेश गंगवार ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। संरक्षक डॉ. तौलेराम गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तारावती गंगवार, प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार, संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका गंगवार, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य मनोज कुमार, डिग्री कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. पातंजलि गंगवार, लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।



### सेव अर्थ की ली शपथ, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह उमंग और पर्यावरण जागरुकता के संदेश के साथ मनाया गया। बच्चों और शिक्षकों ने पृथ्वी का आकर्षक थ्री-डी मॉडल तैयार किया और सेव अर्थ का संदेश दिया। प्लेग्रुप से लेकर किंडरगार्टन के बच्चों ने पौधरोपण किया। बच्चों को रैपर को सही तरीके से काटने की विधि सिखाई गई। ये प्रदर्शन चेयरपर्सन डॉ.सोनिया गोस्वामी के पुत्र द्वारा किया गया। सेव अर्थ की शपथ और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रबंधक निशांत गोस्वामी, प्रधानाचार्य जया घोष, विष्णु प्रिया, पातीराम, अभिनव तिवारी, रितिक सिंह, राधिका शर्मा आदि मौजूद रहे।



### स्कूल में बच्चों का टीकाकरण कर बताए लाभ

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बल्लभ नगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में डीपीटी टीकाकरण का आयोजन सोमवार को किया गया। सर्वप्रथम स्कूल चेयरमैन आरके धवन, निदेशिका चारू धवन ने मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ.आलोक कुमार का स्वागत किया। पांच से छह वर्ष और दस से सोलह वर्ष की आयु के बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके लाभ भी बताए गए। आराध्या, सार्थक, अनुमेहा, लवजोत, कैलिस, उत्कर्ष, अयान्क, यश, रिदित समेत कई बच्चों ने टीका लगवाया। एसीएमओ डॉ.ज्ञान, एसएमओ डॉ. बीके मिश्रा, कमल कुमार, जिला समन्वयक राहुल सक्सेना, शाहना जमीर आदि ने टीकाकरण को सफल बनाया।










## शहर में आज

- कचहरी कोषागार के सामने सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम कांशीराम ईदगाह कॉलोनी में दरबार दोपहर 12 बजे।
- श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजन शाम 07 बजे।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** ग्राम गुलड़िया राधे निवासी राजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अप्रैल को उसके बड़े भाई कुंभकरण अपनी बाइक से कितनापुर गांव से घर लौट रहे थे। गीता देवी अनोखे लाल इंटर कॉलेज के पास पहुंचते ही बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें कुंभकरण घायल हो गए। उन्हें सीएचसी बीसलपुर से रेफर किए जाने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी

**मझोला, अमृत विचार :** गिधौर गांव स्थित शिव मंदिर में लगे दानपात्र से नकदी चोरी हो गई। इसकी होने पर गांव के ही नन्हेलाल, राजू, संजीव, सोनपाल, राधेश्याम आदि ने संयुक्त रूप से न्यूरिया थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है।

### चोरी के ई-रिक्शा के साथ युवक गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढी क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी ईदगाह निवासी मोहसीन पुत्र कल्लू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 अप्रैल को शाम छह बजे उसका ई रिक्शा घर के बाहर खडा था। इस दौरान अज्ञात युवक उसका ई रिक्शा चोरी कर ले गया। उसने ई रिक्शा की काफी तलाश की, लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के बिलगवां निवासी रजत सिंह पुत्र श्रीकष्ण को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का ई–रिक्शा बरामद किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम मगरासा निवासी 26 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र सूमेर लाल दो अप्रैल को रात आठ बजे नवाबगंज से बाइक से अपने घर आ रहा था। रास्ते में ग्राम शाही के निकट जहानाबाद मोड पर पीलीभीत की ओर से आ रही बाइक के चालक ने उसको टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश घायल हो गया था। गंभीर हालत में उसका बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मृतक के चाचा गांव निवासी दुर्गाचरण की ओर से बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्रामीण पर हमला कर किया घायल, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रास्ते के विवाद में ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। ग्राम किशनी निवासी बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल को दोपहर तीन बजे रास्ते के विवाद को लेकर गांव के नन्हेलाल, बिशना देवी, प्रेमपाल, गुड्डू ने उसकी पिटाई कर दी। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# बिजली गुल होते ही ऑक्सीजन बंद, नवजात की मौत पर हंगामा

## बरखेड़ा सीएचसी पर समय पर सही इलाज न मिलने का आरोप

- चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ के खिलाफ की लिखित शिकायत

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** प्रसव के कुछ मिनट बाद सीएचसी बरखेड़ा में नवजात की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा कर दिया। चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ की लापरवाही और समय पर सही इलाज न मिलने की वजह से नवजात की मौत होने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की गई। परिवार का कहना है कि सीएचसी में बिजली कट होने के बाद नवजात को ऑक्सीजन नहीं मिल सकी। पिता ने मामले की लिखित शिकायत एमओआईसी से की है। घटना के चलते हड़कंप मचा रहा।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम ज्योराह कल्यानपुर के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र वीरेंद्र पाल खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल की रात 9 बजे गर्भवती पत्नी गीता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी बरखेड़ा में भर्ती कराया गया था।



सीएचसी बरखेड़ा का भवन। • अमृत विचार

एडमिट कराने से पहले दिन में तीन बजे तमाम जांच रिपोर्ट दिखाई गई तो सब कुछ सही बताया गया था। इसके बाद रात करीब 9 बजे अस्पताल स्टाफ के कहे अनुसार भर्ती करा दिया गया था। इसके बाद देर रात करीब दो बजे प्रसव के बाद बेटे का जन्म हुआ।

चंद मिनट बाद ही नवजात की मौत हो गई। उनका कहना है कि चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ के द्वारा उचित देखभाल न करने और इलाज में बरती गई लापरवाही से बच्चे की जान गई। उनका कहना है कि जांच रिपोर्ट दिखाने पर सब कुछ सही बताया गया था। इसके बाद अगर हालत गंभीर हो रही थी तो रेफर क्यों नहीं किया गया। पांच घंटे बाद डिलीवरी की गई। उसे रेफर नहीं किया गया और बच्चे की जान चली गई। परिवार ने इसे लेकर सीएमओ को संबोधित शिकायत पत्र एमओआईसी को दिया है। इसमें मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर, नवजात की मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया और सभी का रोकर बुरा हाल रहा। गमगीन माहौल में नवजात के शव की अंत्येष्टि कर दी गई।

> प्रसव के कुछ देर बाद नवजात की मौत हुई है। इस मामले में परिवार की ओर से शिकायत की गई है, जिसे उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है। जिसमें लापरवाही का आरोप लगाया गया है। जिसकी जांच कराई जाएगी। फिलहाल अस्पताल में जनरेटर भी है, और ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था है।
> – **डॉ. लोकेश कुमार**, एमओआईसी बरखेड़ा

### जनरेटर चलाने की लगाई गुहार, नहीं थे इंतजाम

परिजन की मानें तो प्रसव के बाद नवजात शिशु को ऑक्सीजन दी गई थी, लेकिन कुछ मिनट बाद ही बिजली चली गई। इसे लेकर जनरेटर चलाने की भी गुहार लगाई, लेकिन व्यवस्था नहीं की गई। उनका ये भी आरोप है कि ऑक्सीजन समय से मिल जाती तो हो सकता है कि जान बच सकती थी। इस आरोप के बाद नवजात बच्चों को लेकर अस्पताल की व्यवस्था पर भी सवाल उठ गए हैं।

### पिता बोले- मासूम की मौत के बाद धमकाता रहा स्टाफ

मृतक के पिता सुनील कुमार ने इलाज में लापरवाही से हुई नवजात की मौत के अलावा स्टाफ के व्यवहार को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब बच्चे की मौत हो गई तो उन्होंने जब सवाल जवाब किए तो उनको स्टाफ ने धमकाना शुरू कर दिया। बच्चे के शव को लेकर घर जाने का दबाव बनाते रहे। एक नर्स ने ये कह दिया कि जो करना है वो कर लो लेकिन यहां से शव लेकर जाओ। उन्होंने इसे लेकर भी कार्रवाई की मांग की है।

## मोबाइल लूट करने वाले चंद घंटे में गिरफ्तार, जेल भेजा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरेली हाईवे पर देवहा नदी पुल के पास मोबाइल लूटने वाले तीन में से दो अपराधियों को सुनगढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक साथी की तलाश की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों से लूटा गया मोबाइल और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है।

बता दें कि थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम पौटा डैम निवासी अशोक कुमार पुत्र गोकुल प्रसाद रविवार शाम बाइक से पीलीभीत से अमरिया की ओर जा रहे थे। रात आठ बजे देवहा नदी के पुल पर पहुंचते ही कॉल आने पर बात करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात युवक आए और उसका मोबाइल छीन लिया। उसने घटना की सूचना सुनगढ़ी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर नरेश त्यागी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पीडित के बताए गए हुलिया और सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान की। जिसके बाद पुलिस ने टाइगर तिराहे से देवहा पुल की ओर जाने वाले मार्ग पर दबिश देकर जहानाबाद क्षेत्र के मोहल्ला मनिहारन निवासी राजेंद्र और अमरिया के मधवापुर निवासी माजिद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से छीना गया मोबाइल बरामद हुआ। लूट करने को इस्तेमाल बाइक भी मिल गई। उनका तीसरा साथी बबलू पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।

## छह साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

- एक अन्य मामले में पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ की गई
- सुनगढ़ी क्षेत्र में हुई घटनाएं, पुलिस कार्रवाई में जुटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** छह साल की बच्ची से रेलवे स्टेशन के पास चल रहे निर्माण कार्य में गले गोरखपुर के ट्रॉलीमैन ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं, सुनगढ़ी क्षेत्र में ही पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ की गई। इस मामले में भी आरोपी को जेल भेज दिया है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ मायके में आई हुई थी। पड़ोस में ही रहने वाली महिला बाहर गई थी। उसका पति 40 वर्षीय विशाल कुमार पुत्र उमेश चंद्र घर पर था। आरोपी उमेश मूलरुप से गोरखपुर जिले के थाना उड़ाघाट के गांव मोहदीपुर का रहने वाला है। वह पीलीभीत रेलवे जंक्शन पर चल रहे निर्माण कार्य में ट्रॉलीमैन के तौर पर ठेकेदार के अंडर में काम कर रहा है। पड़ोसी होने के नाते उसके घर पर खाना पहुंचाया था। कुछ देर बाद छह साल की बेटी को बर्तन लेने के लिए भेजा। आरोप है कि आरोपी विशाल ने मासूम से अश्लील हरकत की और दुष्कर्म किया। बच्ची शोर मचाते हुए घर पर आई व घटना बताई। मौके पर


पुलिस की गिरफ्त में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी।

पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि दोनों मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों के आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं, दूसरा मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 अप्रैल की शाम को वह अपने पति के साथ कार्य से बाहर गई हुई थी। घर पर उसकी पांच वर्षीय पुत्री अकेली थी। उसकी पुत्री पड़ोस में खेलने के लिए चली गई। वहां पर वह अपनी 11 वर्षीय सहेली के साथ खेलने लगी। सहेली के परिवार के लोग भी घर पर मौजूद नहीं थे। इस दौरान पड़ोस का ही ई-रिक्शा चलाने वाला कययूम पुत्र इश्तियाक आया और पीड़ित की बच्ची से अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। बच्ची के रोने पर जब उसकी सहेली वहां पहुंची तो आरोपी भाग गया। सहेली ने कॉल कर परिवार को घटना की जानकारी दी। इस पर परिवार वाले पहुंच गए। मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल व बजाज एनर्जी में अग्निशमन अधिकारी बीसलपुर उमेश चन्द्र पाठक की उपस्थिति में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का सोमवार को समापन हुआ।

ईकाई प्रमुख जितेन्द्र सिंह जादौन, बजाज एनर्जी के युनिट हेड दीपक राना ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाये जाने का कारण और बचाव के बारे में अवगत कराया। उमेश चन्द्र पाठक ने शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन


अग्निशमन यंत्र के बारे में जानकारी देते कर्मचारी। • अमृत विचार

धारण कराया गया। कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। मिल परिसर के अंदर फायर माक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## घर में घुसकर नकदी-जेवर चुराए

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** गांव पुन्नापुर निवासी धनपाल पुत्र पूरनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 18 अप्रैल को परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए थे। घर में उसकी मां सुशीला देवी अकेली थी।

रविवार को उसकी मां पड़ोस में रहने वाले उसके भाई यशपाल के घर सुबह दस बजे कुछ देर के लिए गई थी। आरोप है कि इसी बीच गांव का नितिन घर में घुस गया और कमरे में रखे एक पर्स मे एक जोड़ी सोने के टॉप्स व एक जोड़ी चांदी की जेवरी, पांच हजार रुपये को चोरी कर लिए। आरोपी मां को धक्का देकर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध कब्जे के मामले में पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सभासद ने डीएम को लिखा पत्र भू-माफिया पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बड़ा खुदागंज में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को कथित कब्जाधारकों द्वारा रोकने के बाद मामला प्रशासन तक पहुंच गया है। डीएम से हुई शिकायत के बाद नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड नंबर आठ के सभासद विपिन कुमार ने डीएम से शिकायत कर भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होनें दिए गए पत्र में बताया कि राज्य कर्मचारी आवास के लिए पूर्व में अधिग्रहित की गई जमीन पर भू-माफिया कब्जा कर उसे निजी उपयोग में ले रहे हैं। बताया गया कि नगर पालिका परिषद की ओर से जनहित में सड़क निर्माण कराया जा रहा था, जिसे कुछ लोगों ने अपनी निजी जमीन बताते हुए रुकवा दिया। सूचना मिलने पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और संबंधित जेई मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सभासद के अनुसार, वर्ष 1968 में गाटा संख्या 778, 777 और 770 समेत कई भूखंड राज्य कर्मचारी आवास के लिए अधिग्रहित किए गए थे। आरोप है कि इन जमीनों के अलावा सरकारी सड़क और नालियों पर भी अतिक्रमण कर मकान और बारातघर की पार्किंग बना ली गई है। इतना ह नहीं वर्ष 2020 में हुई जांच के दौरान कुछ हिस्सों को पैमाइश से बाहर रखा गया, जिससे कब्जाधारकों के हौसले बढ़े। साथ ही, एक प्रकरण में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान का निर्माण अधूरा छोड़कर वहां कथित रूप से अवैध गतिविधियां संचालित किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। जिसका विरोध स्थानीय लोगों ने भी जताया है। फिलहाल प्रशासन की ओर से जांच कराई जा रही है।

## महिला के घर पहुंचे युवक को परिवार वालों ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती सुनगढ़ी क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक शादीशुदा महिला की बरेली के युवक से दोस्ती हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच बातचीत होने लगी। जिसके बाद युवक महिला से मिलने के लिए उसके ससुराल पहुंच गया। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में युवक घायल हो गया। महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सुनगढी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी की बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम सेथल निवासी राशिद से सोशल मीडिया के माध्यम से जान पहचान हो गई थी। पत्नी उससे बातचीत करती थी। आरोप है कि रविवार शाम को राशिद उसकी पत्नी से मिलने घर पर आ गया। इसकी जानकारी जब उसे हुई तो ग्रामीणों की मदद से उसने आरोपी को घर पर ही पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पुलिस को दी गई तो थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह आरोपी को भीड़ से बचाया और थाने लेकर आए। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में आरोपी का इलाज कराया जा रहा है।

## एक माह बाद चोरी की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम नौगवां नबीनगर निवासी प्रेमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मार्च को दोपहर 12 बजे वह स्टेट बैंक स्टेशन रोड स्थित शाखा में रुपये निकालने गए थे। बैंक के आसपास मौजूद तीन महिला उनके पीछे बैंक में प्रवेश कर गई।

बैंक से 25 हजार रुपये निकाले। इसमें से पांच हजार पर्स में रख लिए। 20 हजार रुपये में 10 हजार रुपये अपनी मां की दवाई व अन्य काम के लिए झोले में रख ली। वह अपनी मां की दवाई लेने बाजार कटरा के पास स्थित मेडिकल स्टोर पर गए। उसका पीछा करते हुए वह महिला भी पहुंच गई। भीड़ का फायदा उठाकर उसके झोले में ब्लेड मार कर 10 हजार रुपये पासबुक आदि चोरी कर लिए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## पीटीआर-बर्दिया नेशनल पार्क के बीच साझा हुए संरक्षण के गुर

- नेपाल से आए 19 सदस्यीय दल ने जानी संरक्षण एवं प्रबंधन की बारीकियां
- चूका ईको टूरिज्म स्पॉट पर हुई भारत-नेपाल जैव विविधता संरक्षण गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भारत और नेपाल के बीच जैव विविधता संरक्षण को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नेपाल के बर्दिया नेशनल पार्क से आए 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में चल रहे वन्यजीव संरक्षण कार्यों और प्रबंधन प्रणाली का बारीकी से अध्ययन किया और अनुभवों को भी साझा किया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका बीच पर सोमवार को हुई गोष्ठी में



चूका बीच में गोष्ठी के दौरान नेपाल एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन अफसर व कर्मचारी। • अमृत विचार

नेपाल से आए दल का नेतृत्व हेमंत आचार्य ने किया। जिसमें बफर ज़ोन मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन, उपभोक्ता समितियों के अध्यक्ष, पार्क रेंजर और लेखाधिकारी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में संचालित बाघ मित्र कार्यक्रम और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों के बारे में जाना। बाघ मित्र समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने दल को बताया कि कैसे स्थानीय ग्रामीण बाघों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। वहीं ईको विकास समिति के अध्यक्ष देवव्रत सिकदर और अजमत खान ने स्थानीय समुदायों की भागीदारी और उससे होने वाले सामाजिक एवं आर्थिक बदलावों पर प्रकाश डाला। गोष्ठी के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से समुदाय आधारित ईको टूरिज्म मॉडल और मुआवजा वितरण प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं नेपाल के प्रतिनिधियों ने अपने यहां संचालित हाथी मित्र कार्यक्रम और सामुदायिक वन प्रबंधन योजनाओं के अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन टाइगर रिजर्व की बराही रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अरुण मोहन श्रीवास्तव और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

**जल जीवन मिशन** | 484 परियोजनाओं में 120 पूरी, कई जगह पाइप लाइन भी अधूरी, कुछ जगह रास्ते की समस्या तो कहीं ठेकेदार की सुस्ती ने बढ़ाई परेशानी

# चार साल में तैयार नहीं हो सके ओवरहेड टैंक, कैसे बुझेगी प्यास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2022 में स्वीकृत जल परियोजनाएं चार साल बाद भी अधूरी हैं। ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा नहीं हो सका है और कई गांवों में पाइप लाइन तक नहीं बिछ पाई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सका, जिससे भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। हालात यह हैं कि गांवों में सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, लेकिन नलों तक पानी नहीं पहुंच पाया है, जिससे लोग आज भी पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं।

जिले में जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2022 में 484 जल परियोजनाओं को मंजूरी मिली थी। करीब 550 करोड़ रुपये की लागत की इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने


न्यूरिया सहगंवा में अधूरी पड़ी ओवरहैड टैंक।


ललौरीखेड़ा ब्लॉक के रम्पुरिया मिश्र गांव में पेड़ों की वजह से परियोजना अधूरी।

के साथ पंप हाउसों का निर्माण और सोलर पैनल से संबधित कार्य कराए जा रहे हैं। कार्य कराने की जिम्मेदारी दो अलग-अलग निर्माण एंजेसियों को दिया गया था। फरवरी 2022 में फेज दो के अंतर्गत 264 जल परियोजनाओं का काम शुरु कराया गया था। मगर चार साल बीतने के बाद भी अभी फेज दो में सिर्फ 120 ग्राम पंचायतों की परियोजनाएं शुरु हो सकी है। इसी फेज की करीब 144 परियोजनाओं में अभी भी काम चल रहा है। स्थिति यह है कि यहां ओवरहैड टैंक का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। साथ ही गांवों में पाइप लाइन भी पूरी नहीं बिछ सकी है। स्थिति यह है कि सड़कें तोड़कर रख दी है, लेकिन पाइप लाइन न पड़ने से निकलना भी दूभर हो गया था। साथ ही पेयजल आपूर्ति भी बाधित है। हालांकि जिम्मेदार सीधे पंप से पानी की सप्लाई चालू करने की बात कही जा रही है, लेकिन धरातल पर हालत अलग ब्यां कर रहे हैं। इससे पूर्व में मरौरी ब्लॉक के सराय सुंदरपुर, ललौरीखेड़ा ब्लॉक के अजीत डांडी, रुपपुर कृपा में जमीन और रास्ते की वजह से विवाद बना रहा था। लंबे समय के बाद इसका निस्तारण किया गया था। जहां अभी काम अधर में पड़ा हुआ है। इसी तरह अन्य परियोजनाओं का भी यहीं हाल है।जबकि फेज दो शुरु होने के आठ माह बाद फेज थ्री को शुरु किया गया था। जिसमें 220 शेष परियोजनाओं पर काम शुरु किया गया था। मगर यहां के हालत बद से बदतर है। यहां अभी तक ओवरहेड टैंक के निर्माण तो दूर की बात। गांव में पाइप लाइन तक नहीं पड़ी है। अमरिया, ललौरीखेड़ा ब्लॉक के अधिकतर गांव योजनाएं बदहाल पड़ी हुई है। मगर जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। चार सालों से ग्रामीण शुद्ध पेयजल का इंतजार कर रहे है। मगर अभी तक उनके घरों के नल में पानी की बूंद तक नहीं आई है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन के नाम पर गांव की सड़कें तोड़ दी गई है। मगर अभी तक इस भीषण गर्मी में प्यास नहीं बुझ सकी है।

### गिधौर और रम्पुरिया में पेड़ कटान बन रहा रोड़ा

जल जीवन मिशन योजना के तहत ओवरहैंड टैंक के अधूरे निर्माण के बीच ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांव रम्पुरिया मिश्र और अमरिया ब्लॉक के गिद्धौर गांव में भी पेड़ कटान की वजह से यह परियोजनाएं अटकी हुई है।जमीन फाइनल होन के बाद यहां पेड़ कटान होना है। मगर अभी तक पेड़ कटान की अनुमति नहीं मिल पा रही थी। लंबी जदोजहद के बाद वन विभाग ने पेड़ों का मूल्यांकन करते हुए नीलामी की अनुमति दी थी। मगर वन विभाग ने जो मूल्यांकन रिपोर्ट दी है उस आधार पर पेड़ों की बिक्री नहीं हो पा रही है। ठेकेदार महंगे दाम में पेड़ खरीदने को तैयार नहीं है। अब राजस्व् विभाग के द्वारा पेड़ों को दोबारा से मूल्यांकन कराया जाना है। मगर अभी जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मामला अधर में लटका हुआ है। ऐसे में परियोजना परकाम शुरु नहीं हो सका है।

> जल जीवन मिशन योजना के तहत संचालित परियोजनाएं चल रही है। कार्यदायी संस्था की ओर से 120 परियोजनाएं पूरी कर ली गई है। जहां ओवरहैड टैंक से पानी की सप्लाई चल रही है। जबकि 150 में फनीशिंग आदि का कार्य चल रही है। फेज थ्री वाली योजनाओं को लेकर भी कार्यदायी संस्था को जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है।
> – **शफीक अहमद**, एसडीओ जल निगम

## एडीओ पंचायत, सचिव और सफाई कर्मचारियों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- संचारी रोग अभियान में फिसड्डी ग्राम पंचायतों पर सख्ती की तैयारी

**अमृत विचार :** जनपद में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। निगरानी एजेंसी की प्रगति रिपोर्ट में आठ ग्राम पंचायतों में खराब प्रदर्शन मिलने पर संबंधित एडीओ पंचायत, सचिवों एवं सफाई कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है।

जनपद में 1 अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद की सभी 720 ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य की निगरानी एजेंसी द्वारा निगरानी की जा रही है और इसकी रिपोर्ट भी रोजाना दी जा रही है। बीते कुछ दिनों से अभियान में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इधर हाल ही में निगरानी एजेंसी की रिपोर्ट में बिलसंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत नगरिया, पिपरिया सिंगीपुर, नौगमियां, पूरनपुर की ग्राम पंचायत सबलपुर मुस्तकिल रम्पुरा फकीरे, कजरी निरंजनपुर, जटपुरा, मरौरी की ग्राम पंचायत चंदोई और बरखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत ज्योहरा कल्यानपुर की बेहद खराब स्थिति पाई गई है। इधर रिपोर्ट के आधार पर डीपीआरओ रोहित भारती ने चारों ब्लाक की आठ ग्राम पंचायत के एडीओ पंचायत, सचिवों एवं सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जिन ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट खराब आई है, वहां के कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# मकान पर कब्जे की कोशिश, घर से घसीटकर बाहर लाए और पीटा

## पूर्व सभासद का बहन से चल रहा विवाद, भाजपा नेता पर हमले का आरोप

- पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई घटना का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीड़ित को घर के भीतर से घसीटकर बाहर लाते हमलावर। • अमृत विचार



पूर्व सभासद से झगड़ा करते लोग।

**अमृत विचार :** मकान पर कब्जे को लेकर चल रहे पुराने विवाद में पूर्व सभासद की भाजपा नेता ने अपने साथियों संग मिलकर पिटाई कर दी। घर से घसीटकर बाहर निकालने के बाद मारपीट की गई। आरोप है कि मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई। घटना मकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। फिलहाल मामला संज्ञान में आने पर पूरनपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

घटना पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के बंडा स्टैंड के पास की है। यहां पर दिनदहाड़े मकान पर कब्जा करने की कोशिश से जुड़ा वीडियो वायरल हो रहा है। बताते हैं कि यहां पर मोहल्ला गणेशगंज के रहने वाले कुलवीर सिंह का मकान है। मकान को लेकर विवाद चल रहा है। इसी में उन पर हमला करने का आरोप बहन और एक भाजपा नेता पर लगा है। पीड़ित के अनुसार रविवार शाम को भाजपा नेता व उसके साथियों संग उनकी बहन घर पर आ धमके। आरोप है कि मकान पर कब्जा करने की नियत से उनको पकड़ा और मारपीट की। पैर पकड़कर घसीटते हुए मकान के बाहर की तरफ लाए और हमला किया। मारपीट होता देख आसपास के काफी लोग जमा हो गए। जिसके बाद आरोपी असफल होने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घर पर लगे सीसीटीवी में घटना कैद हो गई। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। बहन समेत अन्य आरोपियों पर मकान पर कब्जा करने की कोशिश और विरोध करने पर हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। पूरनपुर कोतवाल पवन कुमार पांडेय का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों पक्षों के बीच मकान को लेकर विवाद पुराना है। जांच कराई जा रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के मामले में चर्चित रहा था नाम

जिस भाजपा नेता का नाम मकान के विवाद में पूर्व सभासद से मारपीट करने को लेकर सामने आ रहा है। वह बीते साल खासा चर्चित रहे थे। तत्कालीन एसपी अविनाश पांडेय ने अवैध तरीके से संचालित आइलेंटस सेंटरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। जिसमें 200 से अधिक एफआईआर जिलेभर में दर्ज की गई थी। विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कई लोगों पर शिकंजा कसा गया था। उसी दौरान संबंधित भाजपा नेता पर भी एफआईआर हुई थी। जिसे लेकर उनका नाम चर्चित रहा था। पूरनपुर के ही कुछ जनप्रतिनिधियों से संबंधित भाजपा नेता की करीबियों की चर्चा रहती है। अब इस मामले में खुलेआम जिस तरह से मारपीट की गई, उससे भी राजनीतिक संरक्षण के असर से जोड़कर ही देखा जाता रहा। फिलहाल पुलिस इस मामले का संज्ञान लेकर जांच में जुट गई है।

# नारी शक्ति वंदन के बारे में बताया कई बच्चे पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में सोमवार को नारी शक्ति वंदन के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता गोष्ठी की शुरुआत ग्राम प्रधान राम बेटी ने कराई। प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना, शिक्षिका प्रगति धामी ने अभिभावकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

महिलाओं को समाज में सम्मान दिए जाने, बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाने और समाज में नारी सशक्तिकरण की अलख जगाने को प्रेरित किया गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 में 70 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति के लिए बालिकाओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इसमें सुहानी, प्रज्ञा, बरखा, अलका, शकुंतला, आराध्या, योगिता, हेमलता, दीक्षा, आयुषी वर्मा, शीतल, सुहानी, गुंजन, चंदा, हेमलता, राधा, सुहानी, आस्था शर्मा आदि छात्राएं और उनके अभिभावक शामिल रहे। खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता सोनी, चंदा, गुंजन, अलका, आराध्या, राधा, आयुषी वर्मा, सोनाक्षी, बरखा, सुहानी, योगिता देवी, कला/पोस्टर प्रतियोगिता के आस्था शर्मा, चंदा, रेनू कुमारी, हेमलता, गुंजन और जावित्री को पुरस्कृत किया। अंजना शुक्ला, ममता देवी आदि मौजूद रहे।

## दंपती से मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा की रहने वाली प्रशाली पत्नी अवनीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। शाम करीब साढ़े सात बजे गांव का सुदीप कुमार, नरेश कुमार, पप्पू शर्मा आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पति को मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# महिला आरक्षण विधेयक को पारित नहीं होने देना शर्म की बात

संवाददाता, दियोरियाकलां



लभौआ में हुए कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** लभौआ में भारतीय जनाधिकार पार्टी की ओर से सोमवार को नारी सशक्तिकरण एवं जनजागरण यात्रा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। संचालन जिलाध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने किया।

नारी सशक्तिकरण जन-जागरण अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा में विपक्षी दलों द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को पारित नहीं होने देना, शर्म की बात है। एक तरफ हम महिलाओं के उत्थान की बात करते हैं दूसरी तरफ महिलाओं को सरकार में आरक्षण देने का विरोध। गरीब हो या धनवान सबको शिक्षा का एक समान अधिकार प्राप्त होना चाहिए। महिलाओं को आरक्षण मिलने से महिलाएं और सशक्त होकर अपने अधिकारों को समझने का समय मिलता लेकिन विपक्षी दलों को महिला सशक्तिकरण रास नहीं आया। प्रदेश महासचिव किरण कुशवाहा ने कहा कि जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी। इस मौके पर नीलम सिंह, सीमा देवी, पंकज कुमार गुप्ता, अजीत प्रताप कुशवाहा, ज्ञान प्रकाश मौर्य, योगेन्द्र शाक्य, कृपाल कुशवाहा, हंसराम मौर्य, रामपाल कुशवाहा, धर्मपाल वर्मा, नत्थूलाल पासवान, बृजपाल भारती, रामवीर कुशवाहा, गेंदनलाल मौर्य राजेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


# परशुराम मंदिर का होगा निर्माण, कराया भूमि पूजन



मंदिर निर्माण के लिए किया पूजन।

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर के बाबा श्यामल दास की मढ़ी पर भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण के लिए सोमवार को भूमि पूजन कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की, श्रीब्राह्मण कल्याण समिति अध्यक्ष आलोक नगाइच शामिल हुए। पंडित श्री राम कृपालु शंखधार द्वारा वेद मंत्रों उच्चारण के साथ पूजन किया गया। भगवान परशुराम की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि उनके द्वारा मंदिर निर्माण के लिए 5.51 लाख रुपये की धनराशि दान की गई है। निर्माण कार्य में अगर और धनराशि की आवश्यकता पड़ती है तो वह इसकी पूर्ति करेंगे। उन्होंने ब्राह्मण समाज के सहयोग की सरहाना की। इस मौके पर नरेश चन्द्र शर्मा, शिवेंद्र नाथ शुक्ला, राम प्रकाश पाठक, मुकेश उपाध्याय ,उमाकांत मिश्रा, सुधीर मिश्रा, प्रेमपाल शर्मा अशोक दीक्षित, राम प्रताप मिश्रा, अवनीश रतन, सुनील अवस्थी, परमेश्वरी दयाल शर्मा ,राहुल शंखधार, अवधेश भट्ट ,शिव तीर्थ उपाध्याय ,कुलदीप शुक्ला, ईशु मिश्रा, लखन लाल मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, सूर्य कान्त मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर संकीर्तन उमड़े श्रद्धालु

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना परिसर स्थित श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर पर रविवार रात अक्षय तृतीया और मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधि विधान से वैदिक मत्रों के उच्चारण के साथ पूजन किया। भजनों की प्रस्तुति दी गई।

श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर रविवार को श्रीराधा ब्रजनाथ संकीर्तन मंडल नाथ नगरी बरेली के पंडित अजय कुमार शर्मा के द्वारा पूजन कराया गया। दरोगा सुभाष चंद्र पाठक, उनकी पत्नी विनीता पाठक, पुत्री काजल पाठक, कोमल पाठक, कमलेश कुमार शर्मा, आलोक गुप्ता, इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई, मंदिर के पुजारी अवधेश कुमार तिवारी, पल्लव जायसवाल, राजेश कुमार भारद्वाज आदि शामिल हुए।

# बाल अधिकारों की आवाज गूंजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बाल अधिकारों की जानकारी देतीं शिक्षिकाएं।

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के तहत ललौरीखेड़ा और बरखेड़ा ब्लाक के गांवों में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया गया।

ललौरीखेड़ा ब्लाक के गांव पौटाकलां में सोमवार को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक में चाइल्ड हेल्पलाइन के पर्यवेक्षक राहुल मौर्य कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन और स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। आउटरीच कार्यकर्ता रुबीना ने सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला सुरक्षा के बारे में बताया। वहीं बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम ज्योरह कल्यानपुर में प्राथमिक विद्यालय में समिति की बैठक हुई। महिला कल्याण विभाग के अभिषेक शुक्ला और संजय सिंह ने ग्रामीणों को 1098, 1090, 112, और 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की बताई गई। कहा गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसके दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतने पड़ते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाएं मौजूद रहीं।

## मेडिकल कॉलेज भवन में जल्द शिफ्ट होगा महिला अस्पताल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिला महिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन में शिफ्ट करने की लंबे समय से प्रतीक्षित प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी बाधा को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही कार्यदायी संस्था को तलबकर लिफ्ट संचालन का ट्रायल अपने समक्ष करवाया तथा तकनीकी खामियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण शिफ्टिंग प्रक्रिया को किसी भी दशा में इस माह के अंत तक पूरा किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

# टेंडर की आड़ में सड़कें बदहाल, हादसों का खतरा

## शहर का हाल: जीजीआईसी और आर्य कन्या चौराहा मार्ग लंबे समय से गड्ढों में तब्दील, जिम्मेदार बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर की सड़कों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। खासकर प्रमुख शिक्षण संस्थानों तक जाने वाले मार्गों की जर्जर स्थिति ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जीजीआईसी के सामने की सड़क और आर्य कन्या चौराहा क्षेत्र की सड़क लंबे समय से गड्ढों में तब्दील है, लेकिन जिम्मेदार विभाग टेंडर प्रक्रिया का हवाला देकर काम शुरू होने में देरी कर रहा है।

इन मार्गों से रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, खुशवक्त राय इंटर कॉलेज, शिशु मंदिर और बालिका इंटर कॉलेज जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान इसी रास्ते पर स्थित हैं। सुबह और दोपहर के समय यहां भारी भीड़ रहती है, लेकिन टूटी-फूटी सड़कें लोगों के लिए खतरा बन चुकी हैं। करीब 200 से 300 मीटर लंबा यह मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। कई जगह सड़क की परत उखड़ चुकी है। बरसात के दौरान या पानी भरने पर स्थिति और गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे आए दिन छात्र-छात्राएं फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार साइकिल और बाइक सवार भी असंतुलित होकर गिर चुके हैं। अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है। उनका कहना है कि पढ़ाई के लिए बच्चों को स्कूल भेजना मजबूरी है, लेकिन खराब सड़कों की वजह से हर दिन डर बना रहता है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने भी कई बार नगर पालिका प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

शहर वासियों की मांग है कि स्थायी समाधान के साथ तत्काल अस्थायी मरम्मत कराकर राहत दी जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। उधर, नगर पालिका परिषद के जेई समरा सईद का कहना है कि आर्यकन्या चौराहे पर एक बड़ा नाला प्रस्तावित होने के कारण सड़क का कार्य रुका है। नाले की टेंडर प्रक्रिया चल रही है, उसके पूरा होते ही सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा।



जीजीआईसी की ओर जाने वाली जर्जर सड़क। ● अमृत विचार



आर्य कन्या महाविद्यालय चौराहे पर जर्जर सड़क। ● अमृत विचार

● दुकानदारों ने कई बार पालिका प्रशासन से की है सड़क मरम्मत की मांग

### अभिभावक बोले, कभी भी हो सकता है हादसा

अभिभावक राज किशोर वर्मा, संजय कुमार, नरेश दीक्षित आदि का कहना है कि सड़कों के गड्ढों के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। प्रशासन को इसे प्राथमिकता के आधार पर बनवाना चाहिए। यह मार्ग पिछले करीब दो वर्षों से जर्जर है। कई बार पैचिंग कार्य कराया जा चुका है। बारिश होते ही सड़क फिर उखड़ जाती है।

> डेढ़ साल पहले ही करीब 20 लाख रुपये की लागत से जीजीआईसी जाने वाली सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़कों की मरम्मत के लिए बजट एक साथ जारी किया जाता है। संबंधित मार्ग का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है और स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। –**संजय कुमार**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लखीमपुर।

## आरटीई के तहत अंतिम चरण में दाखिले की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● अधिकांश बच्चों को मिल चुकी सीट कुछ ने खुद छोड़ा मौका शेष अभिभावकों को जल्द प्रवेश पूरा कराने की हिदायत

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी विद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। इस सत्र में चयनित अधिकांश बच्चों का नामांकन पूरा हो गया है, जबकि कुछ अभिभावकों द्वारा अब तक प्रवेश नहीं लिया गया है। विभाग ने ऐसे सभी अभिभावकों से शीघ्र विद्यालयों में संपर्क कर प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई समय पर शुरू हो सके।इस वर्ष कुल 1040 छात्र-छात्राएं पात्र पाए गए थे, जिनमें से अब तक 915 बच्चों का प्रवेश निजी विद्यालयों में कराया जा चुका है।

वहीं करीब 190 बच्चे ऐसे हैं, जिनका नामांकन अभी शेष है। इसके अलावा 35 अभिभावकों ने अपने बच्चों का दाखिला कराने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है, जिसके चलते कुछ सीटें खाली रह गई हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई थी। पहले चरण में 1371 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 780 को पात्र घोषित किया गया और लॉटरी के माध्यम से 544 बच्चों को सीटें आवंटित की गईं। दूसरे चरण में 805 आवेदन आए, जिनमें 360 पात्र पाए गए। तीसरे चरण में 677 आवेदनों में से 317 बच्चों को पात्र मानते हुए सीटें दी गईं, जबकि कुछ पात्र बच्चों को सीट उपलब्ध नहीं हो सकी। विभाग का कहना है कि जिन अभिभावकों ने अब तक अपने बच्चों का दाखिला नहीं कराया है, उन्हें लगातार सूचना दी जा रही है। समय रहते प्रवेश न लेने पर बच्चों का शैक्षिक सत्र प्रभावित हो सकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहती हैं और चयनित बच्चों का प्रवेश लेना स्कूलों के लिए अनिवार्य है। यदि कोई विद्यालय दाखिले से इनकार करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 16 केंद्रों पर 25-27 तक होगी होमगार्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की जिले में 16 परीक्षा केंद्रों पर 25, 26 एवं 27 अप्रैल को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सोमवार को अटल सभागार में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

सीडीओ ने कहा कि परीक्षा संचालन से जुड़े नियमों का सभी अधिकारी गहन अध्ययन कर लें और किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की चूक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, नोडल अधिकारी (पुलिस)/एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, स्टैटिक ओर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक शामिल हुए।



बैठक में दिशा निर्देश देते सीडीओ अभिषेक कुमार। ● अमृत विचार

● अटल सभागार में हुई बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश

## बेसिक विद्यालयों का समय बदला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त विद्यालय अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक ही संचालित होंगे। यह व्यवस्था 21 अप्रैल से लागू कर दी गई है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि लू और तेज धूप के प्रकोप को देखते हुए छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि नए समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

## लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं पर भड़का संगठन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

● सख्त कानून बनाने और कठोर कार्रवाई की उठाई मांग

**अमृत विचार :** जिले में लव जिहाद से जुड़े मामलों को लेकर सख्त कानूनी और प्रशासनिक प्रावधान लागू करने की मांग तेज हो गई है। हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें अवैध धर्मांतरण और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर ठोस कदम उठाने की अपील की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में कथित तौर पर प्रलोभन, छल या दबाव के जरिए धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक जनपद में ऐसे मामलों की सुनवाई और जांच के लिए विशेष पुलिस थानों की स्थापना की मांग की गई है। साथ ही हर जिले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट गठित कर जांच सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

ज्ञापन में यह भी मांग उठाई गई है कि इन मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएं, जहां छह माह के भीतर ट्रायल पूरा करने की व्यवस्था हो। इसके अलावा इस प्रकार की गतिविधियों में सहयोग या प्रोत्साहन देने वालों जैसे षड्यंत्रकर्ता, आर्थिक मदद करने वाले या फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है।

प्रस्तावों में फर्जी पहचान को विशेष अपराध घोषित करने, अभिभावकों की भूमिका तय करने और प्रेम विवाह के मामलों में पूर्व सूचना अनिवार्य करने जैसे बिंदु भी शामिल हैं। साथ ही विवाह की पुष्टि के लिए दो स्वतंत्र साक्षियों की अनिवार्यता और जिम/व्यायामशालाओं के विनियमन की मांग भी उठाई गई है, ताकि महिला सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ज्ञापन के अंत में विवाह हेतु धर्मांतरण के मामलों में स्पष्ट नियमावली बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन पर कई लोगों के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। इस दौरान एडवोकेट राहुल तिवारी, सुबोध कुमार पाण्डेय, महंत रोहित गिरी, संजीव अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने जाते पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## डिग्री परीक्षाओं से पहले कॉलेजों में हलचल तेज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● अनुचित साधनों पर रखी जाएगी सख्त निगरानी

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा संस्थानों में आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। परीक्षाओं की संभावित तिथि नजदीक आते ही एक ओर जहां छात्र-छात्राएं तैयारी में पूरी तरह जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ कॉलेज प्रशासन भी परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। विश्वविद्यालय स्तर से जारी कार्यक्रम के अनुसार इसी महीने के अंतिम सप्ताह में परीक्षाएं शुरू होने की संभावना है, जिसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं।

कॉलेजों के नोडल प्रभारी और प्राचार्यों का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुरूप ही व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस बार स्नातक और परास्नातक दोनों वर्गों के द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए कक्ष निर्धारण से लेकर पर्यवेक्षकों की तैनाती तक की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पूरी परीक्षा कराई जाएगी। इसके अलावा सचल दल भी सक्रिय रहेगा, जो समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण करेगा। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की कोशिश को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 147 प्रगणक, सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य की दी जानकारी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सोमवार को पहले दिन प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया गया।

नगर के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में स्थानीय स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर्स ने मकान सूचीकरण, परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्र करने, डेटा संकलन की प्रक्रिया तथा विभिन्न प्रपत्रों को सही तरीके से भरने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही डिजिटल माध्यमों के उपयोग और निर्धारित दिशा निर्देशों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है।

उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का आह्वान किया। सभी को एंड्राइड मोबाइल फोन, पावर बैंक साथ रखने की सलाह दी गई।

नगर क्षेत्र में जनगणना नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी, चार्ज अधिकारी संजय कुमार की देखरेख में होगी। 49 प्रगणक, सुपरवाइजर के तीन बैच बनाए गए हैं, जिनमें कुल 147 सुपरवाइजरो, प्रगणकों को सोमवार 20 अप्रैल से बुधवार 22 अप्रैल तक ट्रेनिंग दी जाएगी। जलकल विभाग के अवर अभियंता आदर्श कुमार मिश्रा, इंजीनियर अनिल कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



गोला के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण में मौजूद प्रगणक और सुपरवाइजर।

## गर्मी के चलते मदरसों का समय बदला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए मदरसों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब मदरसों में पढ़ाई का समय सुबह जल्दी कर दिया गया है, ताकि छात्र-छात्राओं तेज गर्मी से राहत मिल सके। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार, पहले कक्षाएं सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होती थीं, अब सुबह 7 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि नए समय की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। बताया कि जिले के सभी मदरसा प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे नए समय का पालन कराएं।

## आज कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं नवागत डीएम




कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम को विदाई देते सीडीओ व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी

**अमृत विचार:** नवागत डीएम अंजनी कुमार सिंह के मंगलवार को कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। प्रशासनिक स्तर पर उनके आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

वर्ष 2014 बैच के आईएएस अधिकारी अंजनी कुमार सिंह इससे पहले मैनपुरी के जिलाधिकारी रह चुके हैं। मैनपुरी में तैनाती से पूर्व वह राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में निदेशक के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने लखनऊ में अपर वित्त एवं राजस्व, गोरखपुर के नगर आयुक्त तथा बस्ती और बाराबंकी में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।



अंजनी कुमार सिंह, नवागत डीएम।

मैनपुरी कार्यकाल के दौरान वह एक मामले को लेकर चर्चा में आए थे, जब थाना किसनी क्षेत्र के ग्राम बहरामऊ निवासी एक महिला अपनी बेटी के साथ शिकायत लेकर उनके पास पहुंची थी। जमीन पर कब्जे के आरोप को लेकर हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस भी हुई। स्थिति को देखते हुए एहतियातन उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था, हालांकि बाद में मामला शांत होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

### स्थानान्तरित डीएम नागपाल को दी विदाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पदोन्नति पाकर देवीपाटन मंडल की आयुक्त पद पर तैनाती के चलते स्थानांतरित हुईं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सोमवार शाम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। उनके सफल एवं प्रभावी कार्यकाल को याद करते हुए सभी ने उनके कार्यों की खुलकर सराहना की। पीडी एसएन चौरसिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। निवर्तमान डीएम को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम ब्रजपाल सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान डीएम को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।

## शराब के नशे में ग्रामीण ने पत्नी को मारी गोली

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीगंज निवासी जगत बहादुर सिंह (58) सोमवार दोपहर शराब के नशे में घर पहुंचे, जहां दिन में शराब पीने को लेकर पत्नी निर्दोष सिंह (55) से विवाद हो गया। बताया जाता है कि विवाद के दौरान उन्होंने अपने पिता रामासरे सिंह की लाइसेंसी दो नाली बंदूक से पत्नी के सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही महिला गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। इसके बाद आरोपी ने पड़ोसी के बेटे से महिला को अस्पताल ले जाने में मदद मांगी। मना करने पर उसने उस पर भी फायर कर दिया, हालांकि युवक किसी तरह बच गया। दिनदहाड़े हुई फायरिंग से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबक गए। कोतवाली पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। घायल महिला को सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**अव्यवस्था** | बहराइच से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर प्लास्टिक केन और अन्य बर्तनों में भरवा रहे ईंधन

# बाहरी खरीद से सूखे पंप, धौरहरा में गहराया पेट्रोलियम संकट

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की किल्लत लगातार गहराती जा रही है। हालात यह हैं कि स्थानीय उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी ईंधन नहीं मिल पा रहा। आरोप है कि पड़ोसी जनपद बहराइच से बड़ी संख्या में लोग धौरहरा पहुंचकर प्लास्टिक केन और अन्य बर्तनों में ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे यहां कृत्रिम संकट पैदा हो गया है।

धौरहरा कस्बे में स्थित एचपी, बीपी और इंडियन ऑयल समेत चार पेट्रोल पंपों पर बीते दो दिनों में करीब चार टैंकर (लगभग 48 हजार लीटर) ईंधन की आपूर्ति हुई, लेकिन यह आपूर्ति चंद घंटों में ही समाप्त हो गई। पंपों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं और जैसे ही टैंकर पहुंचता है, भीड़ बेकाबू हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईंधन लेने वालों में बड़ी संख्या बहराइच जिले के लोगों की होती है, जो बड़ी मात्रा में पेट्रोल-डीजल भरवाकर ले जाते हैं। इससे धौरहरा और आसपास के गांवों के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोगों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। स्थिति बिगड़ती देख पेट्रोल पंप संचालकों ने 500 और 1000 रुपये तक की लिमिट निर्धारित कर दी, लेकिन इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हुई। कुछ ही घंटों में सभी पंपों पर नो स्टॉक की स्थिति बन गई। कुल मिलाकर, यदि जल्द ही प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह संकट और गहराने की आशंका है।



धौरहरा क्षेत्र के सिसैया पेट्रोल पंप पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

● दो दिन में चार टैंकर खत्म, पेट्रोल पंपों पर नो स्टॉक की स्थिति

> हम किसी को ईंधन देने से मना नहीं कर सकते। हालांकि, भीड़ बढ़ने पर लिमिट तय की जाती है। जहां तक ईंधन के बहराइच के रास्ते नेपाल भेजे जाने की बात है, इससे पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। इस पर संबंधित प्रशासन को ध्यान देना होगा। –**हिमांशु मिश्रा**, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर।

### पुलिस निगरानी में हुआ ईंधन वितरण

सिसैया स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सोमवार सुबह करीब 12 हजार लीटर पेट्रोल-डीजल का टैंकर पहुंचा। टैंकर देखते ही भारी भीड़ जुट गई, जिसमें अधिकांश बाइक सवार बहराइच जिले (यूपी-40 नंबर) के थे। स्थिति को देखते हुए पंप डीलर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में सीमित मात्रा तय कर ईंधन वितरण किया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में स्टॉक समाप्त हो गया।

### स्थानीय लोगों की बढ़ी परेशानी

धौरहरा के साथ ही सिसैया, लालजीपुरवा, कफारा और रामनगर लहबड़ी जैसे क्षेत्रों में ईंधन न मिलने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खेती-किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं, वहीं निजी और व्यावसायिक वाहन भी खड़े होने की कगार पर हैं। स्कूल जाने वाले छात्रों और छोटे व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### नेपाल भेजे जाने की आशंका ने बढ़ाई चिंता

धौरहरा। पेट्रोल पंपों पर बहराइच जिले के लोगों की असामान्य भीड़ को देखते हुए यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं यह ईंधन बहराइच के रास्ते नेपाल तो नहीं भेजा जा रहा। क्षेत्र के बड़े किसान देवाशीष त्रिवेदी, विजय जायसवाल, अनंत कुमार शुक्ला और रामकृत वर्मा सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल पंपों पर बिक्री की सख्त सीमा तय कर स्थानीय उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## प्रधान के घर में घुसकर हमले की कोशिश

**मझगई, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम बेला खुर्द निवासी वर्तमान प्रधान नीलम देवी के ससुर मूलचंद पुत्र ललई ने बताया कि रविवार शाम करीब चार बजे गांव का रामू गिरी बगौड़ी लेकर उनके घर पहुंचा। आते ही परिवार को गालियां देना शुरू कर दिया। समझाने का प्रयास किया तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे पोते अभिषेक यादव पर भी बगौड़ी से हमला करने की कोशिश की । घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी प्रधान प्रतिनिधि और उनके पोते को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अनिल सिंह पंकज ने बताया कि मामला संज्ञान में है, मौके पर दरोगा को भेजा है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा की भरमार से सड़कें जाम

### राहगीर, स्कूली वाहन और विद्यार्थी होते रहे परेशान, नगर की यातायात व्यवस्था चरमराई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में लगने वाले ऐतिहासिक चैती मेले के दौरान आय बढ़ाने की उम्मीद में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आए ई-रिक्शा चालकों के कारण नगर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। मेला समाप्त होने के बाद भी बाहरी ई-रिक्शा वापस नहीं लौटे हैं, जिससे नगर में इस समय 1000 से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। नतीजतन, सड़कों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक अशोक चौराहे से शिवम चौराहे तक आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता है। ई-रिक्शा का अनियंत्रित और बेतरतीब संचालन न केवल जाम का कारण बन रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर स्कूली विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों और आम नागरिकों पर पड़ रहा है।



गोला के शिवम चौराहे के पास सड़क पर बेतरतीब ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

ई-रिक्शा चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी, बीच सड़क पर अचानक वाहन रोकना और गलत दिशा में चलना आम हो गया है। प्रमुख चौराहों और तिराहों अशोक चौराहा, शिवम चौराहा और नानक पुलिस चौकी के पास बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा यातायात को बाधित कर रहे हैं।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा भी चिंता का विषय बन गई है। कई ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। सोमवार को नंगापुर से गोला के लखीमपुर रोड स्थित एक स्कूल जा रहे ई-रिक्शा का पिछला पहिया अचानक निकल गया। उस समय उसमें आठ बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि वाहन पलटा नहीं और चालक ने किसी तरह उसे नियंत्रित कर सड़क किनारे रोक लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

नगर में कई ई-रिक्शा चालक बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रत्येक ई-रिक्शा पर मालिक या चालक का नाम और मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए, ताकि किसी घटना या दुर्घटना की स्थिति में पहचान आसान हो सके। साथ ही, नगर में संचालित सभी ई-रिक्शा का पंजीकरण नगर पालिका से कराने की मांग भी उठ रही है।

- मेला समाप्त होने के बाद भी बाहरी ई-रिक्शा नहीं लौटे

**नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

टीएसआई गोला युगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि ई रिक्शा चालकों को चौराहे और तिराहे पर खड़े नहीं होने दिया जाता है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे। इसके बावजूद चालक नियमों का उल्लंघन करते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस पर हुई संगोष्ठी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीहरि के आवेशावतार भगवान श्री भार्गव परशुराम के प्राकट्यदिवस पर हुई ज्ञानगर्भित संगोष्ठी में स्वामी सिद्धेश्वरानंद, रामबाबू पांडे ने भगवान परशुराम के विभिन्न दिव्य लीलाओं का वर्णन किया गया ।

नगर के नीलकंठ मैदान स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भगवान परशुराम की जयंती पर आचार्य शंकर भारत उद्भासक मण्डल द्वारा आयोजित संगोष्ठी में दिव्य ज्ञान से संपन्न महंत नीलकंठेश्वर महादेव वैष्णव माता मंदिर, लखनऊ एवं नागा सन्यासी, जूना अखाड़ा स्वामी सिद्धेश्वरानंद गिरि, शंकराचार्य महाभाग पुरी के शिष्य, लेखक रामबाबू पांडे ने भगवान परशुराम की दिव्य लीलाओं, धर्म के वास्तविक स्वरूप तथा ब्राह्मणत्व के उद्भासन एवं उसके महत्व के बारे में बताया।

गोष्ठी में द्विज सहायता समिति के पदाधिकारी डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, दीपक मिश्र, मनोज मिश्र, आचार्य लवकुश अवस्थी शास्त्री, मण्डल के केंद्रीय सचिव मिलिंद शुक्ल, इकाई सदस्य कमल नयन शुक्ल, अनिकेत आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी में बोलते रामबाबू पांडे।

- परशुराम की दिव्य लीलाओं का किया वर्णन

## जनसंपर्क अभियान में शिक्षकों से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- शिक्षकों में संगठन के प्रति विश्वास और सक्रियता देखने को मिली
- विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों की समस्याएं सुनीं समाधान का आश्वासन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा जिले में जनसंपर्क और सदस्यता अभियान चलाकर शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। इस पहल से शिक्षकों में संगठन के प्रति विश्वास और सक्रियता देखने को मिली।

अभियान का संचालन संरक्षक एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्याम मूर्ति शुक्ला के निर्देशन में किया गया। जिलाध्यक्ष विशाल वर्मा की अध्यक्षता और जिला मंत्री आशीष कुमार पांडे के साथ टीम ने जिले के कई माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान जिला पंचायत इंटर कॉलेज कालाआम, जिला पंचायत इंटर कॉलेज औरंगाबाद, भारतीय इंटर कॉलेज मैगलगंज, केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज जेबीगंज और श्री हनुमत इंटर कॉलेज दूल्हापुर किसान सहित कई विद्यालयों में शिक्षकों से मुलाकात की गई। शिक्षकों ने संगठन के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए इसके कार्यक्रमों में सहयोग देने का भरोसा जताया। साथ ही आगामी जनपदीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए भी शिक्षकों से भागीदारी की अपील की गई। बताया गया कि यह धरना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान संरक्षक श्याम मूर्ति शुक्ला, जिला अध्यक्ष विशाल वर्मा, जिला मंत्री आशीष कुमार पांडे समेत संगठन के पदाधिकारी और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमकोटवा निवासी युवक पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दूसरे नामजद आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह के अनुसार, पीड़ित योगेश वर्मा की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। योगेश ने पुलिस को बताया कि उसने करीब 10 महीने पहले संजीवनी रस्तोगी से प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद से ससुराल पक्ष उससे रंजिश रखने लगा था।

आरोप है कि बीते शुक्रवार शाम करीब 5:40 बजे उसके ससुर कृष्ण गोपाल रस्तोगी और उनके बेटे रवि रस्तोगी ने उसे रास्ते में रोक लिया। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान कृष्ण गोपाल रस्तोगी ने उस पर फायर कर दिया, हालांकि योगेश किसी तरह बच गया। पुलिस ने आरोपी कृष्ण गोपाल रस्तोगी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

## अक्षय तृतीया पर हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** अक्षय तृतीया पर नगर के श्रीकुल सेवा संस्थान स्थित देवी मंदिर प्रांगण में विधि-विधान के साथ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर से आए यज्ञाचार्य पं. प्रेम शंकर शुक्ल ने कुल उपासक आचार्य गोविंद माधव मिश्र के मार्गदर्शन में पांच वटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया। पश्चात भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।

श्रीकुल आश्रम से निकली शोभायात्रा काकूपुरियान रोड, नगर पालिका रोड, मालगोदाम रोड, पुलिस चौकी चौराहा, तहसील मार्ग और गुरुद्वारा गेट होते हुए पुराने बस अड्डा चौराहे पहुंची। इसके बाद चमन चौराहा और पीपल चौराहा होते हुए पुनः आश्रम पर आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर भगवान परशुराम सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। कई जगहों पर श्रद्धालुओं के लिए फल, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक, बिस्किट और पानी की व्यवस्था की गई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव और राधा-कृष्ण नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में निशांक दीक्षित, प्रशांत तिवारी, अनुज शुक्ला, विक्कू तिवारी और आकाश दीक्षित का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया।

इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष शांति स्वरूप शुक्ला, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, संदीप बंसल, गगन मिश्रा, एडवोकेट विजय महिंद्रा, धनेंद्र शुक्ला, कृष्ण कुमार गोपी, डीके श्रीवास्तव, आशीष अग्निहोत्री, संदीप वर्मा, सुनील गुप्ता, रामू वर्मा, आचार्य सोमेश मिश्रा, कपिल मिश्रा, राजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



नगर परिक्रमा के लिए निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

- भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली
- शिव तांडव और राधा-कृष्ण नृत्य ने दर्शकों को किया मुग्ध



पलिया के श्रीकुल आश्रम में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत। ● अमृत विचार

## 5 बीघा जमीन के लालच में भाई ने की बहन की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सफीपुर गांव निवासी आरोपी ने पुलिस पूछताछ में कबूला जुर्म
- मूकबधिर होने के साथ दोनों पैरों से दिव्यांग थी खुशबू

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली के गांव सफीपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां छोटे भाई ने ही अपनी दिव्यांग बहन की हत्या की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गांव सफीपुर निवासी 25 वर्षीय खुशबू, जो मूकबधिर होने के साथ दोनों पैरों से दिव्यांग थी। उसका शव कुछ दिन पहले घर में चारपाई पर पड़ा मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस की शक की सुई मृतका के छोटे भाई रंजीत पर गई। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी सिर की हड्डी टूटने से मौत की पुष्टि हुई है।

पुलिस के मुताबिक, माता-पिता की मृत्यु के बाद तीनों भाई-बहनों के हिस्से में पांच-पांच बीघा जमीन आई थी। खुशबू के हिस्से की जमीन पाने के लालच में दोनों भाई उसे अपने साथ रखते थे। आरोपी रंजीत की पत्नी ने खुशबू की देखभाल करने से इंकार कर दिया था, जिससे परिवार में विवाद बढ़ गया। इसी विवाद और जमीन के लालच में रंजीत ने अपनी बहन की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## वैश्य व्यापारी सम्मेलन भामाशाह समारोह कल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- शहर के डीसी रोड पर वंदन गार्डन में शाम छह बजे होगा कार्यक्रम

**अमृत विचारः** वैश्य समाज से जुड़े व्यापारियों और गणमान्य लोगों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से वैश्य व्यापारी सम्मेलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन 22 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम शहर के डीसी रोड स्थित वंदन गार्डन में शाम छह बजे से शुरू होगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मुख्य अतिथि, जबकि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इसके अलावा सदर विधायक योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता व वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी मौजूद रहेंगे।

नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, पलिया की अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, खैराबाद पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता और नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी भी कार्यक्रम में शामिल होंगी।

वहीं वैश्य समाज महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष बबिता शंकर गुप्ता की मौजूदगी भी रहेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप कुमार गुप्ता करेंगे। आयोजन की जिम्मेदारी संयोजक ईशान गुप्ता तथा सह संयोजक पिंकू शाह और प्रमोद अग्रवाल संभाल रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन के दौरान समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## महिला मजदूर के साथ अश्लील हरकत

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह अन्य मजदूरों के साथ ग्राम पंचायत बेला कलां में सड़क निर्माण कार्य कर रही हैं और मजदूर पंचायत भवन में ठहरे हैं। शनिवार दोपहर काम बंद कर मजदूर खाना खा रहे थे, तभी गांव का रामू गिरी वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने महिला के साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध पर गालियां देने लगा। इसके बाद उसने बगौड़ी से एक साइकिल को काट दिया और फिर मजदूर मोहम्मद फैज व अनुज कुमार की बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी अनिल कुमार पंकज ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## हाईवे पर छोटा हाथी में लगी आग

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचारः** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर उचौलिया से शाहजहांपुर की ओर लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर एक छोटा हाथी वाहन में अचानक आग लग गई, जिसमें भरा सामान जल गया और वाहन भी जल गया। ड्राइवर और वाहन स्वामी किसी तरह बच गए।

उचौलिया कस्बे में वनका गांव रोड पर इदरीस की दुकान है। वह अपना माल भरकर शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे। उचौलिया से पश्चिम दो किमी दूर टेढ़ी पुलिया के पास अचानक आवाज आई और धुआं उठा। खतरा भांपकर चालक और इदरीस स्वयं वाहन से उतर कर एक तरफ भागे कि इतनी देर में वाहन से आग की लपटें निकलने लगीं और पूरा वाहन जल गया। इदरीस के मुताबिक लगभग डेढ़ लाख का सामान वाहन में था जो जलकर राख हो गया है। वाहन भी जल गया है। फोरलेन पर आसपास से वाहन गुजरते रहे। चालक और इदरीस सुरक्षित हैं।



उचौलिया के पास नेशनल हाईवे पर जला हुआ छोटा हाथी।

- वाहन में भरा था दुकान का सामान, हो गया राख

## न्यूज डायरी

### भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** लक्ष्मी नगर कॉलोनी स्थित स्वामी रामाश्रम विद्या मंदिर के शैक्षिक हाल में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा ने भगवान महेश परशुराम के विचारों उनके द्वारा समाज सुधार में किए गए योगदान की चर्चा की। संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनीत सिंह भदौरिया ने किया। डायरेक्टर नीरज मिश्रा, प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश कुमार मिश्रा, अमित गुप्ता, डॉ. बृज गोविंद मिश्रा, डॉ. वीरेश चंद्र वाजपेयी आदि मौजूद रहे।



### रोटरी क्लब सेंट्रल ने की मदद

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के सदस्यों ने एकजुट होकर एक जरूरतमंद कन्या के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए उसे घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुएं भेंट कीं। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने बताया कि रोटरी का मूल मंत्र ही सेवा परमो धर्म है। क्लब हमेशा से असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहता है। किसी बेटी के हाथ पीले करने में छोटा सा सहयोग देना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। क्लब के पदाधिकारियों ने एक बेड, दो आरामदायक तकिए, सुंदर बेडशीट, मैट्रस, एक बड़ा स्टोरेज बॉक्स भेट किया है। इस पुनीत कार्य में क्लब के सचिव प्रमोद वर्मा, अनिल जायसवाल, जितेन्द्र गट्टानी, विवेक गुप्ता, राजीव राजपूत, कामरान ख़ान, योगेश कनौजिया, अमित वर्मा आदि ने आर्थिक सहयोग किया।





### छत्तापुर में अग्निपीड़ितों को दी मदद

**मैगलगंज, अमृत विचार :** गांव छत्तापुर में बीते दिनों लगी भीषण आग में दो परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। पीड़ित परिवारों के सामने रोजमर्रा के जीवनयापन का संकट है। इस पर बसपा युवा नेता सचिन सिंह नितिन ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही राहत सामग्री और खाद्यान्न वितरित किया। इस दौरान पुत्तू लाल गौतम, रहमत अली, मो. सलीम अंसारी, सरदार अजीत सिंह, सियाराम गौतम, संदीप गौतम, योगेंद्र सिंह कनौजिया और कुलदीप कनौजिया आदि मौजूद रहे।

### दृष्टिबाधित बालिकाओं के स्पर्श विद्यालय में प्रवेश शुरू

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दृष्टिबाधित बालिकाओं के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जनपद के नकहा ब्लॉक स्थित जगसड़ में संचालित स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। कक्षा 1, 6, 9 एवं 11 में प्रवेश के लिए आवेदन करें। आवासीय स्वरूप वाले इस विद्यालय में छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ रहने और उत्तम भोजन की सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिनसे छात्राएं लाभांवित होगी। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी/प्रधानाचार्य राजकुमार ने दी।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्कर्ष द्विवेदी होंगे जिले के नए सीडीओ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रशासनिक फेरबदल के तहत मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह का तबादला बुलंदशहर कर दिया गया है। उन्हें वहां उपाध्यक्ष बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है। शासन के स्थानांतरण आदेश के तहत उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में सोनभद्र में तैनात संयुक्त मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी को शाहजहांपुर का नया सीडीओ नियुक्त किया गया है। उनके आने से जिला में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### विजय चौहान ने एसडीओ का कार्यभार संभाला

**तिलहर, अमृत विचार :** बिजली विभाग में नवागत एसडीओ विजय चौहान ने सोमवार दोपहर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व एसडीओ कैलाश यादव को शिकायतों के बाद निलंबित किए जाने से यह पद कई दिनों से रिक्त चल रहा था। विजय चौहान के चार्ज संभालने के बाद विभागीय कार्यों में गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार दो की मौत

## लखीमपुर-भीरा मार्ग पर बस-बाइक की टक्कर, ड्राइवर बस छोड़कर फरार, कोतवाली सदर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा

संवाददाता, मूड़ा सवारान/फूलबेहड़

**अमृत विचारः** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक निजी बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें जहॉनपुर निवासी 15 वर्षीय विशाल गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर बस छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर दिया। जिससे करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। उधर, ग्राम पंचायत दुधवा मिदनिया के गांव दुधवा निवासी मोनू उर्फ मुकेश शुक्ला (29) की रविवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। वह डीसीएम (ट्रक) चालक था और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर सोमवार सुबह जहॉनपुर और दाउदपुर के मध्य सुबह सात बजे दीपक गुप्ता का पुत्र विशाल दाउदपुर से दूध लेकर अपने घर जहॉनपुर बाइक से जा रहा था। उसी समय पलिया से लखनऊ जा रही एक तेज रफ्तार एक निजी बस ने विशाल की बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।



घटना स्थल पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार



बस में फंसी क्षतिग्रस्त बाइक। ● अमृत विचार

टक्कर इतनी भीषण थी की किशोर की बाइक बस के नीचे फंस कर क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर बस छोड़कर फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने राजमार्ग जाम कर दिया और बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे।

- गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम दो घंटे तक बाधित रहा यातायात

जिससे राजमार्ग के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

राजमार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस के साथ सीओ भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने सड़क पर जाम लगाए लोगों को समझा बुझाकर शांत करते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए यातायात बहाल कराया। राजमार्ग पर हादसे के बाद लगभग दो घंटे तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बस चालक की तलाश जारी है।

उधर, दूसरे हादसे में कोतवाली सदर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्राम पंचायत दुधवा मिदनिया के गांव दुधवा निवासी मोनू उर्फ मुकेश शुक्ला (29) की रविवार रात मौत हो गई। वह डीसीएम (ट्रक) चालक था और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, रविवार को वह अपना वाहन खड़ा कर बाइक से गांव लौट रहा था। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के सेठघाट चौकी अंतर्गत गढ़ी मिदनिया स्थित मार्बल्स के पास करीब रात 10 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसके एक पुत्र है, जो बोल नहीं पाता है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेठघाट चौकी प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



मृतक मुकेश शुक्ला।



मृतक विशाल गुप्ता।

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

स्थानीय लोगों का कहना है कि बैराज के पास नहर पटरी पर वाहनों की तेज रफ्तार के चलते अक्सर हादसे होते रहते हैं। यहां स्पीड ब्रेकर या अन्य सुरक्षा उपाय न होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।

> सड़क हादसे में किशोर की मौत हो गई थी। गुस्साए ग्रामीण हाइवे जाम कर रहे थे, जिन्हें समझाकर जाम खुलवा दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवश्यक कार्यवाई की जा रही हैं।
> **-संतोष कुमार सिंह,** प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**धौरहरा, अमृत विचार :** थाना धौरहरा क्षेत्र के डिहुआ गांव निवासी श्याम (30) पुत्र रामू अपने चचेरे भाइयों रवी और संगम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर पतरासी, थाना शारदानगर क्षेत्र में डीजल लेने गया था। देर रात वापस लौटते समय बैराज के पास नहर पटरी पर तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे श्याम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रवी और संगम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय तीनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

# ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलग अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव सुंदरपुर निवासी देवेश शर्मा ने बताया कि उनका बड़ा भाई सोमवार की सुबह पुवायां थाना क्षेत्र के गांव अनावा को अपनी ससुराल गया था। यहां से वह दोपहर के समय बाइक से अपने साले आशीष शर्मा पुत्र नरेश शर्मा (16) को लेकर घर वापस जा रहा था। वह खुटार थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पहुंचा कि गांव में तिरछी मोड़ होने पर अचानक सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक चला रहे उमेश शर्मा बाइक सहित उछलकर रोड पर दूर जा गिरे। उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उमेश शर्मा के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया। जबकि घायल आशीष शर्मा व ई रिक्शा चालक सत्यम निवासी मियापुर संवात, थाना बंडा को पुवायां सीएचसी में भर्ती कराया। यहां पर दोनों का उपचार चल रहा है। मृतक उमेश शर्मा तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उससे छोटे देवेश शर्मा, आदित्य शर्मा, पिता श्री चंद्र शर्मा, पत्नी सुमन देवी व दो बच्चे जिसमें कार्तिक 7 वर्षीय, सार्थक डेढ़ वर्षीय को रोता बिलखता छोड़ गया।

# लाठी-डंडों से हमले में 6 लोग घायल

**भानपुर, अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के रत्नापुर गांव में सोमवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। प्रथम पक्ष के लोग एक खेत में खड़ी अपनी गेहूं की फसल काट रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में लगभग छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को बिजुआ सीएचसी पहुंचाया। घायलों में प्रथम पक्ष से सितेंद्र सिंह पुत्र स्वाधीर सिंह, गीता देवी पत्नी विजय पाल सिंह, तस्लीम पुत्र शाकिर अली (निवासी सोना खुर्द), विजय पाल सिंह और पृथ्वी पाल सिंह (दोनों निवासी रत्नापुर) शामिल हैं। द्वितीय पक्ष से सुरेंद्र सिंह पुत्र अनंत सिंह घायल हुए हैं। इस संबंध में भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, भीरा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

- करीब एक घंटा खड़ी रही ट्रेन रेलवे फाटकों पर लगा लंबा जाम

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** गोला थाना क्षेत्र के करनपुर गांव के सामने फरधान रजागंज रेलमार्ग पर पोल संख्या 156ध्11 के निकट रविवार की रात सीतापुर से मैलानी जा रही ट्रेन संख्या 55082 की चपेट में आने से करनपुर निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।



मृतक पुनीत।

करनपुर गांव निवासी पुनीत (35) पुत्र सालिकराम अज्ञात कारणों से रेलवे ट्रैक पर चलते हुए घर आ रहे थे। पुनीत को देख ट्रेन ड्राइवर ने हार्न बजाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन हादसा नहीं टल सका और ट्रेन से टकराकर पुनीत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन करीब पौन घंटा तक रजागंज हाल्ट के पास खड़ी रही। गार्ड की सूचना पर पहुंची गोला रेलवे पुलिस ने पुनीत का शव गोला पुलिस के सुपुर्द कर दिया और रेलवे ट्रैक चालू कराया।

मृतक की पहचान के लिए मौके पर पहुंची मृतक की पत्नी सोहिनी देवी ने शव की शिनाख्त की। गोला थाने के हल्का दरोगा बिजेंद्र पासवान ने पंचनामा भरवाकर शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद करीब एक घंटे रेलवे फाटक बंद रहने से सड़कों पर वाहनों की लम्बी लाइनें लग गईं, जिससे वाहनों का आवागवन बंद रहा। चल रहे शादी बारात के समय में घंटों रेलवे फाटक बंद होने पर लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की।

### चलती ट्रेन में तबियत बिगड़ने से यात्री की मौत

**पसगवां, अमृत विचार :** शाहजहांपुर सीतापुर रेलवे ट्रैक पर राजेश यादव (45) पुत्र बच्चा यादव, निवासी पतुकहिया पोस्ट पूरेनिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार अपने भतीजे के साथ हरियाणा से बिहार जा रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी तबीयत पहले से खराब चल रही थी जिसके कारण भतीजा उन्हें घर ले जा रहा था। जंगबहादुर गंज रेलवे स्टेशन के पास पहुंचते ही उनकी तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। इसकी सूचना ट्रेन में मौजूद आरपीएफ को दी गई, जिसके बाद आरपीएफ ने स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस के जरिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

# मोतीपुर बवाल में दो और आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में 14 अप्रैल को हुए बवाल के मामले में पुलिस ने दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस प्रकरण में अब तक कुल 35 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी और अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गोला के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोपियों के खिलाफ लगातार पुलिस की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 20 अप्रैल को पुलिस ने महरताला के रहने वाले सुशील कुमार पुत्र लालजी प्रसाद और बरगदिया निवासी अमित कुमार पुत्र बाबूलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सुशील के कब्जे से सरकारी हेलमेट व अमित के पास से सरकारी डंडा बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- कुल 35 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी सरकारी हेलमेट और डंडा बरामद

# बच्चे का शव रखकर हाईवे पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, सिंगाही

- अमृतनयापुरवा गांव तेंदुए के हमले में गई थी मासूम की जान
- दो घंटे बाद प्रशासन के आश्वासन पर शांत हुआ हंगामा

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव में तेंदुए के हमले में चार साल के मासूम की मौत के बाद जब शव पोस्टमार्टम होकर गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनो ने ग्रामीणों के साथ शव तिकुनिया हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और वन विभाग व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि नयापुरवा निवासी उम्मेद अली शनिवार को परिवार के साथ मजदूरी पर गेहूं कटाई करने गए थे। उनके साथ उनका चार वर्षीय पुत्र दिलशाद भी था। इसी दौरान खेत में काम करते समय तेंदुआ बच्चे को उठाकर ले गया। देर रात करीब एक बजे ग्रामीणों की तलाश के दौरान बच्चे का शव बरामद हुआ। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा है, वहीं गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही ग्रामीण उग्र हो गए। उन्होंने हाईवे जाम करते हुए मुआवजे और सुरक्षा की मांग की। सूचना पर पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग तेंदुए को पकड़ने और पीड़ित परिवार को तत्काल मदद दिलाने की मांग पर अड़े रहे।

करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद डिप्टी रेंजर हरि लाल ने मृतक के पिता के खाते में 10 दिन के भीतर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने और परिवार के एक सदस्य को नर्सरी में रोजगार देने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

मामला शांत होने के बाद देर शाम मासूम के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने और इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि परिजनों को समझाबुझाकर शांत करा दिया गया है।



तिकुनिया हाईवे पर जाम लगाए लोगों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार



मृतक के घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

# महिला दुकानदार समेत तीन को मारापीटा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- उधार सामान देने से इनकार करना पड़ा भारी

**अमृत विचारः** मझगईं थाना क्षेत्र के ग्राम कोठिया में उधार सामान देने से इनकार करना महिला दुकानदार को भारी पड़ गया। रविवार शाम गांव के कुछ लोगों ने महिला के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके परिजनों को भी पीटा।

पीड़िता लक्ष्मी देवी गांव में किराने की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। पीड़िता ने बताया कि गांव के ज्वाला और बराती शराब के नशे में उनकी दुकान पर पहुंचे। दोनों ने उधार सामान मांगा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपियों ने गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि दोनों ने लक्ष्मी देवी को पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

शोर-शराबा सुनकर जब लक्ष्मी देवी के चाचा सरवन मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उनके साथ अभद्रता की। तभी ज्वाला और बराती के साथ राम औतार तथा राम लखन भी मौके पर पहुंच गए। चारों आरोपियों ने मिलकर सरवन और उनकी बेटी लल्ली को पीटा।

घटना के दौरान आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस मारपीट में लक्ष्मी देवी, सरवन और लल्ली तीनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार कराया गया। थाना प्रभारी अनिल कुमार पंकज ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिछड़ी बच्ची को पुलिस ने माता-पिता को सौंपा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सोमवार को परिजनों संग पौराणिक शिव मंदिर आई एक 3 वर्षीय बच्ची अपने परिवार से बिछड़ गई, जो अपना, माता, पिता का नाम एवं पता नहीं बता रही थी। पुलिस ने दो घंटे में उसे माता पिता के सुपुर्द कर दिया।

जिला शाहजहांपुर थाना बंडा निवासी ढाका घनश्याम की स्नेहा (3) पुत्री सतीश अपनी मां संध्या देवी के साथ आई थी। शिव मंदिर परिसर में भीड़भाड़ में वह परिजनों से बिछड़ गई, जिसे मोहल्ला तीर्थ निवासी विशाल वाजपेयी ने कोतवाली पहुंचाया। आरक्षी अनुज सागर ने लोगो से बातचीत, संपर्क कर बच्ची के परिजनों का पता कर बच्ची को उसके माता पिता के सुपुर्द कर दिया।



गोला में खोयी बच्ची परिजनों को सौंपती पुलिस। ● अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में बच्चे की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र में सात साल के बच्चे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान आर्यन के रूप में हुई है। मृतक के मामा का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने करीब 20 दिन पहले बच्चे की मां को घर से निकाल दिया था और बच्चे को जबरन अपने पास रोक लिया था। आरोप है कि 18 अप्रैल को बच्चे की तबियत खराब होने की सूचना दी गई और अगले दिन 19 अप्रैल को उसकी मौत की खबर दे दी गई। परिजनों का कहना है कि ससुराल पक्ष ने बच्चे की हत्या की है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।


आवश्यकता है
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0862133 वर्ष 2007 जगन्नाथ इंटर कॉलेज हारगुरैया जलालाबाद से जारी की गई थी वास्तव में कही खो गई जो तलाश करने पर भी नहीं मिली है। आजम खान पुत्र मोहम्मद अहमद खान निवासी मोहल्ला यूसुफजई कस्बा जलालाबाद जिला शाहजहांपुर।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपनी पुत्री मोनिका को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। ओम प्रकाश पुत्र श्री मटरू मल एवं राजकुमारी पत्नी श्री ओम प्रकाश नि. मो. शहबाजपुर कस्बा परगना व तहसील सहसवान (बदायूँ)

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सगीर अहमद व उसकी पत्नी श्रीमती शाविस्ता व छोटे पुत्र समीर अहमद को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। मुख्त्यार अहमद पुत्र स्व. खलील अहमद निवासी ग्राम नउआ नगला थाना भोजीपुरा जिला बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नसीम व पुत्रवधू शवाना को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। श्रीमती हाजरा पत्नी खलील अहमद निवासी ट्यूलिया थाना फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली।

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

BIMT
BADAUN INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly)
REQUIRED
Candidates for B.Ed. Course
1- Principal/HOD 01
2- Perspectives in Education 01
3- Pedagogy Subject 03
(Math, Science, Social Science, Language)
4- Health and Physical Education 01
5- Fine Art 01
6- Performing Arts (Music/Dance) 01
Qualification/Experience as per NCTE/UGC Norms.
Submit your Resume within 07 Days in the BIMT.
Campus: Kakrala road, near Mandi Samiti, Badaun (U.P.)
E-mail: bimtbudaun@gmail.com
Contact: 9897777709, 9897777797

जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड हायर एजूकेशन
कैम्पस- देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
आवश्यकता है
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की
- रसायन विज्ञान
- वनस्पति विज्ञान
- इतिहास
- हिन्दी
योग्यता व वेतनमान- नेट/पी.एच.डी. विश्वविद्यालय नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी फोटोयुक्त बायोडाटा व प्रमाणपत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिन की सीमा में आवेदन करें।
E-mail: jmbinstitute@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बाइक को टक्कर मारने के बाद कार में लगी आग

## चालक जिंदा जला, बाइक सवार की भी मौत, सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बुझाई आग

कार्यालय संवाददाता,संभल/ चंदौसी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद आगरा नेशनल हाईवे पर ग्राम आटा के पास सोमवार शाम कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई । कार में लगी आग से कार चालक की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई । वहीं बाइक सवार ने उपचार को ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। कार में सवार तीन युवक भी घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर दमकल व थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची।

सोमवार की शाम एक बलेनो कार चंदौसी से बहजोई की ओर जा रही थी। जिसमें कार चालक के अलावा जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर के अल्हैपुर निवासी हिमांशु , ललतेश, , रितिक सवार थे। रितिक का जन्मदिन था और तीनो दोस्त जन्मदिन पर काटने के लिए केक लेने आए थे। तीनों ने कार चालक से लिफ्ट ली और बहजोई जाने के लिए सवार हो गए। कार चालक जब गांव आटा के पास पहुंचा तो बहजोई की ओर से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार नीचे गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि कार टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और उसमें आग लग गई। आसपास के लोगों ने अल्हैपुर निवासी तीनों युवकों को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया । जबकि ग्रामीण कार चालक को स्टेरिंग में फंसे होने के कारण बाहर नहीं निकल सके। कार में आग की ऊंची - ऊंची लपटे उठने लगीं। जिसमें कार चालक जिन्दा जल गया। वहीं घायल बाइक सवार ने भी उपचार को ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। बाइक सवार की शिनाख्त अवधेश ( 40 ) निवासी गांव लहरशीश थाना हयातनगर तथा कार चालक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पता चला है कि जिस कार में आग लगी वह आस मोहम्मद निवासी सुभाष विहार नॉर्थ घोंडा नोर्थ ईस्ट दिल्ली की है। सूचना मिलने पर सीओ प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी बनियाठेर सचिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर दमकल के दो वाहन भी मौके पर पहुंच गई । जिस ने कार व बिटोरों में लगी आग पर काबू पाया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की । आग बुझाने के बाद बमुश्किल मृतक कार चालक के शव को कार से बाहर निकाला गया। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



चंदौसी में पेड़ से टकराने के बाद धू-धूकर जलती कार। ● अमृत विचार



चंदौसी में हादसे के बाद मौके पर पहुंची दमकल व पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### कार से निकलीं लपटों से लगी आग

सोमवार की शाम गांव आटा के पास कार में आग लग गई । आग इतनी तेज थी कि आसपास कई उपलों के बने बिटोरों ने भी आग पकड़ ली। जिनसे ऊंची - ऊंची लपटें उठ रहीं थीं। जिनकी आग बुझाने के लिए दमकल को कडी मशक्कत करनी पड़ी । सोमवार को जिस कार में आग लगी थी, वह डीजल की थी। अगर यह कार पैट्रोल आदि से चलने वाली होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। तब आग लगने के बाद कार गैस का गोला बन जाती और आसपास के वाहनों को अपनी चपेट में ले सकती थी।

## बाइक फिसली चालक की मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के थरेसा जयसिंह के पास सोमवार की सुबह बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई । जिससे बाइक चालक गंभीर उनसे घायल हो गया । सोमवार सुबह ग्राम थरेसा जयसिंह मे भट्ठे के पास एक मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसको उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी बहजोई भेजा गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की शिनाख्त विमल पुत्र हरी राम निवासी वहीपुर थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं का के रूप में हुई । मृतक नोएडा गौर सिटी में ब्लैंकेट मार्केटिंग कंपनी में काम करता था। मृतक रविवार की अपने भाई को यह बात कर आया था कि वह ग्राम मऊ अस्सू में अपने रिश्तेदार मनोज कुमार पुत्र लखपत सिंह के यहां जा रहा है। पुलिस ने पंचानामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लुधियाना से गोंडा जा रही डबल डेकर बस पेड़ से टकराई

**मिलक, अमृत विचार :** रामपुर-बरेली हाईवे पर मिलक क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लुधियाना से जनपद गोंडा जा रही सवारियों से भरी डबल डेकर बस मोगा ढाबा के पास अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। बस में क्षमता से अधिक करीब 80 यात्री सवार थे। हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह बस डग्गामारी कर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। रामपुर-बरेली हाईवे पर लंबे समय से अवैध डबल डेकर बसों का संचालन हो रहा है। ये बसें पंजाब से यूपी-बिहार तक सवारियां भरकर ले जाती हैं और क्षमता से दोगुना-तिगुना यात्री बैठाती हैं। मोगा ढाबा के पास बस के दुर्घटनाग्रस्त होते ही चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। सूचना पर पहुंची भिजवाया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना जनहानि हो सकती थी। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में कोई भी शिकायती पत्र नहीं मिला है शिकायती पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### न्यूज ब्रीफ

## नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के करीब दो वर्ष पुराने मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मझोला कोतवाली प्रभारी आरपी सिंह ने सोमवार को बताया कि 2024 में धारा 363 तहत दर्ज मुकदमे में बाद में जांच के दौरान पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई थी। दुष्कर्म के आरोपी राम उर्फ ज्योति प्रसाद निवासी कसोट, थाना डींग, जिला भरतपुर ( राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय से जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि घटना 8 अप्रैल 2024 की रात करीब तीन बजे की है। इस संबंध में पीड़िता के पिता मझोला थाना क्षेत्र के निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया और दुष्कर्म किया।

## बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में चार घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृतविचार :** ठाकुरद्वारा में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्कूटी सवार रतुपुरा निवासी मोहित पुत्र सत्यपाल, अनमोल पुत्र रामपाल और सत्यपाल पुत्र बुद्ध सिंह और बाइक सवार रानी नांगल निवासी विकास कुमार भी हादसे में घायल हो गया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत मटकापुर, वि.खं. भदपुरा (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मटकापुर विकास खंड भदपुरा बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सीसी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 21.04.2026 से 26.04.2026 तक दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन सायं 4 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

**प्रधान - राजकुमार** **सचिव - विवेक कुमार चौधरी**

### कार्यालय ग्राम पंचायत लिलवा वि.खं. उसावां जनपद बदायूं

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लिलवा में निम्न विवरण के अनुसार कार्य करया जाना प्रस्तावित है, इच्छुक फर्म/सामग्री आपूर्तिकर्ता अपना टेण्डर इण्टरलॉकिंग, बजरी, बजरफुट सी. सरिया, ईट व अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 25.04.2026 तक ग्रा. पं. कार्यालय पर जमा करें। सीलबन्द लिफाफे दिनांक को ग्रा. पं. के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सत्यपाल के घर सुरेश कश्यप के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 40 मी. | 208258 |
| 2. | रामेश्वर के मकान से मेन रोड तक इण्टरलॉकिंग नि. कार्य | 55X2.80 मी. | 254890/- |
| 3. | नगला दलेल छेदालाल के प्लाट से नेतराम के मंदिर तक खडण्जा नि. कार्य | 135.3 मी. | 265432/- |
| 4. | नगला दलेल मोती लाल के प्लाट से छेदालाल के प्लाट तक खडण्जा नि. कार्य | 135.3 मी. | 266393/- |

**ग्राम प्रधान** **सचिव**


## मौलाना शहाबुद्दीन बोले, ज्ञानवापी कयामत तक रहेगी मस्जिद

**बरेली, अमृत विचार:** पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने पिछले दिनों काशी में एक कार्यक्रम में कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद कलंक है और इस पर हम भगवा झंडा लहराएंगे। उनके इस बयान पर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद, मस्जिद है। इसको कलंक कहना सरासर गलत है। मस्जिद की दीवार और गुम्बद पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री कयामत तक भगवा झंडा नहीं लहरा सकते। बहुसंख्यक समुदाय के लोगों को न उकसाएं। दूसरी बात यह है कि मस्जिद को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। अदालत जो भी फैसला करेगी, वो सबके लिए मान्य होगा। मौलाना ने कहा कि मैं शरियत का नजरिया स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी मंदिर तोड़कर मस्जिद नहीं बनाई जा सकती।

# पेड़ पर लटका मिला दुष्कर्म के आरोपी का शव

कार्यालय संवाददाता, संभल/ ओबरी

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के आरोपी का शव जिले के असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर उसके परिजनों को सूचित किया। मृतक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म के आरोप में वह जेल गया था, तीन दिन पहले शनिवार को ही जेल से जमानत पर रिहा होकर बाहर आया था।

खेमपुर निवासी कपिल (21) रविवार शाम को तलवार गांव में एक लगन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। सोमवार को सुबह गांव देहरी जग्गू मिलक निवासी ऋषिपाल के खेत में कपिल का शव गमछे के सहारे पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद कपिल के परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर किशोरी के परिजनों पर कपिल की हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर मामला शांत किया। परिजनों का आरोप है कि तलवार गांव में किशोरी के परिजन भी पहुंचे थे। उन्होंने ही हत्या कर शव पर पेड़ पर लटका दिया होगा। युवक की मौत से मां प्रेमवती का रो रोकर बुराहाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आतिशबाजी बनाते समय विस्फोट

- धमाके से किशोरी के उड़े चीथड़े दादा-बहन गंभीर रूप से झुलसे

कार्यालय संवाददाता, संभल/ रजपुरा

**अमृत विचार :** जनपद संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह आतिशबाजी के लिए बारूद तैयार करते समय हुए विस्फोट में दो नाबालिग बहनें गंभीर रूप से झुलस गईं। इलाज के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि दूसरी का इलाज जारी है। हादसे के दौरान मृतका के दादा भी गंभीर रूप से झुलस गए, लेकिन उनका गोपनीय तरीके से इलाज कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

गांव ईशाकपुर निवासी योगेश कुमार का परिवार पिछले करीब 20 वर्षों से आतिशबाजी बनाने का काम करता आ रहा है। योगेश की बेटियां दीक्षा (15) और निधि (13) सोमवार सुबह दादा अजयपाल के साथ घर के बरामदे में बैठकर आतिशबाजी का सामान तैयार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक बारूद में जोरदार विस्फोट हो गया।

धमाका इतना भीषण था कि आसपास के मकान हिल गए और क्षेत्र में दहशत फैल गई। मकान में दरारें पड़ गईं और घने धुएं के कारण कुछ देर के लिए अंधेरा हो गया। घटना के समय किशोरियों का पिता योगेश कुमार, मां विमलेश और छोटा भाई आदित्य घर पर मौजूद नहीं थे। बड़ा भाई प्रिंस दूसरे कमरे में था और उसका दरवाजा बंद था। इसी वजह से वह हादसे की चपेट में आने से बच गया। ग्रामीणों ने विस्फोट में झुलसी दोनों बहनों को तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान दीक्षा ने दम तोड़ दिया, जबकि निधि जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। दीक्षा कक्षा 9 की छात्रा थी, जबकि निधि कक्षा 8 की छात्रा है। हादसे के बाद मची अफरा-तफरी के बीच गंभीर रूप से झुलसे बच्चियों के दादा मौके से गायब हो गए और चर्चा है कि परिवार के लोग उनका गोपनीय तरीके से इलाज करा रहे हैं। घटना की सूचना पर एसडीएम गुन्नौर विकास चंद्र, एएसपी दक्षिणी मनोज कुमार रावत, सीओ गुन्नौर आलोक कुमार सिद्धू और थाना प्रभारी संदीप चौधरी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। सीओ आलोक सिद्धू ने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।


### कार्यालय जिलाधिकारी,खीरी।
### (खनन अनुभाग)

संख्या-4021 /खनिज/विज्ञप्ति-सा0 बालू/2026-27 दिनांक 17-04-2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद-खीरी में प्रवाहित नदियों के तल में बालू के निम्न विवरण के अनुसार रिक्त खनन क्षेत्रों को उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली-2021 के नियम-23 के उप नियम-(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत उपलब्ध घोषित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली-2021 के अध्याय-4 के नियम 23(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत ई-निविदा सह-ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से पूर्व में दिनांक 03.11.2025 को 03 खनन क्षेत्रों का विज्ञापन किया गया था जिसमें से 02 खनन क्षेत्रों में शून्य बिड प्राप्त हुई थी। तदोपरान्त द्वितीय चरण में उक्त दोनों क्षेत्रों को पुनः विज्ञापित किया गया पर उक्त दोनों क्षेत्रो पर शून्य बिड प्राप्त हुई तथा दिनांक 14.03.2026 को उक्त दोनो क्षेत्रो का पुनः विज्ञापन किया गया जिसमें भी उक्त दोनो क्षेत्रो में शून्य बिड प्राप्त हुई जिसके क्रंम में टेण्डर कमेटी द्वारा दिनांक 07.04.2026 को उक्त दोनो क्षेत्रां को चतुर्थ चरण में विज्ञाप्ति किये जाने की संस्तुति की गयी है, जिसमें निम्नलिखित क्षेत्र उपलब्ध है-

1- क्षेत्र का विवरण :-

| क्र0 सं0 | उपखनिज का नाम | नदी का नाम | क्षेत्र का विवरण | | | | जियो कोआर्डिनेटस | नियमावली 2021 के अनुसूची-1 के अनुसार रायल्टी दर (रू0 प्रति घनमीटर) | खनन योग्य आकलित उप खनिज का भण्डार (घनमी0 प्रतिवर्ष) | प्रथम वर्ष में आंकलित भण्डार की कुल रायल्टी रूपयों में (कालम-9 में अंकित घनमी0 प्रतिवर्ष को कालम- 10 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध सकल धनराशि) (रूपये में) | अर्नेस्टमनी (कालम 11 में अंकित सकल धनराशि का 25 प्रतिशत) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | तहसील | ग्राम | गाटा सं0/ खण्ड सं0/ जोन सं0 | क्षेत्रफल (हे0 में) | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 01 | सा0 बालू | शारदा नदी | लखीमपुर | सर्वा शिवपुरी | 183अ | 13.06हे0 | A-28° 7'13.18"N 80° 50'40.28"E B-28° 7'9.51"N 80° 51'3.24"E C-28° 6'59.17"N 80° 50'59.16"E D-28° 7'4.58"N 80° 50'47.22"E | 70.00 | 1,56,720.00 | 1,09,70,400.00 | 27,42,600.00 |
| 02 | सा0 बालू | शारदा नदी | लखीमपुर | सर्वा शिवपुरी | 183ब | 13.06हे0 | A-28° 7'9.51"N 80° 51'3.24"E B-28° 6'59.17"N 80° 50'59.16"E C-28° 6'50.82"N 80° 51'9.91"E D-28° 7'2.99"N 80° 51'14.38"E | 70.00 | 1,56,720.00 | 1,09,70,400.00 | 27,42,600.00 |

ई-निविदा सह ई-नीलामी की कार्ययोजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जायेगी :-

| | |
|---|---|
| प्रेस विज्ञप्ति (विज्ञप्ति का प्रकाशन) | दिनांक 22.04.2026 |
| प्रथम चरण ई-निविदा (ई-टेण्डर) की अवधि | दिनांक: 30.04.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से 06.05.2026 (अपरान्ह 17:00 बजे) तक |
| प्रथम चरण में प्राप्त ई-निविदा (बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्यांकन | दिनांक 07.05.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से क्रमांक-1 से 2 पर विज्ञापित क्षेत्र |
| द्वितीय चरण ई-नीलामी की अवधि। | दिनांक 07.05.2026 अपरान्ह 01:00 बजे से 15:00 बजे तक क्रमांक-1 एवं 2 पर विज्ञापित |

ई-निविदा सह ई-नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रकिया एवं शर्तो की जानकारी ऑनलाइन एम0एस0टी0 सी0 के ई आक्शन पोर्टल WWW.mstcecommerce.com पर अपलोड करा दिया गया है। जिसे सम्बन्धित सभी निविदादाता/बोलीदाता द्वारा देखा जा सकता है। उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रकिया एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में खनिज कार्यालय लखीमपुर खीरी एवं कार्यालय अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0 कलेक्ट्रेट खीरी से प्राप्त की जा सकती है।

(दुर्गा शक्ति नागपाल)
जिलाधिकारी
लखीमपुर-खीरी।

UP-250194 दिनांक 20.04.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को हमले में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि घटना रविवार की देर रात करीब एक बजे ढक्का रोड स्थित कुन्दनपुर प्रजापति बैंकट हॉल के पास हुई थी। पीड़ित के भाई भूकन निवासी चक्कर की मिलक, थाना सिविल लाइन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई हीरालाल पर जान से मारने की नीयत से चाकू व ईंट-पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया गया।


**सम्मन वास्ते गजट प्रकाशन**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी बहेड़ी बरेली**
**वाद संख्या- T202612130503666/669 धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व सहिता 2006**
**आराजी ग्राम स्वाले मुजाहिदपुर, परगना कावर तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

आरिफ खां पुत्र रफीक खां निवासी ग्राम स्वालेपुर मुजाहिदपुर परगना कावर तहसील बहेडी जिला बरेली।

1. नत्थू खाँ पुत्र हमीद खाँ । 2. जमील खाँ पुत्र रशीद खाँ । 3. नजीर खाँ पुत्र रशीद खाँ । 4. सूखी पत्नी रशीद खाँ। 5. रईस खां पुत्र वुद्धा खां 6. अहमद हुसैन पुत्र मो० हुसैन 7. फारुख खां पुत्र रफीक खां 8. शकी रजा खां पुत्र शकूर खां 9. जैतून बेगम पत्नी शकूर खां । 10. मंसूर खां पुत्र शकूर खां 11. नवी रजा खां पुत्र शफीक खां । 12. अहमद रजा खां पुत्र शफीक खां । 13. मो० उमर खां पुत्र शफीक खा । 14. मो० मियां खां पुत बुन्दन खाँ। । 15. नसीम खां पुत्र बुन्दन खां। 16. तसलीम खां पुत्र बुन्दन खाँ । 17. राजिक खां पुत्र फारुख खां । 18. रीना पत्नी राजिक खां । 19. हसनैन खां पुत्र बाबू खां । 20. राशिद खां पुत्र बाबू खां । 21. शरीफ खां पुत्र बाबू खां । 22. इमरान खां पुत्र बाबू खां । 23. नासिर खां पुत्र बाबू खां । 24. शाहजहाँ पत्नी बाबू खां । समस्त निवासीगण ग्राम स्वालेपुर मुजाहिदपुर परगना कावर तहसील बहेड़ी जिला बरेली। 25. महमूद पुत्र सईद अहमद निवासी तिलियापुर सदर तहसील बरेली। 26. ग्राम प्रधानग्राम पंचायत स्वालेपुर मुजाहिदपुर परगना कावर तहसील बहेडी जिला बरेली। आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम स्वातेपुर मुजाहिदपुर परगना कावर तहसील बहेडी जिला बरेली के गाटा संख्या 33 रकवा 1.257 हे0 व गाटा संख्या 43 रकवा 0.057 हे० व गाटा संख्या 106 रकवा 1.005 हे0 कुल 3 किता कुल रकवा 2.319 हे0 के बंटवारा हेतु वाद आरिफ खां पुत्र रफीक खां निवासी ग्राम स्वालेपुर मुजाहिदपुर परगना कावर तहसील बहेड़ी जिला बरेली द्वारा योजित किया गया है। यदि आपको इस वाद पत्र के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना लिखित कथन प्रस्तुत करे। आपकी अनुपस्थिति मे यह समझा जायेगा कि आपको इस समबन्ध में कुछ नहीं कहना है और तदानुसार अग्रिम आदेश पारित कर दिये जायेंगे। सम्मन वास्ते प्रकाशन हेतु मेरे न्यायालय से आज दिनांक 08.04.2026 को हस्ताक्षरित एवम मुद्रित करके जारी किया गया ।

उप जिलाधिकारी बहेड़ी बरेली ।


# कला और अभिनय के जरिए नागरिक उत्तरदायित्वों का दिया संदेश

- संस्कार भारती के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- नागरिक कर्तव्य बोध विषय पर आधारित प्रतियोगिता ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संस्कार भारती के तत्वावधान में नागरिक कर्तव्य बोध विषय पर आधारित नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेनहर पब्लिक स्कूल के सहयोग से हुए इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों के छात्र समूहों ने कला और अभिनय के माध्यम से नागरिक उत्तरदायित्वों का संदेश दिया।

सीनियर वर्ग में कड़े मुकाबले के बीच लिटिल एंजेल्स ने प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठता सिद्ध की। वहीं, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज द्वितीय और बेनहर गुरुकुल तृतीय स्थान पर रहा। लॉर्ड कृष्णा स्कूल को विशिष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग में नन्हे कलाकारों ने समां बांध दिया। लायंस बाल विद्या मंदिर प्रथम, जेएमबी किड्स इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय और बेनहर पब्लिक स्कूल तृतीय रहा। बेनहर पब्लिक स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्य रंजीत सैहमी, संस्कार भारती के संस्थापक सदस्य अविनाश चंद्र मिश्र, डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, महामंत्री डॉ. ऋचा वार्ष्णेय और पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र गोस्वामी ने विचार रखे। संस्कार भारती के इतिहास और ध्येय कार्यों से परिचय कराया गया। प्रतियोगिता की संयोजिका नेहा पंत जोशी ने नाट्य विधा की बारीकियों और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल में पुष्प इंस्टीट्यूट की डॉ. अलका तोमर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रेनू सक्सेना, केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक हास्य कवि योगेंद्र गोस्वामी शामिल रहे। संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. भरत कंचन ने आभार व्यक्त किया। संचालन कोषाध्यक्ष डॉ. नीलेश कटियार ने किया। बेनहर पब्लिक स्कूल के प्रबंध न्यासी डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने कहा कि ऐसे मंचों से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति समझने और व्यक्तित्व विकास का बड़ा अवसर मिलता है। डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. आदित्य पांडे, डॉ. दीपा मिश्रा, सीए संजय अग्रवाल,डॉ. नीरू सक्सेना, अंशुमान तिवारी, अभिमन्यु गंगवार आदि मौजूद रहे।




संस्कार भारती के कार्यक्रम में अतिथियों का अभिनंदन करते अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

## बार-बार लोकेशन बदल रहा जज के पिता का हत्यारोपी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना नागफनी के जिगर कॉलोनी निवासी जज के पिता असद के हत्यारोपी जफर को लेकर पुलिस की जांच लगातार उलझती जा रही है। आरोपी की लोकेशन कभी श्रीनगर तो कभी नेपाल में होने की जानकारी मिल रही है। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी चुनौती बनती जा रही है।

अपने बहनोई असद का हत्यारोपी जफर और उसके बेटों ने यूपी के सभी मोबाइल सिम बंद कर दिए हैं। जांच में सामने आया है कि वे श्रीनगर और नेपाल से खरीदे गए सिम कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उनकी सटीक लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो रहा है। वहीं, पुलिस आरोपी तक पहुंचने के लिए उसके रिश्तेदारों और गैर जनपदों में रहने वाले उसके परिचितों से जानकारी जुटाने में लगी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। आरोपी के लगातार ठिकाने बदलने और डिजिटल ट्रैकिंग से बचने की कोशिशों ने जांच को और जटिल बना दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी सर्विलांस के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है, जिससे आरोपी की हर संभावित गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित कर दी गई हैं। श्रीनगर उसकी ससुराल में पुलिस टीम दो बार जा चुकी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जीआरपी ने 12.5 किलो गांजा संग दो तस्कर दबोचे



पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे स्टेशन पर पकड़े गए दोनों तस्कर बिहार के रहने वाले निकले

**अमृत विचार :** जीआरपी ने प्लेटफॉर्म पर गश्त और चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये बताई जा रही है।

जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को टीम के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में चेकिंग के दौरान मुकेश कुमार को हरे रंग के ट्रॉली बैग से 6.412 किलोग्राम गांजा के साथ, वहीं दूसरे अभियुक्त अभय कुमार दुबे निवासी ग्राम सतफेड़ता, थाना सिमरी, जिला बक्सर बिहार को दो पिट्ठू बैग से 6.328 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा। दोनों के पास से कुल 12.740 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रेनों के माध्यम से दूसरे राज्यों से सस्ते दामों में गांजा लाकर स्थानीय स्तर पर महंगे दामों में बेचते थे, जिससे मोटी कमाई होती थी।

## जहरीली शराब कांड में दो को उम्रकैद


**अमरोहा, अमृम विचार:** करीब 12 साल पुराने जहरीली शराब मामले में अदालत ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया। एडीजे तृतीय की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि दो अन्य आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण बरी कर दिया गया है।

यह मामला 23 दिसंबर 2012 का है। जब मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गंगा किनारे अवैध शराब बनाने वाले ठिकानों पर छापेमारी की थी। उस समय तैनात दरोगा सुरेश पाल सिंह और जिला आबकारी अधिकारी अश्वनी कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में मौके से भारी मात्रा में अपमिश्रित शराब, केन और अन्य सामग्री बरामद की गई थी। छापे के दौरान टीम ने मेरठ जिले के परिक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी परमजीत सिंह और मंडी धनौरा के चांद्रा फार्म निवासी मक्खन चौपड़ा को गिरफ्तार किया था। वहीं दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

# राम का नाम लेने से चिढ़ती हैं ममता दीदी : योगी

## पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री बोले -यूपी में अब न सड़कों पर इफ्तारी-नमाज, न सुनाई देती मस्जिद से अजान की आवाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ पश्चिम बंगाल




पश्चिम बंगाल में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपस्थित जनसमूह।

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ताबड़तोड़ सभाएं करके ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में नौजवान परेशान हैं, किसान हताश हैं और उद्योग-धंधे चौपट हो चुके हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी हुई है। आरोप लगाया कि ममता दीदी बंगाल में राम का नाम लेने पर चिढ़ती हैं। जबकि अब यूपी में सड़कों पर इफ्तारी और नमाज नहीं होती है। मस्जिद से अजान भी नहीं सुनाई देती।

मुख्यमंत्री योगी ने ने पिंगला से भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना, जॉयपुर (पुरुलिया) से विश्वजीत महतो और गारबेटा से प्रदीप लोढ़ा के समर्थन आयोजित जनसभाओं कहा कि यूपी में विधर्मियों के हौसले पस्त हुए हैं। आज न कर्फ्यू है, न दंगे। अब एक ही नारा गूंजता है 'न गौ माता को कटने देंगे, न हिंदुओं को बंटने देंगे'। हर जाति का हिंदू सुरक्षित और समृद्ध है। यूपी का यह मॉडल साबित करता है कि डबल इंजन सरकार आने से विकास होता है और बंगाल में भी यही बदलाव लाना है। योगी ने कहा कि अयोध्या में आसमान को छूता भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया है। हर भारतीय को सीना तानकर खड़े होने और मर्यादा की प्रेरणा देने वाला राम मंदिर बताता है कि आस्था झुकती, रुकती, टूटती नहीं है। बस चुनौती का सामना करने की इच्छाशक्ति हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में आज जो अराजकता, गुंडागर्दी और तुष्टिकरण की स्थिति है, यही स्थिति वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में थी। उस समय यूपी में पर्व-त्योहार से पहले दंगे होते थे, कर्फ्यू लगा रहता था, लव जिहाद-लैंड जिहाद आम थे और गौ-हत्या सरेआम होती थी। लेकिन जब डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी, तो सब बदल गया।

### यूपी में माफिया पर चलता है बुलडोजर

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में गोहत्या, लवजेहाद, लैंडजेहाद नहीं हो सकता। माफिया व गुंडों ने हिमाकत की तो बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली को चकनाचूर कर देता है। टीएमसी का मतलब टेरर, माफियाराज व करप्शन है। इसे केवल भाजपा सरकार ही समाप्त कर सकती है।

### उद्योग और रोजगार को लेकर लगाए आरोप

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बंगाल में बीते वर्षों में हजारों उद्योग बंद हुए और लाखों युवा बेरोजगार हो गए। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अवैध गतिविधियों और माफियाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

# राहुल मामले में जज ने खुद को सुनवाई से किया अलग

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याची की ओर से सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों को माना अदालत पर प्रतिकूल टिप्पणी

**अमृत विचारः** राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता विवाद मामले में सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया है। न्यायालय ने मामले के रिकॉर्ड को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि नई बेंच को मामले को आवंटित किया जा सके।

सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याची एस. विग्नेश शिशिर द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई विवादित पोस्ट का जिक्र किया। उक्त पोस्ट्स में न्यायालय पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, पोस्ट्स में 'फाउल प्ले', 'बैक रूम एक्सरसाइज' और 'डीप स्टेट' जैसे शब्दों का उपयोग किया गया, जिससे न्यायालय की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा। न्यायालय ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि याची ने अदालत के प्रति विश्वास खो दिया है और सार्वजनिक रूप से इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। एकल पीठ ने अपने आदेश में आगे कहा कि इस प्रकार के आरोप न्यायालय के विरुद्ध आक्षेप लगाने के समान हैं और ऐसी स्थिति में उनके लिए इस मामले की सुनवाई इसी पीठ द्वारा जारी रखना उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि याची एवं अन्य अधिवक्ताओं द्वारा कानून की सही स्थिति कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई, जिससे न्यायिक समय की अनावश्यक हानि हुई। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ताओं का कर्तव्य है कि वे न्यायालय की निष्पक्ष सहायता करें और सही कानूनी स्थिति प्रस्तुत करें।

## न्यूज ब्रीफ

### झोलाछाप और अनधिकृत चिकित्सा पर सख्ती की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रदेश में झोलाछाप और अनधिकृत चिकित्सा गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना और सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि झोलाछाप चिकित्सक गैरकानूनी तरीके से इलाज कर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि समस्या के समाधान के लिए एक समन्वित कमेटी गठित की जाए, जो ऐसे अवैध चिकित्सकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। प्रतिनिधिमंडल ने जनस्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आईएमए की भूमिका बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा। साथ ही संगठन के नए भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को सुनकर जनहित से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान आईएमए के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर जोर, 'रश्मिरथी पर्व' 24 से 26 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'रश्मिरथी पर्व' का आयोजन प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम रामधारी सिंह दिनकर की कृति 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, कार्यक्रम में साहित्यिक परिचर्चा, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। सरकार का कहना है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव ने दी नसीहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट के दौरान कहा कि प्रशासनिक सेवा का मूल आधार ईमानदारी, समर्पण और जनता से सतत संवाद है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी कार्यशैली में संवेदनशीलता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही, जनप्रतिनिधियों से तालमेल जरूरी है। मुख्य सचिव ने सोमवार को प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। उन्होंने जोर दिया कि सभी अधिकारी पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए, जिस पर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की।

# नासा के 'वर्ल्ड नाइट मैप' में चमका यूपी, ऊर्जा नीति को वैश्विक पहचान

## हर घर रोशनी मॉडल को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। नासा द्वारा जारी 'वर्ल्ड नाइट मैप' में उत्तर प्रदेश दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरा है। यह उपलब्धि राज्य में बिजली आपूर्ति और ऊर्जा प्रबंधन में हुए व्यापक सुधारों का संकेत मानी जा रही है।

नासा के इस मैप में 2014 से 2022 के बीच पृथ्वी पर रात के समय रोशनी में हुए बदलाव को दर्शाया गया है। वैज्ञानिकों ने नौ वर्षों में एकत्रित 16 लाख से अधिक सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि उत्तरी भारत, खासकर उत्तर प्रदेश में रोशनी का स्तर तेजी से बढ़ा है।


सैटेलाइट से लिया गया चित्र।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में "सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजली" के लक्ष्य को लेकर लगातार काम किया गया। इसके तहत गांव से शहर तक बिजली आपूर्ति को मजबूत किया गया और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की सक्रियता से उत्पादन क्षमता बढ़ाने, ट्रांसमिशन नेटवर्क मजबूत करने और वितरण प्रणाली को सुधारने के लिए कई कदम उठाए गए।

- उत्पादन से वितरण तक सुधारों का असर

नए उपकेंद्रों की स्थापना, जर्जर लाइनों के आधुनिकीकरण और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग से बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर हुई है। डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को रियल-टाइम जानकारी और ऑनलाइन सेवाएं मिल रही हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है। वहीं निर्बाध बिजली आपूर्ति से कृषि, उद्योग और निवेश को भी नई गति मिली है। नासा के इस वैश्विक आकलन ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित कर दिया है, जिससे आने वाले समय में निवेश और नवाचार को और गति मिलने की उम्मीद है।

# 10 डीएम समेत 24 आईएएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शशांक त्रिपाठी अयोध्या, ईशा प्रिया अंबेडकरनगर और ईशान प्रताप सिंह बाराबंकी के डीएम बने
- शासन से लेकर जिलों तक व्यापक फेरबदल, विकास प्राधिकरण भी प्रभावित

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 10 जिलाधिकारियों समेत 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। शशांक त्रिपाठी को अयोध्या, ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी और ईशा प्रिया को अंबेडकरनगर का डीएम बनाया गया है। इससे पहले रविवार देर रात 15 जिलाधिकारियों समेत 40 आईएएस अफसरों के स्थानांतरण किए गए थे। लगातार दो दिनों में हुए इन बड़े बदलावों से शासन-प्रशासन में हलचल तेज हो गई है।

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी में बड़ा बदलाव करते हुए 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस सूची में 10 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं, जिससे जिला प्रशासन की कमान नए हाथों में सौंपी गई है। आदेश के अनुसार, अविनाश कुमार को अलीगढ़, अरविंद सिंह को एटा, अमित आसेरी को बांदा, डॉ. अंकुर लाठर को फर्रुखाबाद, कविता मीना को हापुड़ और ईशा प्रिया को अंबेडकर नगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, चर्चित गौड़ को सोनभद्र, अनुपम शुक्ला को गाजीपुर, बाराबंकी के डीएम शशांक त्रिपाठी को अयोध्या और ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी के नए डीएम की जिम्मेदारी दी गई है।

आठ आईएएस अधिकारियों को शासन में विशेष सचिव स्तर पर नई जिम्मेदारी मिली। इसमें अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव बनाया गया है। एटा के डीएम प्रेम रंजन सिंह को अपर राज्य परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) व निदेशक, मध्यान्ह भोजन अधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। हापुड़ के डीएम अभिषेक पाण्डेय को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त (राजस्व परिषद) बनाया गया, जबकि अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन को कृषि विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। बांदा की डीएम जे. रीभा को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है, वहीं इस विभाग में तैनात अरुण कुमार को इस प्रभार से मुक्त किया गया। फर्रुखाबाद के डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी को लोक निर्माण विभाग में विशेष सचिव और सोनभद्र के डीएम बद्री नाथ सिंह को उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।

इसके अलावा तीन आईएएस अधिकारियों को विकास प्राधिकरणों और तीन आईएएस अधिकारियों को मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। कानपुर नगर के मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन को यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया। शाहजहांपुर की सीडीओ डॉ. अपरांजिता सिंह को बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष और सीतापुर की सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सोनभद्र के अपर जिलाधिकारी उत्कर्ष त्रिवेदी को शाहजहांपुर का सीडीओ, मथुरा के अपर जिलाधिकारी अभिनव जे जैन को कानपुर नगर का सीडीओ और मेरठ की अपर जिलाधिकारी दीक्षा जोशी को सीतापुर का सीडीओ बनाया गया है। इस तरह कुल 24 अधिकारियों के तबादलों में जिला प्रशासन, शासन, विकास प्राधिकरण और योजनागत विभागों तक व्यापक फेरबदल किया गया है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीएम मोदी 29 को करेंगे लोकार्पण, मेरठ से प्रयागराज सिर्फ 6-7 घंटे में
- टोल प्लाजा, एयरस्ट्रिप और आधुनिक सुविधाओं से लैस हाई-स्पीड कॉरिडोर

**अमृत विचारः** प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में बड़ा कदम साबित होने जा रहा गंगा एक्सप्रेस-वे 29 अप्रैल को लोकार्पित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेस-वे पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे जोड़ते हुए प्रदेश में हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का नया युग शुरू करेगा। करीब 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे को 120 किमी/घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इससे मेरठ से प्रयागराज का सफर, जो पहले 10-12 घंटे लेता था, अब महज 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा।

गंगा एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास का इंजन बनने जा रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी से प्रदेश 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में और मजबूत होगा और विकास को नई रफ्तार मिलेगी। एक्सप्रेस-वे 6 लेन में तैयार किया गया है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। 120 मीटर चौड़े राइट


गंगा एक्सप्रेस-वे पर तैयार टोल प्लाजा। अमृत विचार

ऑफ वे के साथ यह परियोजना आधुनिक इंजीनियरिंग का उदाहरण है। परियोजना में गंगा नदी पर 960 मीटर और रामगंगा नदी पर 720 मीटर लंबे पुल बनाए गए हैं, जो बाढ़ और जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं।

शाहजहांपुर के पास 3.5 किमी लंबी एयरस्ट्रिप इस एक्सप्रेस-वे की खास पहचान है। यहां भारतीय वायुसेना इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल कर चुकी है। आपात स्थिति में यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित होगी।

### ये होंगी सुविधाएं

- *2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज)
- *19 रैंप टोल प्लाजा—आसान एंट्री और एग्जिट
- *9 जनसुविधा परिसर—ईंधन, भोजन, शौचालय, विश्राम
- *लंबी दूरी की यात्रा होगी अधिक सुरक्षित और आरामदायक

### क्या बदल जाएगा

- *पश्चिमी यूपी के उद्योग और पूर्वी यूपी की कृषि को सीधा लाभ
- *माल ढुलाई की लागत और समय में कमी
- *धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच

# ट्रांसफर सत्र शून्य करने की मांग मुख्यमंत्री को भेजे 21 सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वर्ष 2026-27 के स्थानांतरण सत्र को शून्य घोषित करने की मांग उठाई है। परिषद अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर तबादला नीति पर 21 बिंदुओं के सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

परिषद का कहना है कि वर्ष 2027 में संभावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए 2026-27 का ट्रांसफर सत्र अत्यंत संवेदनशील रहेगा। बड़े पैमाने पर तबादलों से प्रशासनिक कार्य और चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, इसलिए सामान्य स्थानांतरण पर रोक लगाई जानी चाहिए। हालांकि, अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही तबादले किए जाने का सुझाव दिया गया है।

परिषद ने यह भी मांग की है कि स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में तबादले न किए जाएं। आरोप है कि कई विभागों में सत्र खत्म होने के बाद भी तबादले होते हैं, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। सुझावों में पति-पत्नी को एक ही स्थान पर तैनाती, दिव्यांग या गंभीर बीमार बच्चों के अभिभावकों को छूट, और सेवानिवृत्ति से दो वर्ष पहले कर्मचारियों को गृह जनपद में पोस्टिंग जैसे प्रावधान शामिल हैं।

# आधी आबादी के अधिकारों से किया खिलवाड़ः पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ/ महराजगंज :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को महराजगंज में विपक्ष पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी देने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के दलों ने इसे पारित नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष महिला आरक्षण का केवल दिखावटी समर्थन करता है, जबकि वास्तविकता में वह महिलाओं को उनका अधिकार देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इंडी गठबंधन को "एंटी वूमेन एलायंस" करार देते हुए कहा कि देश का विकास आधी आबादी की भागीदारी के बिना संभव नहीं है और महिलाएं ऐसे विरोधी रुख को स्वीकार नहीं करेंगी।

# काशी में अब मिलेगी 'डिजिटल लगेज लॉकर' की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ/ वाराणसीः** वाराणसी में बाबा के दर्शन और गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब अपने सामान की सुरक्षा की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और प्रमुख घाटों के आसपास डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा विकसित की जा रही है।

इस पहल के तहत श्रद्धालु अपने मोबाइल, बैग, कपड़े या सूटकेस तक सुरक्षित रख सकेंगे और बेफिक्र होकर दर्शन व गंगा स्नान कर पाएंगे। यह सुविधा डिजिटल भुगतान आधारित होगी, जिससे उपयोग आसान और पारदर्शी रहेगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दशाश्वमेध प्लाजा, गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग क्षेत्रों में डिजिटल लॉकर लगाए जाने का प्रस्ताव है। इन स्थानों का चयन इसलिए किया गया है, क्योंकि यहां श्रद्धालुओं की सबसे अधिक आवाजाही रहती है।

कुल 225 डिजिटल लॉकर स्थापित किए जाएंगे, जो चार अलग-अलग आकार छोटे, मध्यम, बड़े और एक्स्ट्रा लार्ज में उपलब्ध होंगे।

उपलब्धि | राष्ट्रीय रैंकिंग में कार्डियोलॉजी विभाग का शानदार प्रदर्शन

# केजीएमयू के लारी को देश में चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ का बढ़ा मान, वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई सूची

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग कॉर्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल की ओर से जारी की गई सूची में दर्ज की गई है।

दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज और इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते केजीएमयू ने यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की साख भी मजबूत हुई है।

समिति ने देशभर के उन सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों को शामिल किया, जहां कैथलैब की सुविधा उपलब्ध है। रैंकिंग में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और अन्य कार्डियोलॉजी इंटरवेंशन के आंकड़ों को आधार बनाया गया। वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के अनुसार सूची तैयार की गई है।



इस राष्ट्रीय सूची में पहला स्थान बेंगलुरु के श्रीजय प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च को मिला, जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली का जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च रहा। तीसरे पायदान पर अहमदाबाद का यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी और पांचवें स्थान पर चंडीगढ़ का पीजीआई चंडीगढ़ शामिल है।

लारी कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेट्ठी ने बताया कि यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि सूची में शामिल अधिकांश संस्थान केवल हृदय रोगों के इलाज के लिए समर्पित हैं, जबकि केजीएमयू में यह एक विभाग मात्र है। ऐसे संस्थानों के बीच चौथा स्थान प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि रैंकिंग में आधुनिक कार्डियक इंटरवेंशन की संख्या को प्रमुख आधार बनाया गया है। इस उपलब्धि पर केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने विभाग को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# आयुष्मान योजना में यूपी अव्वल

## एनएचए ने किया सम्मानित, पुणे में राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए नेशनल हेल्थ अथारिटी (एनएचए) ने पुणे में 17-18 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में प्रदेश को सम्मानित किया।

प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के उत्कृष्ट संचालन के लिए यह सम्मान मिला है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव



साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा को सम्मानित करते नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के अधिकारी।

रितु माहेश्वरी और साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने इसे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डिजिटलीकरण का परिणाम बताया। प्रदेश में वर्तमान में 6,433 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हैं, जिनमें 3,521 निजी और 2,912 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से मरीजों को पारदर्शी और तेज स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। बड़ी संख्या में अस्पताल एबीडीएम-इनेबल्ड एचएमआईएस (हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) से लैस हैं, जिससे इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम हुई है।



मुझे सफलताओं से मत आंकिए, बल्कि जितनी बार गिरा हूं और गिरकर उठा हूं, उस बिना पर आकलन कीजिए।

–नेल्सन मंडेला, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति

## स्मार्ट मीटर पर राहत

स्मार्ट बिजली मीटरों के बारे में व्यापक जन असंतोष और आंदोलन के बाद आई सरकारी घोषणा सूबे के 82 लाख स्मार्ट मीटर धारकों के लिए बहुत राहत पहुंचाने वाला है। सिद्धांततः यह व्यवस्था क्रांतिकारी है—प्रीपेड रिचार्ज, रीयल-टाइम खपत की जानकारी, बिलिंग में पारदर्शिता और कई विवादों का अंत। इसे डिजिटल भारत के विज़न के तहत बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता नियंत्रण का प्रतीक बताया गया था, पर प्रश्न यह कि यह योजना उपभोक्ताओं के रोष और अविश्वास का कारण क्यों बनी? समाधान ऐसी समस्या क्यों बन गई कि सरकार को ऐसे फैसले लेने पड़े।

विरोध का मूल कारण है मीटर का तेज चलना और गलत रीडिंग का संदेह, प्रीपेड बैलेंस खत्म होते ही अचानक सप्लाई कटना और रिचार्ज एवं रीकनेक्शन में तकनीकी खामियों के चलते देरी। वादा यह था कि स्मार्ट मीटर से बिलिंग की त्रुटियां खत्म होंगी, कई मामलों में उपभोक्ताओं से पहले से अधिक बिल आने की शिकायत मिली। आम उपभोक्ता चाहता है कि नई व्यवस्था से उसकी जेब पर बोझ कम हो तथा अबाध विद्युत आपूर्ति मिले। यदि ऐसा अनिश्चित है, तो विरोध स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश में 82 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, इसके बाद आगे की स्वीकृति इससे ज़रूर प्रभावित होगी। इसी दबाव में राज्य सरकार ने 45 दिन तक बिजली न काटने, शून्य बैलेंस पर 3 दिन सप्लाई जारी रखने और रविवार या अवकाश पर डिस्कनेक्शन न करने जैसे राहत उपाय घोषित किए, पर ये कदम अस्थायी राहत देंगे, स्थायी समाधान नहीं। तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक का फैसला बताता है कि समस्या गंभीर है। समिति को जिन बिंदुओं पर ध्यान देना होगा, उनमें मीटर की सटीकता का स्वतंत्र ऑडिट, डेटा ट्रांसमिशन की विश्वसनीयता, बिलिंग-सिस्टम और भुगतान-गेटवे के बीच तालमेल और शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। आज इंटरनेट या मोबाइल रिचार्ज की तरह निर्बाध समन्वय बिजली प्रणाली में नहीं दिखता। यही इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी है। कंपनियां, जो तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम हैं, वे त्वरित विस्तार का दबाव, गुणवत्ता नियंत्रण की कमी और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सिस्टम के अभाव में विफल हो रही हैं। कई जगह नेटवर्क कनेक्टिविटी, सर्वर क्षमता और फील्ड सपोर्ट बहुत कमजोर है, लेकिन उलटे वे उपभोक्ता को ही दोषी ठहराने पर उतारू हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नई व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

विश्वसनीयता ही कंपनियों की सबसे बड़ी पूंजी है, भले सरकार निजी कंपनियों को नुकसान में नहीं जाने देगी, लेकिन जनविश्वास नहीं बढ़ा तो राजस्व घटेगा, इसलिए उन्हें सुधार तो करने ही होंगे। स्मार्ट मीटर भविष्य की अनिवार्यता हैं, पर भरोसा वर्तमान की शर्त है। तकनीक तभी सफल होगी जब वह उपभोक्ता के लिए 'भरोसेमंद सुविधा' बने, 'सांसत' नहीं। यह प्रणाली तभी निरापद होगी, जब थर्ड-पार्टी कैलिब्रेशन और पब्लिक डैशबोर्ड पर पारदर्शी डेटा होगा, रीयल-टाइम, फेल-सेफ आईटी सिस्टम भुगतान, बिलिंग व कनेक्शन के बीच निर्बाध समन्वय बनेगा।

### प्रसंगवश

## वीआईपी दर्शन का बढ़ता चलन और आम श्रद्धालु

भारत जैसे देश में, जहां धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहां मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। 'भगवान के दरबार में सब बराबर हैं'- यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्नचिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं।

देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नजर में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं, जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन, कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है, विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक 'प्रीमियम सेवा' बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक और अब मंदिरों तक—मिडल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है।

मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है।

धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है।

जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है। यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है, जहां सब बराबर हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## श्रम को सम्मान और अधिकार देने का प्रश्न





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका शरीर में प्रवाहित लहू मानिंद होती है। मजदूर ही हैं, जिसके श्रम की बदौलत राष्ट्र के विकास की ऊंची इमारत खड़ी होती है। सूक्ष्म संरचनाओं से लेकर बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में यह वर्ग विकास की धूरी होता है। यह सच है कि विकास के लिए संसाधन मायने रखते हैं, किंतु बिना श्रम संसाधन वैसे ही हैं, जैसे 'बिना इंजन की मर्सिडीज' गाड़ी। आशय यह कि मजदूर ही वह असल शिल्पकार होता है, जिसके कठोर श्रम से विकास की बगिया लहलहाती है, लेकिन कई दशकों के बाद भी मजदूरों की स्थिति में आमूलचूल सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है।

गांव-जवार, खेत-खलिहान, रिश्ते-नाते, भाई-बंधु छोड़कर देश-प्रदेश के शहरों-कस्बों के उद्योगों तथा प्रतिष्ठानों को गति प्रदान करने वाले मजदूरों के लिए फलदायी योजना क्यों नहीं मूर्तरूप ले पा रही? वह चाहे सरकारें हों या उद्योगों के मालिक। चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

> चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

मजदूरों के हितों की रक्षा और उनकी बेहतरी को वैसे तो केंद्र से लेकर राज्य सरकारों ने कथित 'भगीरथ प्रयास' कर रखे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अलावा राज्य सरकारों के संबंधित विभागों में अधिकारियों-कर्मचारियों की भारी भरकम फौज मजदूरों की सेवा का दंभ भर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मजदूरों लिए विभागीय कृत्य-प्रयास आज भी या तो फाइलों में हैं या जमीनी हकीकत से कोसों दूर।

देश में अधिकांश मजदूर कृषि निर्माण और घरेलू कार्यों में लगे रहते हैं। इन असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों के साथ न तो कोई लिखित अनुबंध होता है, न ही छुट्टी या स्वास्थ्य बीमा की सुविधा ही दी जाती है। मूल कारण यह कि बाजार में श्रम की आपूर्ति मांग से बहुत अधिक है, इसलिए उद्योगों तथा विनिर्माण क्षेत्र में कम वेतन पर भी मजदूर मिल जाते हैं। एक ही काम के लिए जब 'दस हाथ' मिल जाते हैं, तो नियोक्ता की 'पौ बारह' हो जाती है। नतीजतन वह मजदूरों को औने-पौने वेतन या मजदूरी पर कार्य कराता है, उनका शोषण करता है।

भारत में वर्ष 1991 में व्यापक आर्थिक सुधार किए गए। श्रम कानूनों को लचीला बनाया गया। निर्मित नीतियों से नियोक्ताओं को कानूनी पाबंदियों से कुछ छूट मिल गई। परिणामस्वरूप मजदूरों का शोषण बढ़ता ही गया। अधिकांश मजदूरों में तकनीकी कौशल या औपचारिक शिक्षा न के बराबर होती है। उनके उपेक्षित होने का यह भी अहम कारण है। तात्पर्य यह कि समाज को समर्पित मजदूरों को 'समाज' ने ही तिरस्कृत कर रखा है।

मिल मालिकों द्वारा मजदूरों के शोषण आधारित बालीवुड फिल्में पहले खूब बना करती थीं। मजदूरों के संघर्षों तथा गानों को निर्देशक इतनी संवेदनशीलता के साथ दिखाते थे कि हाल में बैठा दर्शक अपने को मजदूर या मजदूरों का हितैषी ही मान बैठता था। यही हाल आज भी है। भारत में मजदूरों की दशा पर महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की कलम खूब चली। उन्होंने मजदूरों के शोषण पर आधारित फिल्म 'मिल मज़दूर' (1934) की पटकथा लिखी, एक छोटी सी भूमिका भी निभाई थी। बताते हैं कि फिल्म का एक डायलाग मजदूरों के हित में इतना असरदार था कि तत्कालीन टेक्सटाइल हब बंबई (अब मुंबई) में श्रमिकों ने मिल मालिकों के खिलाफ जमकर आंदोलन किया था।


एक दौर ऐसा भी था, जब निजी क्षेत्र के मिल मालिकों तथा सरकारी उद्योगों के प्रबंधनों के खिलाफ मजदूर संगठन आक्रोश व्यक्त करते रहते थे। मजदूर संगठनों में शामिल श्रमिकों के साथ जब-जब शोषण की बात सामने आई, तो आंदोलन हुआ। 'जनता जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, हर जोर-जुल्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है, चाहे जो मजबूरी हो, हमारी मांगे पूरी हों, अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जो हम से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा, जैसे जोशीले नारे उद्योगों तथा सरकारी तंत्र के गलियारों में आज भी गूंजते हैं।

असंगठित क्षेत्र का, जीडीपी व रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत मजदूर असंगठित क्षेत्र में लगे हुए हैं। शहरी विकास में तो इनका योगदान अत्यधिक है। आर्थिक सर्वेक्षण-2025 के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में लगभग 50 करोड़ श्रमिक हैं, जो देश के कुल कार्यबल का करीब 90 प्रतिशत है।

फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की बदौलत ही चलते हैं। इसमें ऊबर और ओला ड्राइवर, राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लंबर आदि भी शामिल हैं। कुछ दिन पहले यूपी सरकार ने न्यूनतम मजदूरी की दर तय करते हुए मजदूरों को राहत दी है, लेकिन मजदूरों के लिए अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है। औद्योगिक स्थलों पर उनकी सुविधाओं की दरकार तो है ही, सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा के भी वे हकदार हैं।

हालिया दिनों में केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों के लिए ठोस व तार्किक कार्य किए हैं। श्रम सुधारों को नव स्वरूप दिया है, लेकिन निर्मित गाइडलाइंस तभी प्रासंगिक है, जब उसका लाभ मजदूरों तक सही रूप में प्राप्त हो। चूंकि, असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों की अधिकता है, अतएव उनके हितों के लिए निर्मित नियमों का अपेक्षित क्रियान्वयन जरूरी है। उपेक्षा का शिकार बने मजदूरों के लिए आमजन को भी अपनी सोच बदलनी होगी। देश की समृद्धि के लिए अपना खून-पसीना बहाने वाले मजदूरों को उनका अधिकार व मान देने में हमें कोई हर्ज तो नहीं होना चाहिए।

### आमने सामने



17 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक बन सकता था, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बना दिया। कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन करने के बावजूद महिलाओं को उनका उचित अधिकार नहीं दिया। अब समय बदल रहा है और महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं।

–भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक लागू नहीं किया जाना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जनता को जवाब देने से बच रहे हैं और दिल्ली से तय एजेंडे के अनुसार काम कर रहे हैं।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



## वैश्विक उथल-पुथल से निवेशकों में उलझन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

साल 2026 निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। इसके साथ ही तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सोना-चांदी जैसी कमोडिटी में तेजी और गिरावट ने निवेश को और मुश्किल बना दिया है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी देशों पर निर्भर हैं, इन परिस्थितियों से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक सवाल है- 2026 में पैसा कहां लगाएं?

मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तेल महंगा होता है, तो परिवहन और उत्पादन की लागत भी बढ़ जाती है। इससे महंगाई बढ़ जाती है। महंगाई बढ़ने से निवेश से मिलने वाला असली फायदा (रियल रिटर्न) कम हो जाता है। दूसरी तरफ, सोना और चांदी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले निवेश भी इस समय पूरी तरह स्थिर नहीं हैं।

कभी इनकी कीमतें तेजी से बढ़ती हैं, तो कभी अचानक गिर जाती हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि केवल एक ही जगह निवेश करना आज के समय में सही नहीं है। ऐसी स्थिति में निवेश का सबसे अच्छा तरीका है- विविधता (Diversification), सुरक्षा (Protection) और विकास (Growth)। इसका मतलब है कि आपको अपना पैसा अलग-अलग जगहों पर लगाना चाहिए, ताकि एक जगह नुकसान हो तो दूसरी जगह से फायदा मिल सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो ही इस समय सबसे सुरक्षित और समझदारी भरा विकल्प है।

> साल 2026 निवेशकों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक ही सवाल है– 2026 में पैसा कहां लगाएं?

इक्विटी यानी शेयर बाजार अभी भी लंबी अवधि में पैसा बढ़ाने का सबसे अच्छा माध्यम है, लेकिन 2026 में सही सेक्टर चुनना बहुत जरूरी है। रक्षा (Defence), नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy), बैंकिंग और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। युद्ध की स्थिति में रक्षा कंपनियों की मांग बढ़ती है, जबकि तेल महंगा होने पर नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व बढ़ता है। टेक्नोलॉजी और AI से जुड़ी कंपनियां भविष्य में तेजी से बढ़ सकती हैं।

निवेशकों को अच्छी और मजबूत कंपनियों में धीरे-धीरे SIP के माध्यम से निवेश करना चाहिए, ताकि बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो सके। सोना और चांदी आज भी निवेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पूरी तरह स्थिर नहीं हैं, लेकिन मुश्किल समय में आपके पोर्टफोलियो को सुरक्षा देते हैं। निवेशकों को फिजिकल गोल्ड खरीदने की बजाय Gold ETF या Sovereign Gold Bond जैसे विकल्प चुनने चाहिए।

फिक्स्ड इनकम निवेश जैसे बैंक FD, सरकारी बॉन्ड और डेट म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो को स्थिरता देते हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है, तब ये निवेश नियमित आय और सुरक्षा प्रदान करते हैं। खासकर उन लोगों के लिए यह जरूरी है, जो कम जोखिम लेना चाहते हैं। इसके अलावा, थोड़ा पैसा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेश करना भी अच्छा होता है। इससे आपका जोखिम कम होता है और आपको दूसरे देशों की ग्रोथ का फायदा मिलता है। आप इंटरनेशनल म्यूचुअल फंड या ETF के जरिए यह निवेश कर सकते हैं। कुछ निवेश जैसे REITs और InvITs भी पोर्टफोलियो में शामिल किए जा सकते हैं। ये आपको अलग तरह का रिटर्न देते हैं और निवेश को और संतुलित बनाते हैं, हालांकि इनमें बहुत ज्यादा निवेश नहीं करना चाहिए।

आज के समय में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- लिक्विडिटी यानी जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसा उपलब्ध होना, इसलिए निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का एक हिस्सा लिक्विड फंड या सेविंग इंस्ट्रूमेंट्स में रखना चाहिए, ताकि किसी आपात स्थिति में उन्हें परेशानी न हो। इसके साथ ही, बीमा (Insurance) को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हेल्थ इंश्योरेंस और टर्म इंश्योरेंस आपकी वित्तीय सुरक्षा का आधार होते हैं और अनिश्चित समय में बहुत मददगार साबित होते हैं।

इसके अतिरिक्त, निवेशकों को कर योजना (Tax Planning) पर भी ध्यान देना चाहिए। सही निवेश विकल्प जैसे ELSS, PPF या टैक्स सेविंग बॉन्ड न केवल आपको टैक्स बचाने में मदद करते हैं, बल्कि दीर्घकाल में अच्छा रिटर्न भी प्रदान करते हैं। बदलते आर्थिक माहौल में वित्तीय जागरूकता और सही जानकारी होना उतना ही जरूरी है, जितना निवेश करना। निवेश करते समय सबसे जरूरी चीज है धैर्य और अनुशासन। बाजार ऊपर-नीचे होता रहेगा, लेकिन आपको घबराकर गलत फैसले नहीं लेने चाहिए।

लंबे समय तक निवेश बनाए रखना और समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करना सफलता की कुंजी है। (यह लेख जानकारी के लिए है। निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से सलाह जरूर लें।)

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## परवरिश का असर

महाभारत पर लिखा गया भैरप्पा का बेहद प्रसिद्ध उपन्यास है 'पर्व'। इसमें सारे चमत्कारों को हटाकर महाभारत की कहानी को वास्तविकता के निकट लाकर लिखा गया है।

इसमें कंस के जन्म की कहानी है। कंस राजा उग्रसेन का बेटा था, तो फिर वो राक्षस कैसे हो गया? यहां लेखक ने बच्चे के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए कल्पना की है।



अनुरोध शर्मा
लेखक

उग्रसेन की पत्नी जंगल के सरोवर के निकट शिकार पर जाती थी और वहां उसकी मुलाक़ात द्रोमिल नाम के राक्षस से हो गई। दोनों में संबंध बने। अब तक उग्रसेन की पत्नी जो गर्भवती नहीं हो पाती थी, उस राक्षस के बच्चे की मां बन गई। ये बच्चा हुआ 'कंस' जिसे उग्रसेन ने सब कुछ जानते हुए भी बदनामी के डर से पाला। बाद में उग्रसेन की पत्नी अपने पति उग्रसेन से कई और बच्चों की भी मां बनी, लेकिन राक्षस का बेटा होने की वजह से कंस और बच्चों से कहीं अधिक शक्तिशाली था।

पर क्या सिर्फ़ राक्षस की संतान होने से ही कंस राक्षस हो गया? लेखक का जवाब है, नहीं।

कहानी आगे कहती है कि क्यूंकि उग्रसेन ये जानता था कि कंस उसकी संतान नहीं है, तो उसने कंस को कभी पिता का प्यार दिया ही नहीं। दूसरे बच्चों की तरह कंस भी पिता की गोद में बैठना चाहता था, लेकिन उग्रसेन उसे बैठने न देता। बाकी भाई-बहनों को जो स्नेह मिलता, वो कंस के हिस्से कभी न आया।

कंस के मन में जो पिता के प्रति नफ़रत भरी उसकी वजह पिता ही थे। उनका कंस के प्रति आचरण था। पिता द्वारा दी गई परवरिश थी।

आखिरकार बड़े होकर कंस ने अपने पिता को जेल में डाल दिया और खुद राजा बन बैठा। कंस को राक्षस कहा गया, लेकिन किसी ने इस बात की पड़ताल करने की कोशिश नहीं की कि कंस के राक्षस होने की वजह क्या रही।

परवरिश, माहौल, संगत और विचार बच्चे के कोमल मन पर बहुत असर डालते हैं। आज के माहौल में बच्चे जिस तरह बड़े हो रहे हैं, जिस तरह हम उन्हें बड़ा कर रहे हैं, उसके बाद अगर वो रोबोट बन रहे हैं, तो किसकी गलती है?

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी



## महिला विधेयक जनगणना बाद ही अब होगा लागू

2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिल पाएगी, क्योंकि सरकार ये संशोधन इसलिए ला रही थी, ताकि आरक्षण जल्द से जल्द लागू हो सके। फिलहाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लागू है। इसमें प्रावधान है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर लागू होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना के अंतिम परिणाम 2027 में आएंगे। तब कहीं जाकर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया संभव होगी। इस परिसीमन को लेकर ही संशोधन विधेयक अटक गए हैं, हालांकि सत्ता पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि सीटें बढ़ेंगी, तभी महिलाओं के लिए आरक्षण का सही लाभ मिलेगा और सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। अमित शाह ने इस दलील को विधेयक में दर्ज करने की मंशा भी प्रकट कर दी थी।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र में समा जाएं। विपक्ष को सरकार द्वारा जताया गया कोई भी फार्मूला रास नहीं आया, दरअसल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। अतएव तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो परिसीमन को लेकर दक्षिण में मोर्चाबंदी भी शुरू कर दी थी।

राज्य में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने का एलान तक कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।


इन विधेयकों को अटकाने के लिए विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबेसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे।

लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17% है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल नौ फीसदी है। अब 2027 में 2011 की जनगणना के आंकड़े आने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटें अप्रत्याशित रूप में बढ़ सकती हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अंतस



नेपाल अपनी उत्पत्ति काल से ही देवर्षि, महर्षियों तथा अनेक देव स्थलों का देश रहा है। यहां आज भी अनेक पौराणिक स्थल, सिद्ध संत तथा महात्माओं की जन्मभूमि और कर्मभूमि अभी मौजूद हैं, जहां नेपाल ही नहीं भारत के भी हजारों श्रद्धालु आते रहते हैं। यहां की पवित्र भूमि पर भारत से भी कई साधक संत आए और यहीं के होकर रह गए। ऐसा ही एक पवित्र स्थल स्वर्ग द्वारी है, जिसे प्रभु नाथ धाम के नाम से भी जाना जाता है। प्रभु नाथ धाम नेपाल के सुदूर पश्चिम प्यूठान जिले में ऊंचे पहाड़ पर स्थित है।




यशोदा श्रीवास्तव
लेखक

# प्रभु नाथ धामः जहां पहुंच कर श्रद्धालु होते हैं धन्य


## स्फूर्ति के संचार की अनुभूति

यूं तो यहां सावन मास में श्रद्धालुओं का रेला लगता है, लेकिन हाल के वर्षों से हर महीने यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने लगे हैं। यहां आने के लिए मुख्यतः दो रास्ते हैं। यूपी के बहराइच जिले से होकर नेपाल के बांके से होकर आ सकते हैं। इस रास्ते करीब 150 किमी दूरी तय कर भिंगरी होते हुए प्रभु नाथ धाम तक पहुंचा जा सकता हैं। दूसरा रास्ता सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी नेपाल सीमा पार कर कृष्णा नगर से आना होता है, जहां से बसें, छोटी बसें यहां तक आती हैं। लोग अपने निजी साधनों से भी आते हैं। बसों का किराया प्रति व्यक्ति 500 से 700 रूपए तक है। नेपाल के भालू बांग से पहाड़ के दुर्गम रास्तों से होकर भिंगरी पहुंचना होता है। भिंगरी से प्रभु नाथ धाम तक के करीब 30 किमी तक पहाड़ी मार्ग बहुत ही घुमावदार है, जिसे पूरा कर पाना बेहद कठिन है। इन कठिन मार्ग को पूरा कर श्रद्धालु प्रभु नाथ धाम के निकट वहां तक पहुंचते हैं, जहां से 700 सीढ़ी चढ़ कर इस पवित्र और पूज्यनीय स्थल तक पहुंचना होता है। जाहिर है इतनी विकट और पहाड़ की लंबी यात्रा से थकान और सुस्ती से चूर हो जाना लाजिमी है, लेकिन चमत्कार यह है कि यहां पहुंचते ही गजब की स्फूर्ति के संचार की अनुभूति होती है। प्रभुनाथ आश्रम का वृतांत अनंत है। यहां ऋषि-मुनियों की तपस्या के भी ढेरों उदाहरण हैं। इस पुण्य भूमि का खास महत्व एक चमत्कारिक संत 1008 महा प्रभु हंसानंद महराज से जाना जाता है। यह तपस्वी संत 75 वर्ष पूर्व यहीं ब्रम्हलीन हुए थे। यहीं पर उनकी समाधि है। इस स्थल की बढ़ती महत्ता को देखते हुए स्थानीय नगरपालिका प्रशासन और नेपाल सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम कर रखें हैं। सरकारी अस्पताल, धर्म शाला, गौशाला सब कुछ यहां उपलब्ध है।




## लोकमान्यता

प्रभु हंसानंद के महात्म्य की अनेक कहानियां है। यहां मौजूद पुजारी और आसपास के लोग इसे कहानी नहीं उनका प्रताप मानते हैं। नेपाल ही नहीं भारत के प्रयागराज, हरिद्वार,काशी आदि जगहों तक उनके भक्त विराजमान हैं। प्रभु हंसानंद के विपत्ति में अपने भक्तों की मदद करने के ढेर सारी किंवदंतियां यहां हर जुबान पर हैं। बताते हैं कि सदियों पूर्व किसी ऋषि ने भविष्यवाणी की थी कि सल्यान जिले के रुमटी गांव में गौतमवंश में भगवान का अवतार होगा। उसका कर्म क्षेत्र प्युठान जिले का दुर्गम पहाड़ी होगा। आगे चलकर लोग इसे स्वर्गद्वारी के नाम से जानेंगे और यह एक सिद्धपीठ तीर्थ स्थल होगा। प्रभु हंसानंद महराज का जन्म रुमटी गांव में ही हुआ था। वे यहां आए, वर्षों तक तपस्या की और यहीं ब्रह्मलीन हुए। प्रभु हंसानंद महाराज को लोग अवतारी पुरुष मानते हैं। आगे चलकर उनके द्वारा किए गए शुभ-अशुभ भविष्यवाणियों से भी यह सिद्ध होता है। कुछ वर्ष पूर्व नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप की भविष्यवाणी उन्होंने दशकों पूर्व की थी। यहां के पुजारी बताते हैं कि स्वर्गद्वारी के महाप्रभु हंसानंद महाराज जी यज्ञों के साथ गोपालात्मा बनकर भगवान कृष्ण के समान हजारों गायों को पालने और उन्हें चराने का काम स्वयं करते थे। यहां आश्रम पर आज भी सैकड़ों गायों का पालन होता है। बताते हैं कि यहां आकर सच्चे मन और पवित्र भाव से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। यहां आसपास के लोग बताते हैं कि भाव और श्रद्धा से जो भी स्मरण किया सबके कष्ट अवश्य ही दूर होते हैं।



पौराणिक कथा

# हृदय रूपी मंदिर का रहस्य



एक बार भगवान दुविधा में पड़ गए। कोई भी मनुष्य जब मुसीबत में पड़ता है, तब मेरे पास भागा-भागा आता है। मुझे सिर्फ अपनी परेशानियां बताने लगता है। मेरे पास आकर कभी भी अपने सुख या अपनी संतुष्टि की बात नहीं करता। मेरे से कुछ न कुछ मांगने लगता है।

भगवान ने इस समस्या के निराकरण के लिए देवताओं की बैठक बुलाई और बोले- "हे देवों, मैं मनुष्य की रचना करके कष्ट में पड़ गया हूं। कोई न कोई मनुष्य हर समय शिकायत ही करता रहता है, जबकि मैं उन्हें उसके कर्मानुसार सब कुछ दे रहा हूं। फिर भी थोड़े से कष्ट में ही मेरे पास आ जाता है, जिससे न तो मैं कहीं शांतिपूर्वक रह सकता हूं, न ही शाश्वत स्वरूप में रहकर साधना कर सकता हूं। आप लोग मुझे कृपया ऐसा स्थान बताएं, जहां मनुष्य नाम का प्राणी कदापि न पहुंच सके।"

प्रभु के विचारों का आदर करते हुए देवताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट करने शुरू किए। गणेश जी बोले- "आप हिमालय पर्वत की चोटी पर चले जाएं।" भगवान ने कहा- "यह स्थान तो मनुष्य की पहुंच में हैं।" उसे वहां पहुंचने में अधिक समय नहीं लगेगा। इंद्रदेव ने सलाह दी- "आप किसी महासागर में चले जाएं।" वरुण देव बोले- "आप अंतरिक्ष में चले जाइए।"

भगवान ने कहा- "एक दिन मनुष्य वहां भी अवश्य पहुंच जाएगा।" भगवान निराश होने लगे थे। वह मन ही मन सोचने लगे- "क्या मेरे लिए कोई भी ऐसा गुप्त स्थान नहीं हैं, जहां मैं शांतिपूर्वक रह सकूं"। अंत में सूर्य देव बोले- "प्रभु ! आप ऐसा करें कि मनुष्य के हृदय में बैठ जाएं। मनुष्य अनेक स्थान पर आपको ढूंढने में सदा उलझा रहेगा, क्योंकि मनुष्य बाहर की प्रकृति की तरफ को देखता है। दूसरों की तरफ को देखता है खुद के हृदय के अंदर कभी झांककर नहीं देखता। इसलिए वह यहां आपको कदापि तलाश नहीं करेगा। करोड़ों में कोई एक जो आपको अपने हृदय में तलाश करेगा। वह आपसे शिकायत करने लायक नहीं रहेगा, क्योंकि उसकी बाहरी इच्छा शक्ति खत्म हो चुकी होगी।"

ईश्वर को सूर्य देव की बात पसंद आ गई। उन्होंने ऐसा ही किया और भगवान हमेशा के लिए मनुष्य के हृदय में जाकर बैठ गए। उस दिन से मनुष्य अपना दुख व्यक्त करने के लिए ईश्वर को मंदिर, पर्वत-पहाड़, कंदरा-गुफा ऊपर, नीचे, आकाश, पाताल में ढूंढ रहा है, पर वह मिल नहीं रहें हैं। परंतु मनुष्य कभी भी अपने भीतर ईश्वर को ढूंढने की कोशिश नहीं करता है। इसलिए मनुष्य 'हृदय रूपी मंदिर' में बैठे हुए ईश्वर को नहीं देख पाता और ईश्वर को पाने के चक्कर में दर-दर घूमता है, पर अपने हृदय के दरवाजे को खोलकर नहीं देख पाता। हृदय रूपी मंदिर में बैठे हुए ईश्वर को देखने के लिए मन रूपी द्वार का बंद होना अति आवश्यक है, क्योंकि मन रूपी द्वार संसार की तरफ खुला हुआ है और हृदय रूपी मंदिर की ओर बंद है।

*-सतीश कुमार गर्ग*



# सेहतमंद समाज और धार्मिक संस्थाओं की भूमिका

पृथ्वी का लगभग संपूर्ण मानव समाज किसी-न-किसी धर्म से जुड़ा हुआ है। मनुष्य का स्वास्थ्य, आचरण एवं व्यवहार तथा स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक मान्यताएं कहीं-न-कहीं धार्मिक आस्था पर आधारित हैं। मंदिर, मठ, गुरुद्वारा, मस्जिद, गिरजाघर, आदि जैसे धार्मिक स्थल न केवल व्यक्ति की पूजा के पवित्र स्थान होते हैं, बल्कि वे समुदाय के लोगों की दैनिक दिनचर्या से जुड़े उनके सामाजिक, सार्वजनिक पहलुओं का आधार भी होते हैं। विश्वभर में प्रचलित अनेक धार्मिक संस्थाओं के बीच कुछ-न-कुछ समानता अवश्य देखी जाती है। लोगों का अपने धार्मिक स्थलों के साथ पारंपरिक अथवा औपचारिक तौर पर गहरा जुड़ाव देखा जाता है। लोगों का व्यक्तिगत अथवा समुदाय का सामूहिक स्वास्थ्य और बीमारी से जुड़े आचरण उनकी धार्मिक संस्थाओं की शक्ति से प्रभावित होने के संकेत मिलते हैं।



विगत वर्षों में सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा रोगों से बचने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों और आस्था से जुड़े अनेक समूहों एवं अन्य धार्मिक संस्थाओं के बीच एक सहयोग देखा जाता था। परंतु सरकारों द्वारा, खासकर कोविड-19 जैसे स्वास्थ्य संकट के दौरान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर जैसे पवित्र पूजा स्थलों के माध्यम से न केवल रोगियों, बल्कि समुदाय के सभी पीड़ित व्यक्तियों की आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति करने, आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने, मौत की कगार पर खड़े रोगियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था, ऑक्सीजन सिलेंडरों को उपलब्ध कराने जैसी अनेक गतिविधियों में सहायता प्रदान की गई।

इनके अलावा, स्थानीय रूप से व्याप्त रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए धर्म एवं आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति शुरुआती जागरूकता उत्पन्न करने, रोग की समस्या से जुड़ी अवधारणाएं को दूर करने अथवा उन्हें मिटाने तथा रोग एवं रोगी की पहचान करने में समुदाय के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने में बढ़-चढ़ कर सहायता प्रदान की जाती है। कोविड-19 महामारी के दौरान अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा बेघर, बेरोजगार, पीड़ित-लाचार व्यक्तियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास एवं विकास पोषण की व्यवस्था की गई थी, जो उनकी सेवा समर्पित भावना के अद्वितीय उदाहरण हैं। टीबी और कई प्रकार के अन्य संचारी रोगों की स्थिति में भी धार्मिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समुदाय में व्याप्त कुछ प्रकोपों को रोकने एवं उन पर काबू पाने में सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में धार्मिक संस्थाओं की भूमिका पर कुछ अध्ययन किए गए हैं, परंतु सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए संचालित कार्यक्रमों में पूजा स्थलों की भूमिका की जांच पर प्रामाणिक जानकारी का अभाव रहा है। इन पहलुओं पर जानकारी समुदाय आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ समावेशी स्वास्थ्य सम्मत प्रणालियां विकसित करने में सहायक होगी। इसमें मौजूदा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली समावेशी स्वास्थ्य सेवाएं सम्मिलित हैं। समावेशी स्वास्थ्य एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो गंभीर अभाव और गहरे सामाजिक बहिष्कार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली अत्यधिक स्वास्थ्य असमानताओं को रोकने और उनका समाधान करने के लिए बनाया गया है। यह मूल रूप से अंतः विषयक होता है, जिसमें व्यापक पेशेवर और व्यक्तिगत अनुभव वाले विशेषज्ञों के योगदान की आवश्यकता होती है।



डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
लेखक




विश्व के अधिकांश लोग किसी-न-किसी धर्म के अनुयायी होते हैं। प्रायः लोग नियमित रूप से अथवा विशेष अवसरों पर धार्मिक स्थलों पर एकत्रित होते हैं। ये धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों के माध्यम से समुदाय के लोगों में रोगों पर नियंत्रण रखने के प्रति न केवल जागरूकता पैदा कर सकते हैं, बल्कि विकट स्थितियों में यथासंभव रोगियों और उनके परिजनों को सहायता भी उपलब्ध कराने में सक्षम होते हैं। रोगियों की नकारात्मक मनोदशा को दूर करने, उन्हें भावनात्मक और मानवीय सहायता प्रदान करने, समुदाय के साथ अनुकूल संबंधों को बढ़ावा देने के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास पैदा करने में भी सहायता प्रदान करते हैं। व्यक्तियों में हेल्दी बिहेवियर यानी स्वास्थ्य संवर्धक आदतें विकसित करने, रोगों की व्यापकता फैलने से रोकने के लिए व्यक्तियों को बेहतर जानकारी उपलब्ध कराने, समुदाय के लोगों तथा स्वास्थ्य सुरक्षा प्रणालियों के बीच विश्वासपूर्ण संबंध विकसित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच से दूर सुदूर स्थित समुदायों को भी सहायता प्रदान करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के अधिकारियों को जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करने हेतु प्रेरित करने में भी इन धार्मिक स्थलों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुल मिलाकर ये सारी गतिविधियां समुदाय के लोगों को रोग से संबंधित गंभीर परिस्थितियों से निपटने के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने तथा उनकी क्षमता को बढ़ाने में धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण योगदान होता है।

बोध कथा

## समय और भाग्य

एक सेठ थे, जिनके पास काफी दौलत थी। सेठ जी ने अपनी बेटी की शादी एक बड़े घर में की थी। परंतु बेटी के भाग्य में सुख न होने के कारण, उसका पति जुआरी, शराबी निकल गया, जिससे सब धन समाप्त हो गया। बेटी की यह हालत देखकर सेठानी जी रोज सेठ जी से कहती कि आप दुनिया की मदद करते हो, मगर अपनी बेटी परेशानी में होते हुए उसकी मदद क्यों नहीं करते हो? सेठ जी ले कहा- "जब उनका भाग्य उदय होगा, तो अपने आप सब मदद करने को तैयार हो जाएंगे।" एक दिन सेठ जी घर से बाहर गए थे कि तभी उनका दामाद घर आ गया। सास ने दामाद का आदर-सत्कार किया और बेटी की मदद करने का विचार उसके मन में आया कि क्यों न मोतीचूर के लड्डूओं में अशर्फियां रख दी जाएं।

यह सोचकर सेठानी ने लड्डूओं के बीच में अशर्फियां दबाकर रख दीं और दामाद को टीका लगाकर विदा करते समय पांच किलो शुद्ध देशी घी के लड्डू, जिनमें अशर्फियां थीं, दिए। दामाद लड्डू लेकर घर से चला, दामाद ने सोचा कि इतना वजन कौन लेकर जाए! क्यों न यहीं मिठाई की दुकान पर बेच दिए जाएं। दामाद ने वह लड्डूओं का पैकेट मिठाई वाले को बेच दिया और पैसे जेब में डालकर चला गया। उधर सेठ जी बाहर से आए तो उन्होंने सोचा घर के लिए मिठाई की दुकान से मोतीचूर के लड्डू लेता चलूं और सेठ जी ने दुकानदार से लड्डू मांगे। मिठाई वाले ने वही लड्डूओं का पैकेट सेठ जी को वापिस बेच दिया। सेठ जी लड्डू लेकर घर आए। सेठानी ने जब लड्डूओं का वही पैकेट देखा तो सेठानी ने लड्डू फोड़कर देखे, अशर्फियां देखकर अपना माथा पीट लिया।



सेठानी ने सेठ जी को दामाद के आने से लेकर जाने तक और लड्डूओं में अशर्फियां छिपाने की बात कह डाली। सेठ जी बोले-"भाग्यवान मैंनें पहले ही समझाया था कि अभी उनका भाग्य नहीं जागा। देखा मोहरें न तो दामाद के भाग्य में थी और न ही मिठाई वाले के भाग्य में। इसलिये कहते हैं कि भाग्य से ज्यादा और समय से पहले न किसी को कुछ मिला है और न मीलेगा।" कथा से सीख मिलती है कि ईश्वर जितना दे उसी मैं संतोष करना चाहिए।

*-ऋतु गुप्ता*

# झूठ और मिथ्याचार के जंगलों में मत भटकिए



हमारी अंतरात्मा जिस कार्य को उचित कहती या स्वीकार करती है, उस आचरण को करने वाला ईमानदार कहा जाता है। वास्तव में सदचरित्र का संबंध मानव के गुप्त मन से होता है। सही कार्य करने में हमें अंदर से ही एक गुप्त शांति और संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत आत्मा का हनन कर छल-कपट व गलत तरीके से कार्य करने पर हमारा गुप्त मन हमें अंदर ही अंदर कचोटता रहता है। हमें शांति नहीं मिलती। हमेशा यह गुप्त भय रहता है कि हमारे इस गलत कार्य या चोरी किसी को किसी दिन किसी भी समय पता न चल जाए। हनन की हुई आत्मा ही हमें गलत की ओर जाने देती है और दुष्कर्म कराती है। असत्य या बेईमानी के कार्य द्वारा असत्य कार्य करने, रिश्वत, चोर बाजारी आदि चोरियां करने से धीरे-धीरे हमारी अंतरात्मा मर जाती है। हनन की हुई आत्मा में सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म, उचित-अनुचित का विवेक नहीं रहता।

बहुत से व्यक्ति चोरी करते हुए भी बाहर से संतुष्ट से दिखते हैं, पर बुरे कार्यों की सूक्ष्म रेखाएं अंतश्चेतना के ऊपर अंकित होती रहती हैं और मन पर सदा आघात करती हैं। एक न एक दिन पाप प्रकट होता ही है और करनी का फल भुगतना ही पड़ता है। सही मार्ग के साथ आपको आत्मा की दैवी शक्तियों का भी सहयोग मिलता रहेगा। सच्चे व्यक्ति को कभी किसी गुप्त भेद के प्रकट होने का कोई भय नहीं होता। वह तो खरा है। चाहे किसी कसौटी पर कस लीजिए, सदैव चमकता ही रहेगा। सत, चित, आनंदस्वरूप आत्मा इसीलिए इस धरती पर भेजा गया है कि वह सत्य का अनुसरण करे, असत्य या झूठ के अंधकार से बचा रहे, जो व्यक्ति यह समझता है कि बेईमानी से, लोगों की आंखों में धूल झोंककर बढ़ता रहेगा, वह वास्तव में बड़ी भूल करता है। बेईमानी, चोरी, रिश्वत, छल-कपट तो एक प्रकार की अग्नि है। वह कब छिपती है? उसे चाहे सौ पर्दों में रखा जाए, एक न एक दिन पर्दों को जलाकर प्रकट हो ही जाती है। धोखा या बेईमानी चार दिन ही फलती-फूलती सी दिखती है। वास्तव में वह नीचे की ओर गिरता जाता है। दीपक जब बुझने को होता है, तब तेजी से चमक कर शान्त हो जाता है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

इसी प्रकार इन सबसे क्षणभर के लिए समृद्धि प्रतीत होते है, पर चोरी के प्रकट होते ही वे ऐसे गहरे गड्ढे में गिर पड़ते हैं, जिससे निकलना असंभव सा हो जाता है। वे दीर्घकाल तक असत्य के अंधकार में भटकते रहते हैं। सच्चे और ईमानदार गरीब होकर भी पूजे जाते हैं, झूठे और बेईमान ठगी से अमीर होकर भी तिरस्कृत होते हैं। आप सत्य के यात्री हैं। सत्यस्वरूप आत्मा हैं। झूठ और मिथ्याचार के सुहावने दिखने वाले भयानक जंगलों में मत भटकिए। ध्यान रहे जो पैसा दूसरों को रूलाते हुये हड़प लिया जाता है, वह लेने वाले को नष्ट करके ही विदा होता है। सत्यता और ईमानदारी धर्मात्मा मनुष्य के भूषण हैं। ये ईश्वर की सत्ता के द्योतक हैं। मरते दम तक इन दिव्य गुणों का ह्रास मत होने दीजिएगा। यदि हमारी आजीविका झूठ, अन्याय, छल, कपट से कमाई हुई है, तो उस पर पलने वाली हमारी संतान भी उसका उपयोग करने पर अधिकाधिक अन्याय, झूठ और धूर्तता की ओर बढ़ती जायेगी और हमारी आने वाली पीढ़ी को भी दुखी बना डालेगी। ऐसी कमाई कमाईए, जिससे दुनिया के किसी व्यक्ति के सामने आंखें नीची न करनी पड़ें।

असत्यभाषण, क्रोध, काम इत्यादि दुष्ट मनोविकारों के वशीभूत होकर हम कई गलतियां, बेईमानी, कपट, मिथ्याचार किया करते हैं। ये दोष मन के मन में ही रह जाते हैं। मन ही चोरी से हमें पथभ्रष्ट करता है। मन के ये राक्षस किसी न किसी काने में छिपकर उभर उठने की प्रतीक्षा किया करते है। यदि हम इन्हें मन में छिपाए रहें तो हमें सदा यह भय रहता है कि न जाने ये कब उठकर हमें गिरा देंगे। इसीलिए प्रतिदिन अपना निरीक्षण करते रहना चाहिए।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना–**निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)–** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन–**मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12700

**चीनी –** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** पक्के जेवर 153200, गिन्नी जेवर) 149200, सिल्वर ( पक्की) 2460 (अनुमानित )

# कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा

## अर्थव्यवस्था सुस्तः 5 महीने की बढ़त पर लगा ब्रेक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के 'इंजन' कहे जाने वाले आठ प्रमुख उद्योगों (Core Sector) को तगड़ा झटका लगा है। मार्च महीने में इन उद्योगों के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले साल मार्च में यह 4.5 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.8 प्रतिशत बढ़ा था।

**चार क्षेत्रों में सुस्ती, चार में बढ़तः** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख क्षेत्रों में से आधे (चार क्षेत्रों) में उत्पादन घटा है। सबसे बुरा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा, जिसमें 24.6% की भारी कमी आई है। इसके अलावा कच्चे तेल का उत्पादन 5.7%, कोयला 4% और बिजली उत्पादन 0.5% घटा है। वहीं, प्राकृतिक गैस (6.4%), सीमेंट (4%), इस्पात (2.2%) और रिफाइनरी उत्पादों (0.1%) में मामूली बढ़त दर्ज की गई।



- वित्त वर्ष 2025-26 की कुल वृद्धि घटकर 2.6% रही, कोरोना के बाद का सबसे निचला स्तर

**कोरोना काल के बाद सबसे कमजोर सालः** अक्टूबर 2025 के बाद यह पहली बार है जब कोर सेक्टर का उत्पादन नकारात्मक रहा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो कुल वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही। यह वित्त वर्ष 2020-21 (कोरोना काल) के बाद का सबसे निचला स्तर है, जब 6.4% की गिरावट दर्ज की गई थी। तुलनात्मक रूप से, वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि 4.5 प्रतिशत रही थी।

### एक नजर में आंकड़े

मार्च में किसका कैसा रहा प्रदर्शन

- उर्वरकः –24.6% ↓
- कच्चा तेलः –5.7% ↓
- कोयलाः –4.0% ↓
- बिजलीः –0.5% ↓
- प्राकृतिक गैसः +6.4% ↑
- सीमेंटः +4.0% ↑
- इस्पातः +2.2% ↑
- रिफाइनरी उत्पादः +0.1% ↑

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 सितंबर से, तैयारी शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। तैयारियों को लेकर लोक भवन में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन बड़े पैमाने पर होगा और प्रस्तुतीकरण को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सरकार ने जनसंचार रणनीति मजबूत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मीडिया और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी बढ़े। ट्रेड शो को "ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म" के रूप में विकसित करने पर जोर है, जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल सके। स्टॉल दरें 7,500 से 8,000 रुपये तय की गई हैं। "सीएम युवा" पवेलियन का विस्तार कर स्टार्टअप और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

# पंचायतों को 1000 करोड़ की पहली किस्त जारी

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत अप्रैल माह के लिए 1000 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है।

पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर यह धनराशि जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों के बीच निर्धारित अनुपात में वितरित की जाएगी।

# जायद फसलों की 69.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई

**नई दिल्ली, एजेंसीः** देश में ग्रीष्मकालीन यानी जायद फसलों का रकबा इस साल अब तक हल्की बढ़त के साथ 69.06 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिसमें सबसे अधिक क्षेत्र धान के तहत है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।


जायद फसलें फरवरी से जून महीने के बीच बोई जाती हैं। रबी (सर्दियों) की फसलों की कटाई और खरीफ (मानसून) फसलों की बुवाई के बीच के समय में जायद फसलों की खेती होती है। पिछले साल इसी अवधि में 66.14 लाख हेक्टेयर में जायद फसलों की बुवाई हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 17 अप्रैल तक धान की बुवाई 30.64 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 32.31 लाख हेक्टेयर थी।

# अमेरिका में भारतीय सामान बेचना होगा आसान, सरकार कर रही है खास तैयारी

**नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय अधिकारियों का एक दल इस समय वाशिंगटन में है, जो अमेरिकी बाजार में घरेलू उत्पादों के लिए 'तरजीही बाजार पहुंच' सुनिश्चित करने पर चर्चा करेगा।

गोयल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (Trade Deal) का पहला चरण लगभग तैयार है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिससे हमारे व्यापारियों को अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में ज्यादा लाभ मिले। गौरतलब है कि अमेरिका में हाल ही में शुल्क (टैरिफ) परिदृश्य में आए बदलावों के बाद दोनों देश समझौते की रूपरेखा पर पुनर्विचार कर रहे हैं।



- वाशिंगटन में भारतीय टीम की अहम बैठक: पीयूष गोयल बोले-समझौता अंतिम चरण में

### क्या है मामला?

फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों के खिलाफ वहां के उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 10% शुल्क लगा दिया। पुराने समझौते के तहत अमेरिका भारत पर शुल्क 50% से घटाकर 18% करने और रूसी तेल खरीद के कारण लगे 25% अतिरिक्त शुल्क को हटाने पर सहमत था। अब बदले हुए नियमों के बीच वाशिंगटन में हो रही तीन दिवसीय वार्ता में इन दरों को फिर से तय किया जाएगा।

# राज्यों के पूंजीगत व्यय की रफ्तार होगी धीमी

**मुंबई, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में राज्यों के पूंजीगत व्यय की वृद्धि दर घटकर 8-10 प्रतिशत रह सकती है। यह पिछले वित्त वर्ष की 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले एक बड़ी गिरावट को दर्शाता है।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पूंजीगत व्यय में इस सुस्ती का मुख्य कारण राजस्व व्यय में बढ़ोतरी और राजस्व वृद्धि की धीमी रफ्तार है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि राजस्व घाटाः सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का राजस्व घाटा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 0.8 प्रतिशत था, 2026-27 तक बढ़कर 1.2 प्रतिशत तक पहुँच सकता है। राज्यों की राजस्व प्राप्तियां वित्त वर्ष 2025-26 में 6.2% और 2026-27 में 7.9% बढ़ने का अनुमान है, जो जीएसडीपी की सामान्य वृद्धि दर से भी कम है।

- चेतावनी: बढ़ते राजस्व खर्च और भू-राजनीतिक तनाव से घटेगा बुनियादी ढांचा निवेश

केयरएज रेटिंग्स के सह निदेशक प्रसन्ना कृष्णन ने बताया कि केंद्र से मिलने वाले अनुदान में कमी और वैश्विक चुनौतियों के कारण राज्यों की आय मध्यम रहेगी। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा की बढ़ती कीमतें राज्यों के खजाने पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं, जिससे विकास कार्यों के लिए उपलब्ध धन कम हो सकता है।

कल्याणकारी योजनाओं और निवेश के बीच संतुलन की चुनौती रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक योजनाओं पर निरंतर खर्च, विभिन्न योजनाओं में राज्यों की बढ़ती हिस्सेदारी और वस्तु एवं ईंधन की ऊँची कीमतों के कारण राजस्व व्यय ऊँचा बना रहेगा। ऐसे में राज्यों के सामने जनकल्याणकारी खर्च और बुनियादी ढांचे के निवेश के बीच संतुलन बनाए रखते हुए वित्तीय अनुशासन का पालन करना एक कड़ी चुनौती होगी।

### उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन रहा बेहतर

चुनौतियों के बावजूद, रिपोर्ट में कुछ प्रमुख राज्यों की सराहना की गई है जिन्होंने बुनियादी ढांचा विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। केयरएज ने यह विश्लेषण देश के उन 15 प्रमुख राज्यों के आंकड़ों के आधार पर किया है, जिनकी भारत की कुल जीएसडीपी में 89 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## व्यापार निगरानी रिपोर्ट की चेतावनीः बढ़ सकता है व्यापार घाटा, रुपए पर बढ़ेगा दबाव

# पश्चिम एशिया संकट से भारत की आर्थिक स्थिरता को खतराः नीति आयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता जताई है। सोमवार को जारी 'व्यापार निगरानी' रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र में अस्थिरता के कारण 'चालू खाते का घाटा' बढ़ने और मुद्रा के विनिमय मूल्य पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापारिक और व्यापक आर्थिक स्थिरता को जोखिम हो सकता है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के संकट ने भारत और खाड़ी देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहुंच और व्यापार के विस्तार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारिक समझौते दोनों पक्षों के हितों पर आधारित होते हैं। यदि हम विदेशी बाजारों तक पहुंच चाहते हैं, तो हमें भी अपने बाजार में दूसरों का स्वागत करना चाहिए। उनके अनुसार, आयात ही घरेलू उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। सुमन बेरी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा व्यापार और वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है। पिछले दो दशकों में भारत की छह प्रतिशत की औसत विकास दर इसकी आर्थिक मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण है।




रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को मजबूती देने के लिए पूंजी की लागत कम करने और वित्तीय संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। आयोग ने छोटे उद्यमियों को बिना किसी सुरक्षा के ऋण उपलब्ध कराना, उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजना और ब्याज दर में छूट देने और माल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष धन की व्यवस्था करने के सुझाव दिए हैं।

भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात को वैश्विक स्तर पर और अधिक मूल्यवान बनाने के लिए रिपोर्ट में नीतिगत बदलावों की सिफारिश की गई है। इसके तहत साधारण आभूषणों के स्थान पर 'उच्च मूल्य' वाले निर्यात और विशेष बनावट वाले विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही क्षेत्रीय पहचान वाले (जीआई) उत्पादों और पुरुषों के आभूषणों के बाजार को बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।

### प्रशासनिक सुधारों के लिए सुझाव

व्यापार को सहज बनाने के लिए रिपोर्ट में कुछ प्रशासनिक सुधारों की बात कही गई है। इनमें सीमा शुल्क और व्यापार महानिदेशालय की प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाना। माल के दोबारा आयात या निर्यात की कानूनी जटिलताओं को दूर करना। बेहतर नीतियां बनाने के लिए रत्न एवं आभूषण क्षेत्र से संबंधित सटीक और अलग आंकड़े तैयार करना शामिल है।

# कोलकाता से कुनमिंग के बीच शुरू हुई विमान सेवा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती देते हुए चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने कोलकाता और कुनमिंग के बीच अपनी सीधी उड़ान सेवाएं फिर से शुरू कर दी हैं। सोमवार को एयरलाइंस ने बताया कि 19 अप्रैल को दोनों शहरों के बीच पहली सीधी उड़ान संचालित की गई। कोरोना काल के बाद दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं को धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है। पिछले साल दिल्ली-शंघाई मार्ग के बाद अब कोलकाता-कुनमिंग मार्ग पर सेवाएं शुरू की गई हैं, जो सप्ताह में छह दिन उपलब्ध होंगी।

# रुपया 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसीः** पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक रोकने के लिए द्रमुक-कांग्रेस की आलोचना की

**कोयंबटूर, एजेंसी**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक को रोकने के लिए तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक, कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के सभी दलों पर सोमवार को हमला बोला। विजयवाड़ा से आज दोपहर यहां पहुंचे नायडू अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आये थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में पेश किये गये परिसीमन प्रस्तावों और महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का विरोध करके द्रमुक और उसके सहयोगियों ने राजग को नहीं, बल्कि महिलाओं को हराया है। नायडू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के वास्तविक इरादे से लाया गया था लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस-द्रमुक ने राजनीतिक कारणों से इसे पारित होने से रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस विधेयक को अवरुद्ध कर, कांग्रेस और द्रमुक ने उन महिलाओं के साथ अन्याय किया है जो लंबे समय से समान प्रतिनिधित्व का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने मांग की कि द्रमुक महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने पर अपना रुख स्पष्ट करे और महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण की व्याख्या करे।

राजग गठबंधन की सहयोगी तेदेपा अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में संसदीय सीटें बढ़ जातीं।

# गृहमंत्री जातीय जनगणना पर अपने इरादे स्पस्ट करेंः तेजस्वी

**पटना, एजेंसी**

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया के तहत अपना पंजीकरण सोमवार को पूरा किया और कहा कि गृहमंत्री को यह स्पस्ट करना चाहिए कि वह जातीय जनगणना के विषय पर क्या इरादा रखते हैं।

यादव ने कहा कि जातीय जनगणना पर संसद में अपनी बात कहते समय देश के गृहमंत्री अमित शाह को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वर्ण-व्यवस्था में बँटे भारतीय समाज में जाति के नाम पर मकान ही नहीं बल्कि मोहल्ले टोले, इलाके और संपूर्ण गांव भी होते है। देश के अधिकांश राज्यों में असंख्य गांवों के नाम ही जातिसूचक है।

# संघ प्रमुख त्रिपुरा यात्रा पर पहुंचे

**अगरतला, एजेंसी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भगवत दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को त्रिपुरा पहुंचे। इस दौरान वह मोहनपुर क्षेत्र में एक मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के पश्चिम त्रिपुरा जिले में स्थित एक धार्मिक संगठन चिन्मय मिशन के परिसर में मां सौदर्य चिन्मयी मंदिर स्थित है जो देवी त्रिपुर सुंदरी को समर्पित है।

# बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ

**सैंथिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।

राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं। राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई-भतीजावाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो गुंडे और अपराधी या तो जेल में होंगे या अपने घरों में छिपते फिरेंगे।




पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (बीच में) का भाजपा नेता स्वागत करते हुए।

रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं गुंडों और अपराधियों की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के बांग्ला निजेर मेयेकेई चाय का जिक्र करते हुए कहा कि आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम दुर्गा स्क्वाड बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भय का माहौल है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति "न्याय और मानवता" पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर।

उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी।

बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। उन्होंने दावा किया कि जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी। राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन लंबे समय तक ऐसा नहीं किया। अंततः अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा और तभी जमीन उपलब्ध कराई गई।

राजनाथ ने कहा कि भाजपा घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी और सीमा पर बाड़ लगाने का काम भी पूरा करेगी।

# विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की भागीदारी बढ़ेः सम्राट

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें। चौधरी ने कहा राहुल गांधी केवल अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और राजद नेता लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी को सांसद देखना चाहते हैं।



मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के महिला मोर्चा के आह्वान पर निकाली गई जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में भाग लेने के बाद आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह पदयात्रा महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम, यानी लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के विरोध में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विधेयक नहीं है, यह देश की आधी आबादी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में खराब प्रदर्शन से हम चिंतित नहीं हैं। यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम सीरीज़ के तीसरे मैच में सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे।

–कप्तान हरमनप्रीत कौर


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

### पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 12 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 11 विकेट

# तिलक के तूफानी शतक और अश्वनी के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई ने गुजरात को रौंदा

## आईपीएल-2026 : लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए 99 रनों से जीत दर्ज की



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते तिलक वर्मा। एजेंसी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक के बाद अश्वनी कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में सोमवार को यहां लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया जो मौजूदा सत्र में रनों के लिहाज से किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में टाइटंस की टीम अश्वनी कुमार (24 रन पर चार विकेट), अल्लाह गजनफर (17 रन पर दो विकेट) और मिचेल सेंटनर (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 15.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई और कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी।

टाइटंस की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि उनके अलावा शाहरुख खान (17), कप्तान शुभमन गिल (14) और कागिसो रबाडा (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने 25 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में पांच रन तक ही साई सुदर्शन (00) और जोस बटलर (05) के विकेट गंवा दिए और टीम कभी इस खराब शुरुआत से नहीं उबर पाई। सुदर्शन ने जसप्रीत बुमराह की पारी की पहली गेंद पर प्वाइंट पर कृष भगत को कैच थमाया जबकि बटलर को पंड्या ने पगबाधा किया। वाशिंगटन सुंदर (26) ने पंड्या पर तीन चौकों के साथ शुरुआत की और फिर अश्वनी कुमार पर भी चौका जड़ा। गिल ने बुमराह पर दो चौके मारे लेकिन अश्वनी कुमार की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर नमन को कैच दे बैठे। टाइटंस ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। सुंदर भी इसके बाद मिचेल सेंटनर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर नमन के हाथों लपके गए। एक गेंद बाद ग्लेन फिलिप्स (06) भी सेंटनर को उनकी गेंद पर वापस कैच देकर पवेलियन लौट गए जिससे टाइटंस का स्कोर पांच विकेट पर 55 रन हो गया। शाहरुख और राहुल तेवतिया (08) ने कुछ देर विकेटों के पतन पर विराम लगाया लेकिन तेवतिया इसके बाद अश्वनी की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। अश्वनी ने अगले ओवर में राशिद खान (04) और शाहरुख की पारी का अंत किया जबकि गजनफर ने रबाडा और सिराज (00) को आउट करके मुंबई को जीत दिलाई। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियन्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिस फैसले को रबाडा ने सही साबित करते हुए चौथे ओवर में 25 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों क्विंटन डिकॉक (13) और दानिश मालेवार (02) को पवेलियन भेज दिया।



चौथा विकेट लेने के बाद जश्न मनाते मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अश्वनी कुमार। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस

**199 /5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का एवं बो रबाडा | 13 |
| दानिश मालेवार पगबाधा बो रबाडा | 02 |
| नमन धीर का रबाडा बो प्रसिद्ध | 45 |
| सूर्यकुमार यादव बो रबाडा | 15 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 101 |
| हार्दिक पंड्या का फिलिप्स बो सिराज | 15 |
| शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-10, 2-25, 3-44, 4-96, 5-177, **गेंदबाजी :** सिराज 4-0-25-1, रबाडा 4-0-33-3, अशोक 3-0-38-0, राशिद 4-0-31-0, प्रसिद्ध 4-0-54-1, सुंदर 1-0-13-0

### गुजरात टाइटंस

**100 /10** (15.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का भगत बो बुमराह | 00 |
| शुभमन गिल का नमन बो अश्वनी | 14 |
| जोस बटलर पगबाधा बो पंड्या | 05 |
| वाशिंगटन सुंदर का नमन बो सेंटनर | 26 |
| ग्लेन फिलिप्स का एवं बो सेंटनर | 06 |
| राहुल तेवतिया का डिकॉक बो अश्वनी | 08 |
| शाहरुख खान का नमन बो अश्वनी | 17 |
| राशिद खान का स्थानापन्न बो अश्वनी | 04 |
| कागिसो रबाडा स्टं डिकॉक बो गजनफर | 12 |
| अशोक शर्मा नाबाद | 01 |
| मोहम्मद सिराज पगबाधा बो गजनफर | 00 |

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-0, 2-5, 3-40, 4-54, 5-55, 6-79, 7-85, 8-86, 9-99, **गेंदबाजी :** बुमराह 3-0-15-1, पंड्या 1-0-18-1, भगत 2-0-10-0, अश्वनी 4-0-24-4, गजनफर 2.5-0-17-2, सेंटनर 3-0-16-2

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## हाईलाइट

### गोल्फर हन्ना ग्रीन ने जीती जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप



**लॉस एंजिलिस।** जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में हन्ना ग्रीन ने प्रतियोगिता का खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 17 अंडर 271 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त 51वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में एक बर्डी की लेकिन वह दो बोगी और एक ट्रिपल बोगी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। वर्ष 2017 में लेडीज पीजीए से जुड़ने वाली अदिति को टूर पर अपनी पहली जीत का इंतजार है।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं जॉश इंग्लिस

**लखनऊ।** मुश्किलों से जूझ रही लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए सत्र के बीच में एक बड़ी राहत की खबर है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के तूफानी बल्लेबाज जोश इंग्लिस चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। अपनी शादी की वजह से 31 साल के इंग्लिस ने सत्र के पहले हाफ में नहीं खेलने का फैसला किया था। 18 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधने के बाद इंग्लिस के कुछ समय के ब्रेक के बाद भारत आने की उम्मीद है। उन्हें लखनऊ ने आठ करोड़ 60 लाख रुपये में खरीदा था।

# मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हरा खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाया

**प्रीमियर लीग**

**मैनचेस्टर, एजेंसी**




आर्सेनल टीम को चकमा देकर गोल का प्रयास करता मैनचेस्टर सिटी का खिलाड़ी।

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो उनका लीग में 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए। वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की। सलाह इस सत्र के बाद लिवरपूल छोड़ देंगे।

# घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा हैदराबाद

- दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला आज

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (बाएं से दूसरे) और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल (दाएं से दूसरे)। एजेंसी

### दिल्ली कैपिटल्स में निरंतरता की कमी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी.

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।


**गर्व की बात**

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में अपराजेय हैं भारतीय पहलवान सुजीत कलकल**

# ऐसा नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता : सुजीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं।



सुजीत ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहामैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं। इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा। अभी भी कुछ कमियां हैं और हम उन पर काम कर रहे हैं। अपनी मजबूत रक्षण और तीखे जवाबी हमले करने में माहिर सुजीत ने स्वीकार किया कि अब उनका ध्यान अपने आक्रामक खेल, सहनशक्ति और ताकत में सुधार करने पर है।

### कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में करते अभ्यास

सुजीत अपने कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा हम ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए अधिक वजन वाले पहलवानों तथा गति सुधारने के लिए 57 और 61 किग्रा भार वर्ग के पहलवानों के साथ अभ्यास करते हैं। इससे काफी मदद मिलती है। सुजीत ने कहा कि उनका ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर है क्योंकि दोनों प्रतियोगिताएं काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा एशियाई खेल चार साल में एक बार होते हैं और पिछली विश्व चैंपियनशिप में एक छोटी सी गलती के कारण मैं पदक से चूक गया था।

# विश्व एथलेटिक्स ने भारत को डोपिंग में बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

**मोनाको, एजेंसी**

पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है।

एआईयू के अध्यक्ष डेविड हॉमन ने एक विज्ञप्ति में कहा भारत में डोपिंग की स्थिति लंबे समय से बेहद जोखिम वाली रही है और दुर्भाग्य से घरेलू डोपिंग रोधी कार्यक्रम की गुणवत्ता डोपिंग के जोखिम के अनुपात में बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा एएफआई ने हालांकि भारत में डोपिंग में सुधारों की वकालत की है लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त बदलाव नहीं हुए हैं। एआईयू अब एएफआई के साथ मिलकर एथलेटिक्स खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए सुधार करने की दिशा में काम करेगा जैसा कि हमने श्रेणी ए में शामिल अन्य देशों के साथ किया है। भारत 2022 और 2025 के बीच एथलेटिक्स में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघनों (एडीआरवी) के मामले में शीर्ष दो देशों में शामिल रहा है। एआईयू के अनुसार भारत में 2022 में 48 एडीआरवी (दूसरा स्थान), 2023 में 63 (दूसरा स्थान), 2024 में 71 (पहला स्थान) और 2025 में 30 एडीआरवी (पहला स्थान) दर्ज किए गए।



विश्व एथलेटिक्स डोपिंगरोधी नियमों के तहत एआईयू बोर्ड सभी सदस्य संघों को खेल में डोपिंग के जोखिम के आधार पर वर्गीकृत करता है। श्रेणी ए में उन सदस्य देश को रखा जाता है जहां डोपिंग का जोखिम सर्वाधिक होता है। इन देशों के प्रति डोपिंग के मामले में अधिक कड़ा रवैया अपनाया जाता है।